दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | खेल/मनोरंजन/बिजनेस 9 | राजनीतिक सरगर्मी

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 24 जुलाई 2023, कृष्ण पक्ष षष्ठी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-9 अंक- 115 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

मणिपुर की घटना तो हैवानियत का बस एक हालिया उदाहरण है जिसे लेकर राजनीतिक मगरमच्छों ने आंसु बहाकर बाढ़ ला दी है। सच तो यह है कि मणिपुर हो या बंगाल या बिहार या राजस्थान या नई दिल्ली। देश के किसी भी राज्य में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। हर जगह हैवानों के हौसले बुलंद है क्योकि उनके दिल में कानून का खौफ नहीं है। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध को मद्देनजर रखते हुए कड़े कानून की सख्त जरूरत शिद्दत से महसूस की जा रही है लेकिन इस दिशा में कारगर कदम उठाने की जगह सिर्फ ओछी राजनीति की जा रही है।

ऑनलाइन सट्टा

दांव लगे 58 करोड़ और जीता सिर्फ 5 करोड़ रुपए

गोंदिया (ए.)। महाराष्ट्र के गोंदिया में एक बिजनेसमैन से ऑनलाइन सट्टे में 58 करोड़ की ठगी हो गई। मामले में पुलिस ने शनिवार (22 जुलाई) को आरोपी के घर छापा मारा तो वहां से 17 करोड़ कैश, 14 KG गोल्ड और 200 KG चांदी बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि अनंत जैन नाम के एक क्रिकेट बुकी ने एक ऑनलाइन गैंबलिंग प्लेटफॉर्म बनाया था। इस प्लेटफॉर्म के जरिए ही उसने ठगी को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि छापे से एक दिन पहले ही वह दुबई भाग गया।

8 लाख रुपए से की ऑनलाइन जुए की शुरुआत- नागपुर पुलिस कमिश्नर ने बताया कि आरोपी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अमित शाह दिल्ली रवाना : देर रात तक पार्टी नेताओं से वन टू वन के बाद सुबह जाने से पहले सब से मिले

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार देर रात ढाई घंटे तक बीजेपी नेताओं के साथ बैठक की। सभी बड़े पार्टी नेता और प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों से सवाल-जवाब भी किया। रविवार को सुबह रवानगी से पहले मिडिया और कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आज सुबह कई वर्ग के लोगों ने शाह से मुलाकात की। 12 जातियों को जनजाति में शामिल करने और सहारा इंडिया परिवार का पैसा लौटाने पर लोगों ने गृहमंत्री का धन्यवाद किया। यहां 15 मिनट रुकने के बाद वे रवाना हो गए।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने शाह की मौजूदगी में राज्य के हर जिले में दो सहारा सहायता केंद्र शुरू करने की घोषणा की है। उनके मुताबिक ये केंद्र सहारा पीड़ितों को उनकी राशि दिलाने में मदद करेंगे।

12 जनजाति समाज और सहारा के निवेशकों ने किया स्वागतः जनजाति समाज, अनुसूचित जाति समाज ,सहारा इंडिया के निवेशकों ने किया मा.गृह व सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हाई कोर्ट का फैसला

दूसरी पत्नी नहीं कर सकती पति के खिलाफ क्रूरता की शिकायत

नई दिल्ली (ए.)। कर्नाटक हाई कोर्ट ने अपने एक फैसले में साफतौर पर कहा है कि दूसरी पत्नी अपने पति के खिलाफ क्रूरता की शिकायत नहीं कर सकती है। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए (शादीशुदा महिला के खिलाफ क्रूरता) के तहत 46 वर्षीय एक व्यक्ति की सजा को रद्द कर दिया है क्योंकि क्रूरता की शिकायत याचिकाकर्ता की 'दूसरी पत्नी' ने की थी। हाई कोर्ट ने कहा कि क्रूरता की शिकायत दूसरी पत्नी ने की है जो मामले को 'अमान्य और शून्य' बना देता है। जस्टिस एस रचैया की एकल पीठ ने अपने फैसले में कहा, एक बार जब पीडब्लू.1 (शिकायतकर्ता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

युवाओं से सीएम ने लिया फीडबैक मंच से ही एलान, फ्री बस पास देंगे

- भेंट मुलाकात में संभाग के पांचों जिलों से आए युवा, छात्र-छात्राएं व मितान क्लब सदस्य
- शिक्षा का स्तर और आगे बढ़ाने के साथ ही बसों में युवाओं को फ्री पास के लिए सीएम तैयार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर स्थित बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में युवाओं के साथ भेंट मुलाकात किया। इस कड़ी में ने छात्रों बात की और शिक्षा स्ठर और आगे बढ़ाने के लिए बच्चों से सुझाव लिया।मुख्यमंत्री ने इस दौरान संभाग के पांचों जिलों से आए युवाओं, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं, मितान क्लब के सदस्यों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहें प्रतिभागियों सहित अन्य सभी युवाओं से बातचीत संवाद किया।

इंजीनियरिंग की छात्रा शगुन श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री से पूछा कि आपकी सरकार युवाओं को राजनीति में लाने के लिए क्या प्रयास कर रही है? मुख्यमंत्री ने कहा कि हम खुद चाहते हैं कि प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा युवा राजनीति में आए। मुख्यमंत्री ने युवाओं को राजनीति में आने का आह्वान किया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

युवाओं से शासकीय योजनाओं का लिया फीडबैक

इसके पहले मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेश के सभी शहरी और ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं और शासकीय योजनाओं के लिए लोगों का फीडबैक भी जाना था। अब सभी संभाग मुख्यालयों में समय-समय पर होने वाले युवाओं से भेंट-मुलाकात के इस कार्यक्रम में बघेल छत्तीसगढ़ के विकास के मुद्दों, युवाओं के लिए संचालित योजनाओं, उनकी उपलब्धियों और आकांक्षाओं पर बात करेंगे।

अपन कका और दाऊ से भेंट करने वक्त से पहले पहुंचे युवा

भूपेस कका अउ अपन दाऊ से भेंट करने इंडोर स्टेडियम में वक्त से पहले ही युवा शक्ति अपने दुलरवा कका और दाऊ का रास्ता देख रही थी। दो घंटे का कार्यक्रम कब एक्स्ट्रा टाइम का बन गया पता नहीं चला। युवाओं ने ही नहीं ष्टरूभूपेश बघेल भी सब से मिलने, उनका सुझाव सुनने उत्साहित दिखे। बारिश चिंता किये बिना स्कूल, कॉलेज, मितान क्लब के सदस्य और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों में जूता युवा वर्ग बड़ी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किराए का मकान लेकर रहेंगे गृहमंत्री: सिंहदेव

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ के लगतार दौरे को लेकर उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि अमित शाह अब यहां किराए का मकान लेकर रहेंगे। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस मजबूत स्थिति में है। कांग्रेस को चुनौती देना है तो हर तरह का प्रयास करना पड़ेगा। कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश में काम की बदौलत लोगों का विश्वास हासिल किया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक माह में तीसरी बार छत्तीसगढ़ के रायपुर दौरे पर आए हैं। अमित शाह के लगातार छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर अंबिकापुर पहुंचे उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि अमित शाह भाजपा के प्रमुख नेता हैं। छत्तीसगढ़ में यह माना जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी सुदृढ़ स्थिति में है। कांग्रेस को चुनौती देने के लिए उनको हर प्रयास करना पड़ेगा। बाहर से आकर काम करना पड़ रहा है, इसका मतलब यह है कि वे स्वयं आंक रहे हैं कि उनकी स्थिति कमजोर है।

सिंहदेव ने कहा कि सर्वे का, मीडिया का आंकलन है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने अच्छा काम किया है। कुछ काम नहीं हो पाते, लेकिन जो काम हुए हैं, उससे हमें विश्वास है कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सरकार को फर्क नहीं पड़ता

वहीं छत्तीसगढ़ में चल रही ईडी की कार्रवाई को लेकर सिंहदेव ने कहा कि, इससे सरकार को फर्क नहीं पड़ता। सरकार पर बात नहीं आ रही है। व्यक्तिगत तौर पर जिनके ऊपर आक्षेप लग रहे हैं, उनकी बात आ रही है। ईडी लगातार सत्ता के विरोध में रहने वाले दलों पर कार्यवाही कर रही है, उस पर प्रश्न उठ रहे हैं। जो गलत हों, उन पर कार्यवाही हो। सिंहदेव ने कहा कि, ईडी के डायरेक्टर के एक्सटेंशन पर भी सवाल उठ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी ईडी के प्रमुख के एक्सटेंशन को अनुचित करार दिया है। महाराष्ट्र में अजीत पवार के खिलाफ ईडी जांच की बात चल रही थी। अब वह महाराष्ट्र में भाजपा के गठबंधन वाली सरकार में उप मुख्यमंत्री बन गए हैं तो उनकी जांच अब नहीं हो रही है। इन बातों पर सवाल उठता है कि ईडी की कार्यवाही गैर भाजपा शासित राज्यों में ही क्यों हो रही है।

रायगढ़ में फिर शुरू हुआ रेस्क्यू 81 लोग अब भी हैं लापता

मुंबई (ए.)। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और अन्य एजेंसियों ने महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के इरशालवाड़ी गांव में हुए भूस्खलन के बाद रविवार को चौथे दिन खोज और बचाव अभियान फिर से शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि इस भूस्खलन में कम से कम 27 लोगों की मौत हो चुकी है। एनडीआरएफ के एक अधिकारी के अनुसार, रविवार सुबह खोज और बचाव अभियान बहाल होने के बाद अभी तक कोई शव बरामद नहीं किया गया है। मुंबई से लगभग 80 किलोमीटर दूर तटीय रायगढ़ जिले की खालापुर तहसील में एक पहाड़ी पर स्थित आदिवासी गांव में बुधवार रात ■ शेष पृष्ठ 6 पर

फिर से शुरू किया गया बचाव अभियान

अंधेरे और खराब मौसम के कारण शनिवार रात को खोज और बचाव अभियान बंद कर दिया गया था। रविवार सुबह इसे फिर से शुरू किया गया। बचाव अभियान में मशीनों का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है, क्योंकि गांव तक जाने के लिए कोई पक्की सड़क नहीं होने के कारण वहां मिट्टी की खुदाई करने वाले यंत्रों को ले जाना आसान नहीं है. अधिकारियों ने बताया कि अभी तक बरामद हुए 27 शवों में से 12 शव महिलाओं, 10 पुरुषों और चार बच्चों के हैं, जबकि एक व्यक्ति की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है।

योगी सरकार के मंत्री की सलाह, गमले में उगाएं टमाटर

लखनऊ (ए.)। देशभर में टमाटर समेत अन्य सब्जियों की कीमत आसमान छू रही है. लगातार बढ़ती महंगाई ने आम लोगों का बजट बिगाड़ रखा है। बढ़ती महंगाई को लेकर बीजेपीपर विपक्षी दलों ने जमकर जुबानी हमला बोला है। वहीं उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में मंत्री प्रतिभा शुक्ला से जब टमाटर की कीमत को लेकर सवाल हुआ तो उन्होंने अजीबोगरीब जवाब दिया। प्रतिभा शुक्ला ने कहा, पहली बात तो हम ये कहेंगे कि टमाटर गमले में उगा लीजिए। बहुत सारी चीजें महंगी है तो खाना छोड़ दीजिए अपने आप सस्ती हो जाएगी। हमारे यहां एक पोषण वाटिका बनाई गई है, पूरे गांव की महिलाएं अपने गांव में जहां कुड़े इक्ठ्ठा करते हैं वहां कुड़ा इक्ठ्ठा नहीं करके पोषण वाटिका का रूप दिया है.

आईपीएस अमित अब सीबीआई की एंटी करप्शन विंग में

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस अधिकारी अमित कुमार का तबादला अब सीबीआई की एंटी करप्शन विंग में कर दिया गया है। आईपीएस अधिकारी अमित कुमार 1998 बैच के अधिकारी हैं। 2011 से वे डेपुटेशन पर सीबीआई में हैं, वहीं 2019 में उन्हें संयुक्त निदेशक का पदभार दिया गया था। अमित कुमार चर्चित चारा घोटाले की जांच भी कर चुके हैं। बता दें कि साल 2008-2009 में आइपीएस अमित कुमार रायपुर एसपी भी रहे हैं।

अकाली दल व एसओआई का जिला अध्यक्ष हेरोइन के साथ गिरफ्तार

चंडीगढ़ (ए.)। पंजाब अकाली नेता और स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया के अमृतसर जिला अध्यक्ष को सीआईए स्टाफ ने अमृतसर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 110 ग्राम हेरोइन बरामद करने का दावा किया है. उसे आज अदालत में पेश किया जाएगा और आगे की पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जाएगा। काउंटर इंटेलिजेंस अमृतसर के प्रभारी अमनदीप सिंह ने बताया कि उनकी ओर से 21 जुलाई को दर्ज मामले में तेजवीर सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

मामले में 100 ग्राम हेरोइन, एक कार और 3 लाख रुपये की ड्रग मनी पहले ही जब्त की जा चुकी है। इस मामले में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले गुरजीत सिंह को गिरफ्तार किया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोहन भागवत का विपक्ष पर तंज

कुछ लोग कुछ नहीं करते, इसलिए सब ठीक चल रहा वरना दिक्कत होगी

मुबंई(ए.)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार (23 जुलाई) को विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग कुछ नहीं करते इसलिए सब सुचारू रूप से चल रहा है, अगर कुछ करेंगे तो दिक्कत होगी. हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। भागवत ने यह भी कहा कि देश में अब जो अच्छी चीजें हो रही हैं, उन पर बुरी चीजों के मुकाबले कम से कम 40 गुना ज्यादा चर्चा की जा रही है। उन्होंने उत्तरी मुंबई के कांदिवली उपनगर में सुवर्णा अस्पताल का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बातें कहीं। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि देश के जिम्मेदार लोगों के काम के कारण देश का उत्कर्ष हो रहा है।

क्या बोले मोहन भागवतः भागवत ने कहा, कई बार नकारात्मक चर्चा सुनने को मिलती है, लेकिन जब हम देशभर में जाते हैं और देखते हैं तो हमें पता चलता है कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पंजाब : सीएम - राज्यपाल में खींचतान

- मान बोले- कच्ची गोलियां नहीं खेली हैं मैंने

चडीगढ़ (ए.)। पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान और गर्वनर बनवारी लाल पुरोहित के बीच खींचतान बढ़ती जा रही है। गवर्नर द्वारा विधानसभा सत्र को लेकर उठाए गए सवाल को लेकर सीएम मान ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात है राज्यपाल उनपर सवाल उठा रहे है। जबकि उन्होंने राजनीतिक माहिरों से सलाह लेकर ही विधानसभा सत्र बुलाया था। सीएम मान ने कहा कि हम कोई कच्ची गोलियां तो खेल नहीं रहे। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार भी नहीं है कैप्टन अमरिंदर सिंह के समय भी ऐसा हो चुका है। वहीं मीडिया से बातचीत सीएम भगवंत मान से जब पूछा गया कि लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी दलों ने जो गठबंधन किया है उसमें आप और कांग्रेस के गठबंधन को लेकर पंजाब कांग्रेस कह रही है वो आप के साथ नहीं है, क्योंकि वो पंजाब में मुख्य विपक्षी दल है।

गरमा-गरम

मास्टर प्लान

बीजेपी में सपा और आरएलडी के कई नेता शामिल

लोकसभा चुनाव से पहले दूसरे दलों के बड़े नेताओं को रिझाने की कवायद

नई दिल्ली (ए.)। देश में होने वाले अगले आम चुनाव में ज्यादा वक्त नहीं बचा है. जिसे देखते हुए सभी मुख्य पार्टियां अपनी-अपनी तैयारियों में जुटी हुई हैं. विपक्षी दलों ने जहां महागठबंधन कर लिया है तो बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए का कुनबा भी बढ़ता जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी का मास्टर प्लान है कि हर महीने दूसरे दलों के नेताओं को पार्टी ज्वाइन कराई जाए।

सपा विधायक दारा सिंह चौहान बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। सुभासपा अध्यक्ष ओपी राजभर और एलजेपी के चिराग पासवान भी अब बीजेपी के साथ हैं। इसके अलावा 24 जुलाई को सपा और आएलडी के कई नेता पार्टी में शामिल होंगे। सूत्रों का कहना है कि आरएलडी नेता व पूर्व सांसद राजपाल सैनी बीजेपी में शामिल हो सकते हैं. इनके अलावा पूर्व मंत्री साहब सिंह सैनी भी बीजेपी में आ सकते हैं. सपा नेता जगदीश सोनकर, सपा नेता सुषमा पटेल, गुलाब सरोज और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इंडिया को एआईयूडीएफ का समर्थन

बदरुद्दीन अजमल के नेतृत्व वाली आल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने 2024 के चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया है। एआईडीयूएफ ने कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों का बनाया हुआ इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस 300 से ज्यादा सीटें जीतेगा। एआईडीयूएफ का ये बयान रविवार (23 जुलाई) को आया है। असम से एआईयूडीएफ विधायक और पार्टी के जनरल सेक्रेटरी अमीनुल इस्लाम ने एएनआई को बताया कि इंडिया सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी को केंद्र की सत्ता से उखाड़ फेंका। इसके एक दिन पहले शनिवार को एआईयूडीएफ ने विपक्षी दलों के गठबंधन को समर्थन की घोषणा की थी।

फारुक ने पीएम को दी सलाह

मणिपुर में जारी हिंसा को 3 महीने हो चुके हैं। हाल ही में मणिपुर में कुछ लोगों के एक समूह द्वारा दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर धान के खेत में घुमाया गया. इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया. इस मुद्दे पर राजनीति भी हो रही है, विपक्षी पार्टियां केंद्र और राज्य सरकार पर लगातार हमलावर है. इसी बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारुक अब्दुल्ला ने मोदी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर कुर्सी के लिए नफरत फैलाने का आरोप लगाया है।

संपादकीय

सवाल महिला सुरक्षा का

मणिपुर की घटना ने एक बार फिर महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर दिया है। मणिपुर में महिलाओं के साथ जो हैवानियत हुई उसे लेकर पूरे देश में रोष व्याप्त है। देश की राजधानी नई दिल्ली के जतंर मंतर पर मणिपर की घटना को लेकर महिलाओं ने प्रदर्शन शुरू कर दिया है। देशभर से यह मांग उठ रही है कि मणिपुर के हैवानों को जल्द से जल्द और कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। अब तक इस मामले में छह लोगों की गिरफ्तारी की गई है। जबकि भी सैकड़ों लोग अभी तक फरार है। इस घटना को लेकर संसद में विपक्ष ने हंगामा किया है। जिसके चलते दो दिनों तक संसद की कार्यवाई बाधित हुई। उम्मीद की जा रही है। सोमवार को जब संसद शुरू होगी तो मणिपुर के मामले पर सार्थक चर्चा होगी और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा महिलाओं प्रति बढ़ते अपराध को रोकने के लिए कड़े कानूनी प्रावधान करने पर सर्वसम्मति बनेगी। मणिपुर की घटना तो मात्र एक ताजा उदाहरण है। हकिकत तो यह है कि कश्मीर, बंगाल, केरल, राजस्थान और नई दिल्ली सहित देश के अधिकांश राज्यों में महिलाएं लगातार अन्याय, अत्याचार और शोषण का शिकार हो रही है। स्थिति यह है कि भारत में जहां नारियों को देवी मानकर उनकी पूजा करने की प्राचीन परंपरा रही है उस देश में हर एक मिनट पर एक महिला अपराध का शिकार होती है। महिलाएं आज न सिर्फ बाहर बल्कि घर में भी खुद को असुरक्षित महसूस करने लगी है। महिलाओं के मन में घर कर गई इस असुरक्षा की भावना को दूर करने के लिए देश में समय-समय पर कानून भी बने और 21 जनवारी 1990 को राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम के तहत राष्ट्रीय महिला आयोग का गठन भी किया गया और देश के सभी राज्यों में भी महिला आयोग बना। जिस पर महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा की जिम्मेदारी डाली गई है और महिला आयोग अपनी इस जिम्मेदारी का निर्वहन भी कर रहा है। इसके बावजूद महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही है और ना ही उन पर होने वाले अत्याचार कम हो रहे हैं। दिसंबर 2016 में देश की राजधानी नई दिल्ली के बहुचर्चित निर्भया कांड के बाद तात्कालीन केन्द्र सरकार ने यौन शोषण से जुड़े कानूनों को और कड़ा किया था। इसके पूर्व 2012 में पास्को एक्ट भी बना था। जिसके तहत नाबालिग बच्चियों के साथ अपराध के मामले में और कड़ी सजा का प्रावधान किया गया था। इन तमाम कोशिशों के बाद भी हैवानों के हौसले बुलंद है। उनमें कानून का खौफ ही नहीं है। इसलिए यह आवश्यक हो गया है कि महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को केन्द्र सरकार गंभीरता से ले कानून और व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है यह मानकर केन्द्र सरकार अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। केन्द्र सरकार को चाहिए कि वह महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार को मद्देनजर रखकर और कड़े कानून बनाने पर विचार करें और सभी पार्टियों को विश्वास में लेकर इसका मसौदा तैयार करें। जब तक इस बारे में और कड़े कानून नहीं बनेंगे और उसे सक्ती से लागू नहीं किया जाएगा तब तक महिलाओं की सुरक्षा पर सावालियां निशान लगते रहेंगे।

एनडीए बनाम इंडिया होगा आम चुनाव

आशीष वशिष्ठ

चंद्रयान-3 भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के कई वर्षों के शोध का नतीजा है। चंद्रयान-3 को भेजकर भारत अपनी अंतरिक्ष अन्वेषण यात्रा के एक महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर चुका है। यह देश के वैज्ञानिकों की निरंतर मेहनत का परिणाम है। देश सेवक लिखता है, भारत ने अपना अंतरिक्ष कार्यक्रम अपेक्षाकृत देर से शुरू किया। अमेरिका, पूर्व सोवियत संघ (रूस), चीन और जापान इस क्षेत्र में आगे निकल चुके थे, लेकिन भारतीय वैज्ञानिकों की प्रतिभा और सरकारी नीतियों से भारत जल्द ही इन देशों के लगभग बराबर हो गया है। सच कहूं लिखता है, भारत अंतरिक्ष विज्ञान में एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। हमारे वैज्ञानिकों ने सबसे कम लागत में अंतरिक्ष की दुनिया में उत्कृष्टता का झंडा फहराया है। हम चंद्रमा को जीतने के लिए निकले हैं। उम्मीद है कि देश का यह मिशन सफल होगा और अंतरिक्ष युग में भारत का नाम सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा।

अगले साल लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सत्ता पक्ष और विपक्ष की बढ़ती मोर्चेबंदी और आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से चंद्रयान-3 की लॉन्चिग पर इस हफ्ते पंजाबी अखबारों ने अपनी राय बड़ी प्रमुखता से रखी है। सत्ता पक्ष और विपक्ष की लामबंदी और राजनीति पर जालंधर से प्रकाशित जगबाणी लिखता है, एक ओर जहां भाजपा विरोधी दल 2024 के लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा नीत एनडीए को चुनौती देने के लिए एकजुट होने की कवायद में जुट गए हैं, तो दूसरी ओर भाजपा ने भी एनडीए को और मजबूत करने तथा उसका दायरा बढ़ाने की कोशिश कर रही है। भाजपा विरोधी दलों की 23 जून को पटना में पहली बैठक के बाद 17-18 जुलाई को बेंगलुरु में दूसरी बैठक हुई। बैठक में जहां भाजपा के विरुद्ध 26 दलों के नेताओं ने 'हम एक हैं' का संदेश देने की कोशिश की, वहीं नए गठबंधन का नाम 'इंडिया' (इंडिया नैशनल डिवैल्पमैंटल इन्क्लूसिव एलायंस) रखा गया है। विरोधी दलों की बैठक के जवाब में 18 जुलाई को ही एनडीए के घटक दलों की बैठक हुई। इसे भाजपा के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। इस बैठक में 38 दलों के शामिल होने का दावा किया गया है। अखबार आगे लिखता है, भाजपा नीत एनडीए तथा भाजपा विरोधी दलों की बैठकें दोनों ही देश की राजनीति में एक बड़े बदलाव का संकेत दे रही हैं। इससे एनडीए तथा 'इंडिया' दोनों ही मजबूत होकर निकलेंगे।

चंडीगढ़ से प्रकाशित पंजाबी ट्रिब्यून लिखता है, विपक्ष की बैठक से पहले, आम आदमी पार्टी की तरफ नरमी दिखाते हुए कांग्रेस ने दिल्ली सरकार की शक्तियों को सीमित करने वाले केंद्र सरकार के अध्यादेश का विरोध करने की घोषणा की थी। इस पहल से गठबंधन में यह भावना पनपी है कि राज्यों में आपसी विरोध के बावजूद ये पार्टियां वैचारिक तौर पर करीब आने की कोशिश करेंगी। गठबंधन की अगली बैठक मुंबई में होगी जिसमें संयोजक का नाम तय होगा। अखबार आगे लिखता है कि, जहां विपक्षी दलों को अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए गठबंधन जरूरी है, वहीं बीजेपी 2024 में सफलता सुनिश्चित करने और सत्ता में आने के लिए गठबंधन कर रही है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में हार से बीजेपी चिंतित है। इसलिए बीजेपी अपने सहयोगी दलों को फिर से एकजुट करके उनका विश्वास जीतने की कोशिश कर रही है। विपक्ष की राजनीति पर अखबार लिखता है, मुख्य सवाल यह है

कि क्या विपक्ष लोकसभा चुनाव आम सहमति से लड़ेगा या फिर केवल सीटों के बंटवारे के लिए सहमति बनेगी। स्थिति जो भी हो लेकिन यह तय है कि 2024 के लोकसभा चुनाव की चाल, आचरण और नतीजे 2019 के चुनाव से अलग होंगे।पंजाबी जागरण लिखता है, हालिया राजनीतिक गतिविधियों का मतलब है कि अगले साल होने वाले आम चुनावों के लिए गंभीर तैयारी शुरू हो गई है। इस बार कांग्रेस पार्टी अनोखे अंदाज में आगे बढ़ती दिख रही है। दूसरी ओर, एनडीए में बीजेपी के पुराने साथी फिर से उसमें लौटने लगे हैं। इसका मतलब यह है कि जब तक आम संसदीय चुनाव होंगे, तब तक देश में नए समीकरण बनने के साथ एक नया राजनीतिक परिदृश्य देखने को मिलेगा। देश में गठबंधन की राजनीति की पुरानी परंपरा रही है। अगले साल होने वाले आम चुनाव को सत्तारूढ़ एनडीए और विपक्षी दलों के लिए बड़ी चुनौती माना जा रहा है।

अज दी आवाज लिखता है, जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव और कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव करीब आ रहे हैं, सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के सभी बड़े और छोटे नेताओं की सांसें सूखती जा रही हैं। कारण यह है कि उन्होंने आज तक देश की जनता के लिए कुछ नहीं किया। चाहे कांग्रेस हो या भाजपा, राष्ट्रीय दल हों या क्षेत्रीय दल, सभी ने जन कल्याण के नाम पर अपने-अपने परिवार का कल्याण किया है। आम जनता गरीबी के दलदल में और धंस गई है, और नेताओं के परिवारों की खुशहाली सिर चढ़कर बोल रही है। सोशल मीडिया और जागरूकता बढ़ाने के अन्य माध्यमों के उपयोग में वृद्धि के साथ, देशवासी राजनीतिक दलों के कथित विकास और समृद्धि के एजेंडे को समझने लगे हैं। इसीलिए लोग चुनाव में इन सबका सामना करने से बचने की नीति अपनाते दिख रहे हैं। लोगों के इस रुझान को देखकर अब कांग्रेस और बीजेपी दोनों चिंतित हैं अगर लोगों का गुस्सा इसी तरह बढ़ता रहा तो निकट भविष्य में उनका राजनीतिक सफाया तय है। इसीलिए जनता को एक बार फिर बेवकूफबनाने के लिए कांग्रेस और बीजेपी दोनों क्षेत्रीय पार्टियों को अपना पिछलग्गू बनाकर अपने राज्यों की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही हैं। चंडीगढ़ से प्रकाशित देशसेवक लिखता है विरोधियों की पटना बैठक के बाद भारतीय जनता पार्टी को अपने एनडीए की याद आई और उसने अपनी बैठक को प्रभावी बनाने के लिए विशेष प्रयास किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए के घटक दलों के नेताओं का विशेष स्वागत किया। इस मीटिंग के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वह बयान खूब वायरल हुआ जिसमें वह कहते दिखाई देते हैं कि वह अकेले ही सभी विरोधियों पर भारी हैं।

रोजाना स्पोक्समैन लिखता है, विपक्ष के नेताओं ने ईडी से बचने के लिए पार्टी बदलने के बजाय अपनी प्रतिद्वंद्विता को ही अपनी ताकत बना लिया है। प्रधानमंत्री मोदी के 'इंडिया; गठबंधन पर कुछ ही पलों में हमला बोलने का मतलब साफ है कि ये गठबंधन बीजेपी के लिए खतरे की घंटी है। भले ही विशेषज्ञ यह भविष्यवाणी कर रहे हैं कि विपक्ष आज भी बीजेपी के सामने कमजोर है, लेकिन 2024 में ये गठबंधन बिल्कुल अलग रूप में सामने आ सकता है। अखबार लिखता है कि विपक्ष को आम लोगों को यह समझाना होगा कि उनका गठबंधन केवल अपने अस्तित्व को बचाने के लिए नहीं है। बल्कि वे आम भारतीय भविष्य बेहतर बनाना चाहते हैं। चंद्रयान-3 की लॉन्चिग पर पंजाबी जागरण लिखता है, भारत का चंद्रयान-3 सफलतापूर्वक लॉन्च हो गया। यह मिशन इसलिए खास और महान है क्योंकि इसके साथ ही भारत चांद पर उतरने वाला दुनिया का चैथा देश बन जाएगा। भारत ने अपना पहला रॉकेट 1963 में अंतरिक्ष में भेजा था। जालंधर से प्रकाशित अजीत लिखता है, दो दशक पहले प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने चंद्रयान कार्यक्रम की घोषणा की थी। हालांकि भारत अमीर और विकसित देश नहीं है, लेकिन इसे इसरो की एक बड़ी उपलब्धि माना जाना चाहिए कि वह अन्य देशों की तुलना में बहुत कम लागत में अपने मिशन को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। चंडीगढ़ से प्रकाशित पंजाबी ट्रिब्यून लिखता है, भारत चंद्रमा के दक्षिणी भाग में यान उतारने वाला पहला देश था देश क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका, सोवियत संघ और चीन ने चंद्रमा की मध्य रेखा के पास अपनी जांच शुरू की थी। (स्वतंत्र पत्रकार)

विशेष

यातायात नियम तोड़ने में रूचि ज्यादा

राजधानी के सभी चौक-चौराहों में सिग्नल के साथ व्यस्ततम मार्गों में सीसीटीवी लगने के बाद भी लोगों में वाहन चलाने की जागरूकता का अभाव देखा जा रहा है। यातायात नियम को तोड़ना मजाक हो गया है। हर कोई नियम कायदे की धज्जियां उड़ाने में लगा है। पुलिस की सख्ती के बाद भी उदंडता बदस्तूर जारी है, जो समाज के लिए चिंता का विषय है। ई-चालान की नोटिस घर तक पहुंचने के को भी युवा बहुत हल्के में ले रहे है। यातायात नियमों का पालन नहीं करने के आए दिन भयंकर परिणाम सामने आने के बाद भी लोग ओव्हरलोड चलने की आदत बना लिए है। इस गंभीर मसले पर प्रशासन के साथ नागरिकों को भी घर से नई शुरूआत करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। ट्रैफिक सिग्नल में तैनात जवान के सामने युवा बाइक में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकार गोली की आवाज करते धड़धड़ाते हुए निकल जाते है। दोपहिया वाहनों में चार-चार सवारी में फर्राटे मार रहे है। वाहन चलाने का मतलब कानून कायदे को ताक में रखना नहीं है। पकड़ाने पर पुलिस जवानों से रसूखदार होने का रौब दिखाया जाता है। यातायात व्यवस्था पर लगातार जागरूकता अभियान चलाने के बाद भी नागरिकों में जागरूक नहीं होने पर पुलिस प्रशासन चिंतित है। शायद पुलिस प्रशासन को सख्ती अख्तियार करनी पड़े, तभी यातायात नियमों का सही ढंग से पालन हो सकेगा। यातायात नियमों का पालन करने से ना सिर्फ वाहन चलाने वाला सुरक्षित रहता है, बल्कि सड़क पर चलने वालों की भी जान सुरक्षित रहती है। शहर के चौक-चौराहों पर बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। इससे ट्रैफिक पर पुलिस की हर पल नजर रहती है। आने वाले समय में यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर इसी आधार पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही उसके बाद भी लोग ट्रैफिक नियम तोड़ रहे है। यातायात पुलिस की ओर से नए शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही यातायात जागरुकता कार्यक्रम शुरू की गई है। इसमें स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। सुरक्षित यात्रा के लिए यातायात नियमों का पालन करना जरूरी है। विद्यार्थियों को सड़क पर चलते हुए इस बात का ध्यान रखना चाहिए। जागरूक विद्यार्थी अपने आसपास के लोगों को भी नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। इससे सड़क हादसों पर लगाम लगाया जा सकता है। सड़क हादसे में घायलों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता। इसके कारण हादसों में मौत के आंकड़े बढ़ रहे हैं। आम लोगों को लगता है कि हादसे में घायल लोगों की मदद करने वालों से पुलिस पूछताछ कर परेशान करती है। संभावित परेशानियों से बचने हादसे में घायल लोगों की मदद नहीं करते। इसे लेकर यातायात पुलिस की ओर से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रही है। घायलों की मदद करने वालों को पुलिस अनावश्यक परेशान नहीं करती। पुलिस की ओर से ऐसे लोगों को प्रोत्साहित किया जाता है। नाबालिगों के वाहन चलाते पकड़े जाने पर उनके अभिभावक से जुर्माना वसूला जाता है। साथ ही अभिभावक के ड्राईविंग लाइसेंस को भी निरस्त किया जा सकता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तिथियों की ललाट पर अंकित

तिथियों की ललाट पर अंकित स्मृतियों की रेखाएँ कभी-कभी बेहद पीड़ादायक होती हैं बदलते वर्षो से अंजान बरबस उल्टे पाँव चलने पर मजबूर कर देती हैं।

अमित कुमार अम्बष्ट

कौन जगाएगा हमें जो सो जाऊं तो

कौन जगाएगा हमें जो सो जाऊँ तो कौन उठाएगा हमें जो उठ ना पाऊँ

तो खो जाऊँ तो ढूँढेगा कौन कौन बटोरेगा हमें जो बिखर जाऊँ तो पकड़ कर रखना मेरा हाथ जोड़ से फिसलन बहुत है। जो फिसल जाऊँ तो।

राकेश मिश्रा

खास पाती | ये सांझ तो आनी है, ये सांझ

ये साँझ तो आनी है, ये साँझ तो आएगी मानव सेवा कर ले, सकुचाना कैसा ये धूप छाँव बदली, जीवन में आते हैं जाते पल ना देखो, पल पल को जी लो हँसता गाता चल ले, सकुचाना कैसा ये आत्मा अजर अमर, बदलो मैला चोला काली रात बीती, दिखा उजला सबेरा जीवन सौंपो उसको सकुचाना कैसा ये साँझ तो आनी है, ये साँझ तो आएगी मानव सेवा कर ले, सकुचाना कैसा। **ज्योत्सना सक्सेना**

कहीं ना कहीं कर्मो का डर है!

कहीं ना कहीं कर्मो का डर है! नहीं तो गंगा पर इतनी भीड़ क्यों है? जो कर्म को समझता है उसे धर्म को समझने की जरुरत ही नहीं। पाप शरीर नहीं करता विचार करते है। और गंगा विचारों को नहीं! सिर्फशरीर को धोती है। शब्दों का महत्व तो! बोलने के भाव से पता चलता है, वरना वेलकम तो पायदान पर भी लिखा होता है। **डॉ. दुलारी चंद्राकर**

लेकर सपना अखंड भारत का मगर

लेकर सपना अखंड भारत का मगर खंडित करते देखे लोग जेल के पीछे होना चाहिए जिसे उसे महिमा मंडित करते देखे लोग पीड़ित मांगे न्याय चीखकर उसे दंडित करते देखे लोग चंद रोज में मिल जाता यहां न्याय उसे वर्षो लंबित करते देखे लोग चापलूसों के मजे ही मजे हैं। लगनशील निलंबित करते लोग काम अजूबा नीति अजूबा ऐसे अचंभित करते देखे लोग।

संत आर थवाईत

पाश! मैंने देखा, लोग मरन

पाश! मैंने देखा, लोग मरने के बाद याद किया करते हैं, जब साथ में होते हैं, इतराते हैं, ठुकराते हैं पाश मुस्कुराते हुए बोले, यही तो समझना था कि जो मानसिक रूप से मर चुके हैं, उसे कौन मारेगा जो हार चुका, दोबारा नहीं हारेगा। इसलिए तुमसे हर बार कहता हूं, मैं उनके सब किए धरे पर घास सा उग आऊंगा। **अनुभूति अनु**

ऊपर से शान्त पर भीतर भारी

ऊपर से शान्त पर भीतर भारी उथल पुथल कब तक सहेगी भीतर के आघात? सहने की अति के बाद की हाय-हाय से ही चेतती है दुनिया धरती हो या धारिणी भीतर का कंपन बाहर दिखाई देना कभी-कभी आवश्यक हो जाता है परिणाम चाहे जो हो। **शिवानी जयपुर**

तेरी-मेरी इसकी-उसकी छोड़ो

तेरी-मेरी इसकी-उसकी छोड़ो भी अब। खुद से खुद की शक्ल मिला तो अच्छा है।। जिस्म को महकाने में सारी उम्र काट ली। रूह को अब अपनी महकाओ तो अच्छा है।। आपका दिन शुभ और मंगलमय हो। **कमलकांत डोंगरे**

एक तू-एक मैं दूसरा और कोई

एक तू-एक मैं दूसरा और कोई नहीं कोई नहीं, ये संसार है, संसार के हद तक, कोई नहीं कोई नहीं ,, स्व सदन में आकर भी अतिथि रहा, घर रहकर जग में भी मैं बेघर रहा, सब संग हर पथ खड़ा समक्ष मेरे कोई नहीं, कौन है जो राह दिखाये, कोई नहीं कोई नहीं,, सबके समक्ष,और सबसे समक्ष तक, ह्रदय से अपना सबको हर उद्गार दिया, समर्पित सर्व करके भी अपना क्या, मुझसे मिल मुझमें जिया- कोई नही कोई नहीं, कलम का सफर जारी।

ललित उपाध्याय

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1793: फ्रांस ने कॉपीराइट कानून बनाया। 1823: चिली में दास प्रथा समाप्त हुई। 1870: अमेरिका में पहली रेल सेवा की शुरुआत। 1890: सोवा बाजार क्लब ने पहली बार किसी इंग्लिश फुटबाल टीम (ईस्ट सरे) के खिलाफ जीत दर्ज की। 1911: हैरम बेहन द्वारा माया सभ्यता के लुप्त शहर माचुपिच्चु को खोज निकाला गया। 1923: लौसन की संधि। स्विट्जरलैंड में ग्रीस, बुल्गारिया और प्रथम विश्व युद्ध में शामिल अन्य देशों के बीच हुई इस संधि के द्वारा आधुनिक तुर्की की सीमाओं को व्यवस्थित किया गया। 1932: रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान की स्थापना। 1938: इंस्टेंट काफी की खोज हुई। 1969: अपोलो-11 अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर वापिस लौटा। 1974: अमेरिका की शीर्ष अदालत ने देश के तत्कालीन राष्ट्रपति निक्सन को वाटरगेट मामले से जुड़े सभी टेप जांच एजेंसियों के हवाले करने का आदेश दिया। 1987: मशहूर उपन्यासकार जेफ्री आर्चर ने डेली स्टार अखबार के खिलाफ लाखों पाउंड का मानहानि का मुक़दमा जीता।

QUIZ TIME

1) हाल ही में कौन तेलंगाना राज्य का पहला बीमित गाँव बना है?

2) हाल ही में विश्व शतरंज दिवस कब मनाया गया?

3) भारत में सबसे ऊँचाई पर स्थित रेलवे स्टेशन कौन-सा है?

4) प्रधानमंत्री का 15 सूत्रीय कार्यक्रम किससे संबंधित है?

5) हाल ही में किस राज्य के एक न्यूज चैनल ने लीसा नाम की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस न्यूज एंकर को लॉन्च किया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) [illegible] (2) 20 जुलाई (3) घुम, दार्जिलिंग (4) अल्पसंख्यकों के कल्याण (5) ओडिशा

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -134

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

1		■	2	3	4	■	5	6
	■	7				8	■	
9			■	10				
	■		■	■	■	12	■	
■	11		12		■	■	13	
14		■		■	■	15		■
16		■	17	18	19			■
20		21	■	22		■	■	■
	■		■	23				■

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 133 का हल

ग	ल	त	■	■	■	खा	म	खाँ
णे	■	ल	■	झ	प	की	■	■
श	र	ब	त	■	रं	■	■	मि
■	ज	गा	ना	■	प	रा	का	ष्ठा
■	नी	र	■	वि	रा	ज	मा	न
ना	च	■	■	प	■	■	य	■
म	र	णा	स	न्न	■	पा	नी	■
ची	■	■	प	■	पा	■	■	भो
न	ज	रा	ना	■	स	मा	चा	र

आज का पंचांग (सोमवार 24 जुलाई)

सूयादयः 05:47, सूयास्तः 07:18
चन्द्रोदयः 04:37, चन्द्रास्तः 18:37

अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय)

ऋतु : वर्षा, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास : श्रावण, पक्ष : शुक्ल, तिथि : षष्ठी, नक्षत्रः हस्ता, योग : ध्रुव (08:33 से व्याघात), प्रथम करण : विष्टि (09:17 तक), द्वितीय करण : शकुनि (22:08 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कर्क, चंद्र : मिथुन, मंगल : सिंह (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : कर्क (उदय, पश्चिम, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : सिंह (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मेष, केतु : तुला

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:55 से 12:51, अमृत काल 15:42 से 17:27, विजय मुहूर्त 14:42 से 15:37, गोधूलि मुहूर्त 19:18 से 19:39, सायाह्न सन्ध्या 19:20 से 20:20, निशिता मुहूर्त 00:03 से 00:43, राहुकाल 7:35 से 9:20, राहुवास उत्तर, यमगण्ड 12:23 से 14:07, होमाहुति केतु (02:39 से सूर्य), दिशाशूल पश्चिम, अग्निवास पृथ्वी, भद्रावास स्वर्ग (09:17 तक), चन्द्रवास पश्चिम, शिववास श्मशान में (22:08 से गौरी के साथ)

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥
1 - उद्वेग 2 - चर 3 - लाभ 4 - अमृत 5 - काल 6 - शुभ 7 - रोग 8 - उद्वेग

॥रात्रि का चौघड़िया॥
1 - शुभ 2 - अमृत, 3 - चर 4 - रोग, 5 - काल 6 - लाभ, 7 - उद्वेग 8 - शुभ

नोट : दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज आपको लाभ की सम्भावना दिन के आरंभ से ही रहेगी कुछ शुभ प्रसंग घटने पर मानसिक रूप से निश्चिन्त रहेंगे।

वृष : आज के दिन आप कुछ अभाव का अनुभव करेंगे फिर भी परिस्थिति के अनुसार स्वयं को ढाल लेना ही बेहतर समझेंगे।

मिथुनः आज के दिन से आप कुछ अधिक आशा लगाए रहेंगे दिन के मध्यान तक दिनचार्य सुव्यवस्थित रहेगी।

कर्क : आज के दिन कोई भी निर्णय जल्दबाजी में ना ले वरना बाद में पछताना पड़ेगा परिस्थितियां आज हानिकारक बनी हुई है।

सिंहः आज का दिन राज-समाज मे आपकी प्रतिष्ठा बढ़ाएगा। आज कुछ ना करने पर भी आपका व्यक्तित्त्व बढ़ा हुआ रहेगा। लेकिन थोड़ी सी प्रशंसा पाकर अहम की भावना भी आएगी ।

कन्या : आज का दिन कार्यो में सफलता दिलाने वाला रहेगा परन्तु सफलता को धन के साथ ना जोड़े अन्यथा दुखी होना पड़ेगा।

तुला : आज का दिन आध्यात्मिक दृष्टिकोण से लाभदायक रहेगा। धर्म कर्म के प्रति आज निष्ठा रहेगी दान पुण्य करने के अवसर सुलभ होंगे ।

वृश्चिकः आज का दिन मिला-जुला फल देगा। आज आप जिस कार्य को करने का मन बनाएंगे।

धनु : आज दिन के आरंभ से ही मानसिक रूप से स्फूर्ति रहेगी सेहत उत्तम रहने पर भी आलस्य नही जाएगा। लेकिन दिनचार्य गई गति धीमी होने पर भी मध्यान बाद गंभीरता से कार्य कर कमियों की भरपाई कर लेंगे।

मकर : आज का दिन सम्पन्नता कारक रहेगा दिन के आरंभिक भाग में किसी महत्त्वपूर्ण कार्य का निर्णय लेने में दुविधा होगी।

कुंभ : आज आपके व्यक्तित्त्व में विकास होगा अधिकांश कार्यो को देखभाल कर ही करेंगे वाणी में मिठास रहेगी लेकिन मन मे कड़वाहट परिजनो से नही छुपा सकेंगे।

मीन : आज का दिन प्रतिकूल फलदायी रहेगा। दिन का पहला भाग नासमझी के कारण व्यर्थ खराब होगा।

मुख्यमंत्री ने महंत बिसाहू दास की पुण्यतिथि पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां उनके निवास कार्यालय में संयुक्त मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री स्वर्गीय बिसाहू दास महंत की 23 जुलाई को पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि महंत जी का पूरा जीवन जनसेवा से जुड़ा रहा। महंत ने अविभाजित मध्यप्रदेश में विधायक तथा मंत्री के रूप में प्रदेश के विकास के लिए अपनी अमूल्य सेवाएं दी है। उन्होंने खेती-किसानी, सिंचाई तथा सड़कों के माध्यम से लोगों की बेहतरी के काम को बखूबी अंजाम दिया।

बघेल ने कहा है कि कोसा एवं बुनकर व्यवसाय को प्रदेश से लेकर विदेशों तक ख्याति दिलाने में बिसाहू दास महंत का अतुलनीय योगदान रहा है, इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वर्गीय बिसाहू दास महंत के नाम पर हर साल राज्य के श्रेष्ठ बुनकरों को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार द्वारा मंहत के सम्मान में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा का नामकरण स्वर्गीय बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा किया गया है।

तिलक और आजाद को श्रद्धासुमन अर्पित...

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां अपने निवास कार्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और स्वर्गीय चंद्रशेखर आजाद की 23 जुलाई को जयंती पर उनके छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया है। स्वतंत्रता के लिए उनके संघर्ष को याद करते हुए श्री बघेल ने कहा कि तिलक जी और आजाद जी ने अपना पूरा जीवन देशप्रेम के लिए समर्पित कर दिया और अंतिम क्षण तक स्वाधीनता के लिए संघर्ष करते रहे। उनकी राष्ट्रभक्ति आज भी लोगों को प्रेरणा देती है। श्री बघेल ने कहा कि लोकमान्य तिलक जी ने महाराष्ट्र में गणेश उत्सव की शुरूआत कर सामाजिक समरसता के नए युग का सूत्रपात किया। स्वाधीनता के लिए संघर्ष के दौरान उन्होंने 'स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और इसे मैं लेकर रहूंगा' जैसे नारों से लाखों भारतीयों के मन में आजादी के लिए अलख जगा दी। श्री चंद्रशेखर आजाद के बलिदान को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद की राष्ट्रभक्ति आज भी हजारों युवाओं में देशप्रेम और नई ऊर्जा भर देती है।

पीसीसी चीफ ने गरीबों को बांटे छाते और रेनकोट

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम के जोन-2 के 6 वार्डों की कामकाजी महिलाओं और वार्डवासियों को 23 जुलाई को टोकन के आधार पर निःशुल्क छाते व रेनकोट बांटे। इसके लिए देवेंद्र नगर थाने के सामने कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित हुआ। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, संगठन के प्रभारी महामंत्री रवि घोष की उपस्थिति में जरूरतमंदों को बारिश से सुरक्षित रखने वाले छाते व रेनकोट का वितरण किया गया। राजधानी के जोन-2 क्षेत्र में शहीद हेमू कालाणी वार्ड पार्षद और जोन अध्यक्ष हरदीप सिंह होरा की पहल पर गत माह छह वार्ड के रहवासियों के लिए जोन परिसर में शिविर लगाकर पंजीयन की व्यवस्था की गई है। जिसमें आवेदक का आधार कार्ड और वोटर कार्ड लेकर शिविर में आमंत्रित किया गया। इस मौके पर कामकाजी महिलाएं, सब्जी विक्रेता, दूध विक्रेता, पसरा लगाने वाले समेत अन्य नागरिक पंजीयन कराने पहुंचे थे।

रेल पटरी चोरी, आरोपी हिरासत में

रायपुर। गैस कटर से पटरी काटने की खबर सामने आ रही है.

सूत्रों के मुताबिक करीब आधा दर्जन चोर गैस कटर लेकर पटरी काटने पहुंचे थे. चोरों ने पटरी के करीब 1 दर्जन से अधिक टुकड़े किए है. हालांकि सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है और उनसे पूछताछ जारी है।

सूत्रों का दावा है कि ये पटरी रेलवे के ही या प्राइवेट ठेकेदार कि इसकी जानकारी एकत्र की जा रही है. ये पूरा मामला रायपुर रेल मंडल का है, इस मामले में आधिकारिक पुष्टी होनी अभी बाकी है।

कुमारी सेलजा रायपुर पहुंची, दीपक बैज ने किया स्वागत

रायपुर/नवप्रदेश। दोपहर बाद कुमारी सेलजा रायपुर पहुंची है. माना एयरपोर्ट पर दीपक बैज ने स्वागत किया। बता दें कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक राजीव भवन में होगी। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सेलजा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, एआइसीसी के सचिव डा. चंदन यादव, सप्तगिरी शंकर उल्का, एआइसीसी के संयुक्त सचिव एवं सह प्रभारी विजय जांगिड़ मौजूद रहेंगे। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी, जिला अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष एवं मोर्चा संगठन के प्रदेश अध्यक्षों को दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कांग्रेस मुख्यालय में सभी जिला अध्यक्ष के साथ बैठक की। बैठक में जिला के संगठन के बारे में जानकारी ली गई। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री प्रशासन रवि घोष, जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे, उधो वर्मा, हितेंद्र ठाकुर, भावसिंह, रश्मि चंद्राकर, शरद लोहाना, चंद्रप्रभा सुधाकर, गया पटेल, निर्मल कोसरे, मुकेश चंद्राकर, बंशी पटेल, कुलबीर छाबड़ा, पदम कोठारी, नीलकंठ चंद्रवंशी, राजीव शर्मा, बलराम मौर्य, महेश्वरी बघेल सहित अन्य जिला अध्यक्ष उपस्थित थे।

पद्म अवार्ड के लिए ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित

रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने भारत के सर्वोच्च पद्म पुरस्कार (पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री) वर्ष 2024 के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किया है। पुरस्कार के लिए निर्धारित पात्रता एवं मापदंड के अनुरूप योग्य-पात्र व्यक्तियों का नामांकन प्रस्ताव जिला कलेक्टर के अनुशंसा के बाद सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय को भेजी जाएगी। इसलिए योग्य व्यक्ति या संस्था जिसने उत्कृष्ट कार्य किया है, वे अपने नामांकन करने के बाद जिला कलेक्टर को अनुशंसा के लिए भेजें। जिला कलेक्टर से इन नामांकन पत्रों को सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय नवा रायपुर ने 30 अगस्त 2023 तक मंगाया है। सभी जिले के कोई भी योग्य व्यक्ति या संस्था नामांकन के बाद निर्धारित समय अवधि में कलेक्टर से नामांकन की प्रति में अनुशंसा करा सकते हैं।ब्ह्य्श ऋड्डुस्र - कृषि विभाग की टरफा योजना से लाभान्वित हो रहे जिले के किसान गृह मंत्रालय से जारी पत्र के अनुसार पद्म पुरस्कार अर्थात् पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। इस पुरस्कार में उत्कृष्ट कार्य को मान्यता प्रदान की जाती है और इसे सभी क्षेत्रों-विषयों जैसे कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, लोक कार्य सिवित सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों-सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। कोई भी व्यक्ति, किसी जाति, व्यवसाय, हैसियत या लिंग के भेदभाव के बिना, इन पुरस्कारों के लिए पात्र है। इन पुरस्कारों के लिए सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के साथ-साथ अनेक अन्य स्त्रोतों से भी नामांकन आमंत्रित करने की परंपरा है ताकि इन पर व्यापक विचार-विमर्श किया जा सके। पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन-सिफारिशें केवल ऑनलाइन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्डस डॉट जीओव्ही डॉट इन पर स्वीकार की जाएगी, जिसे इसी उद्देश्य के लिए डिजाइन किया गया है।

चाय की टपरी में जा घुसा बेकाबू ट्रक

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के तेलीबांधा थाना क्षेत्र के छेरीखेड़ी स्थित मेन रोड के किनारे भी बड़ा हादसा होते होते रह गया. होटल कोर्टयार्ड मैरियट के पास ट्रक चाय टपरी में जा घुसा. दुकानदार और चाय पी रहे लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई. चाय टपरी टूटकर पूरी तरह तबाह हो गई। यह घटना शाम लगभग 6 बजे की है। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुई।

शोएब को कवर्धा-बागबाहरा चुनाव कराने की मिली जिम्मेदारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा विभिन्न मस्जिदों में मुतवल्ली का चुनाव कराया जा रहा है ।

इस संबंध में वक्फ बोर्ड ने एक चुनाव संचालन कमेटी गठित की है जिसके संयोजक सहायक ट्रांसपोर्ट कमिश्नर शोएब अहमद खान को बनाया गया है। उनके साथ उप पुलिस अधीक्षक रेल्वे सैय्यद नसीम अख्तर और उप पुलिस अधीक्षक एसीबी फरहान कुरैशी को भी कमेटी में शामिल किया गया है। राजधानी की जामा मस्जिद, मौदहापारा मस्जिद, हजरत फतेह शाह मस्जिद, छोटापारा मस्जिद और शिया असनतशरी मस्जिद मोमिनपारा में सफलता पूर्वक इनकी टीम द्वारा चुनाव करवाया जा चुका है। इस वजह से शोएब अहमद खान की टीम को रायपुर से बाहर की मस्जिदों में चुनाव कराने की अहम जिम्मेदारी राज्य वक्फ बोर्ड ने सौंपी है। आने वाले दिनों में बागबाहरा और कवर्धा की जामा मस्जिद में भी मुतवल्ली का चुनाव कराया जाना है,

जिसके लिए वे सुबह नयापारा मस्जिद में चुनाव के लिए किए जा रहे तैयारी का निरिक्षण कर वक्फ बोर्ड के सदस्य रियाज़ खान और नयापारा मस्जिद चुनाव समिति के सदस्य तैय्यब खान के साथ कवर्धा के लिए रवाना हुए। वहां उन्होंने जामा मस्जिद कवर्धा के जमातियों से मुलाकात कर चुनाव की तैयारी, चुनाव समिति के सदस्यों का चयन और निर्वाचन नियमावली की जानकारी दिए, जल्द ही वहां भी चुनाव की तारीख की घोषणा की जायेगी। संयोजक शोएब अहमद खान ने मुलाकात पर बताया कि जिन मस्जिदों में चुनाव हो चुके हैं या जिन मस्जिदों में मुतवल्ली का चुनाव होगा वो राज्य वक्फ बोर्ड के निर्देशन में ही होगा। सालों से लोग काबिज रहते हाथ उठाकर चुनाव कर मुतवल्ली बन जाते थे। अब सभी मस्जिदों में प्रजातांत्रिक तरीके से बैलेट पेपर से पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव होगा जिसमे समाज के सभी लोगों को इसमें मौका मिलेगा।

बाइक में ले जा रहे 48 पौवा शराब समेत दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। शराब का परिवहन करते 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक खरोरा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि दोपहिया वाहन सवार एक व्यक्ति व्यक्ति ग्राम खरोरा से ग्राम बरौडा की ओर शराब तस्करी कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में थाना खरोरा पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए दोपहिया वाहन एवं हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। इसी दौरान टीम के सदस्यों द्वारा ग्राम बरौडा मोड़ पास दोपहिया वाहन एवं व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम युगल किशोर भारद्वाज निवासी खरोरा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर थैले में देशी शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने व परिवहन करने के संबंध में आरोपी युगल किशोर भारद्वाज से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी युगल किशोर भारद्वाज को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे 48 पौवा देशी शराब तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त 01 नग दोपहिया वाहन सीजी/04/ एनयू/0269 जुमला कीमती लगभग 30,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना खरोरा में अपराध क्रमांक 505/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार थाना खरोरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरौडा डबरी पार पास ग्राम खरोरा से ग्राम बरौडा की ओर दोपहिया वाहन में शराब तस्कारी करते आरोपी भावेश जायसवाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 48 पौवा देशी शराब तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त 01 नग दोपहिया वाहन सीजी/04/एनजेड/7365 जुमला कीमती लगभग 30,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना खरोरा में अपराध क्रमांक 506/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। आरोपी- 01. युगल किशोर भारद्वाज पिता दिलीप भारद्वाज उम्र 22 साल निवासी अडसेना थाना खरोरा जिला रायपुर। 02. भावेश जायसवाल पिता लोचन जायसवाल उम्र 20 साल निवासी वार्ड नं. 06 खरोरा थाना खरोरा रायपुर।

योगी के मंत्री रायपुर प्रवास पर, कहा यूपी में समाज से 11 विधायक हैं

रायपुर/नवप्रदेश। निषाद पार्टी के प्रमुख और उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के मत्स्य पालन मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद छत्तीसगढ़ के दौरे पर हैं। सर्किट हाउस में उन्होंने कई समाज प्रमुखों से मुलाकात की और प्रेसवार्ता भी की। इस दौरान निषाद ने कहा कि निषाद समाज के लोग आज इकट्ठे हुए जिनका सम्मान किया गया।

उन्होंने कहा कि आज हर गांव से एक व्यक्ति चुना जा रहा है। पहले होता था कि दूसरे की सरकार बनाते थे. दूसरे को नेता बनाते थे और ऐसे लोगों की पार्टियों को वोट देते थे जो इन्हीं का हिस्सा खा जाते थे. अब समाज के लोग इकट्ठे हो रहे हैं. उत्तर प्रदेश में हमारे 11 विधायक हैं. छत्तीसगढ़ में भी निषाद पार्टी निषाद राज का नारा दिया जा रहा है। अब सामाजिक ऊर्जा को राजनीतिक ऊर्जा में बदलने का कार्यक्रम चल रहा है। संजय ने कहा कि इन दिनों यूपी बहुत सुंदर है, सर्वोत्तम है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने माफिया राज और गुंडे राज खत्म कर दिया है। किसान नौजवान हर वर्ग के लोग अच्छे से रह रहे हैं। हम अपने मछुआ कल्याण बोर्ड की स्थापना करवा दिए हैं। 18प्रतिशत आबादी का ख्याल मोदी जी ने रखा है। लेकिन यहां की सरकार ने वोट लेने का काम किया है। उसके बाद गड्ढा खोदने का काम करती है। उन्होंने कहा कि इस बार 323 पार। संजय निषाद ने देश में फिर से एनडीए की सरकार बनने का दावा किया।

राज्य के 326 हजयात्री प्रदेश लौटे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से हज यात्रा पर गए हज यात्रियों का पहला काफिला नागपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचा। राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद असलम खान ने बताया कि हज यात्रा पूरी कर लौटे 326 हज यात्रियों के काफिले में 172 पुरुष एवं 154 महिला हज यात्री शामिल है। जिसमें जिला बस्तर के 5, बिलासपुर के 52, दुर्ग के 99, कोरिया के 1, रायपुर के 146, बलौदा बाजार के 6, बेमेतरा के 5, बालोद के 8, बलरामपुर जिले के 4 हाजियों की वापसी हुई। उन्होंने बताया कि हज यात्रियों की वापसी पर एयरपोर्ट में लगेज उपरांत प्रत्येक हज यात्री को 5 लीटर जम-जम उपलब्ध कराया गया। एयरपोर्ट में हाजियों का गुलपोशी से राज्य हज कमेटी द्वारा इस्तकबाल किया गया। सभी हाजियों ने राज्य हज कमेटी की बेहतर व्यवस्था के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद असलम खान, विशेष रूप से आर डी ए उपाध्यक्ष शिव सिंह ठाकुर, हज कमेटी के कार्यपालन अधिकारी/ सचिव साजिद मेमन, हज कमेटी सदस्य कारी अशफाक अंजुम, शमीम अख्तर, हाजी अब्दुल रज्जाक खान, मोहम्मद इमरान, अब्दुल असलम. मोहम्मद तनवीर .मोहम्मद यूसुफ एवम राज्य हज कमेटी के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

रेलवे स्टेशन में पकड़ाया लाखों का गांजा

रायपुर/नवप्रदेश। आरपीएफ पोस्ट गोंदिया के प्रभारी निरीक्षक वीके तिवारी के नेतृत्व में पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस से गांजा जब्त किया गया है. ये गांजा तब मिला जब जवानों द्वारा गोंदिया स्टेशन परिसर व यात्री गाडियों में अवैध रूप से मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु विशेष निगरानी एवं चेकिंग की जा रही थी. 'ऑपेरशन नार्कोस' के तहत एक गुप्त सूचना के आधार पर उक्त जवानों द्वारा ट्रेन संख्या 12843 पुरी-अहमदाबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस के गोंदिया स्टेशन प्लेटफार्म संख्या-03 पर समय 15.10 बजे आगमन उपरांत गाडी के पीछे गार्ड बोगी से तीसरे जनरल डिब्बे को चेक करते हुए एक चमकीले हरे रंग का ट्रॉली बैग संदिग्ध व लावारिस हालत मे बरामद किया. उक्त बैग के बारे में कोच में बैठे यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी भी यात्री द्वारा बैग के मालिक के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई।इसके पश्चात कार्यवाही करते हुए नियमानुसार उक्त बैग को राजपत्रित अधिकारी विकास सोनावने, अपर तहसीलदार गोंदिया व उपस्थित पंचो के समक्ष खोलकर देखा गया व बारीकी से जांच की गई तो उसमें खाकी रंग के चार पैकेट (दो बड़े व दो छोटे) पाए गए जिनमें नशीला पदार्थ गाँजा भरा हुआ था और ऊपर से टेप की मदद से लपेटा हुआ था. इसके पश्चात बरामद लावारिस ट्रॉली बैग को गाँजे के चारो बंडलों सहित आरपीएफ पोस्ट गोंदिया लाया गया व उक्त अधिकारियों व गवाहों के समक्ष उसका वजन मापते हुए उसमे से नमूना (सैंपल) निकालकर बाकी बंडल को सील किया गया. इसके बा नियमों का पालन करते हुए बैग व बंडलों को कानूनी कार्यवाही हेतु दस्तावेजों सहित जीआरपी गोंदिया को सुपुर्द किया जा रहा है जहाँ विषयांकित मामला दर्ज किया जा रहा है। बता दें कि ये गांजा 6.6 किलो का था।

ग्रामीण विकास की चुनौतियों से निपटने विशेषज्ञों ने दिया सुझाव

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर और ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन द्वारा आज रायपुर के एक निजी होटल में 'इंडिया रूरल कोलोक्वि' का आयोजन किया गया। कोलोक्वि (संगोष्ठी) में अलग-अलग सत्रों में राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों, उद्यमियों, समाज सेवियों, विशेषज्ञों तथा सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने ÷समाज-सरकार-बा?ार नए गाँव में÷ विषय पर संवाद किया। इसका आयोजन ग्रामीण विकास की मुख्य चुनौतियों गरीबी, असमानता एवं अन्य विषयों पर विचार-विमर्श के लिए किया गया था। कोलोक्वि में समाज, सरकार और बाजार के प्रतिनिधियों ने ग्रामीण विकास की चुनौतियों से निपटने अपने सुझाव रखे। इस दौरान नए गांवों के निर्माण में समाज, सरकार और बाजार की भूमिका और चुनौतियों के समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कोलोक्वि में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं की सफलता पर आधारित बुकलेट और रायगढ़ मिलेट्स कैफे द्वारा तैयार मिलेट्स रेसिपी बुक का विमोचन भी किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष श्री अजय सिंह, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ल, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका की संचालक पद्मिनी भोई साहू और ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक अनीश कुमार ने दीप प्रज्वलन कर कोलोक्वि का शुभारंभ किया।

शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि 'इंडिया रूरल कोलोक्वि' का आयोजन पहली बार रीजनल स्तर पर छत्तीसगढ़ में हो रहा है। इससे राष्ट्रीय स्तर पर योजना निर्माण के लिए वास्तविक और सही जानकारी मिलेगी। स्थानीय सोच और चुनौतियों के आधार पर निकली जानकारी योजनाओं के निर्माण में उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि भारत अपनी 75 वर्ष की यात्रा में 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की संचालक पद्मिनी भोई साहू ने समाज में महिलाओं की भूमिका और उसमें बदलाव पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए घरों से बाहर निकालना एक चुनौती है। यह काम सपोर्ट, मोटिवेशन और समूह चर्चा के माध्यम से किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ में गौठान, रीपा, बिहान जैसी महिला केन्द्रित योजनाओं से जुड़कर बड़ी संख्या में महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है और उनका जीवन स्तर ऊपर उठ रहा है। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ला ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि सरकार के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक बाजार के फायदे पहुंचाना इस कोलोक्वि का उद्देश्य है। आज की परिचर्चा के बाद निकले निष्कर्ष से पिछ? वर्गों के लिए योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी।

गंदगी से संक्रमण, डायरिया और नेत्र फ्लू की शिकायत बढ़ी

मुंगेली/नवप्रदेश। बारिश के मौसम में गंदगी एवं संक्रमण के चलते डायरिया एवं नेत्र फ्लू की शिकायत मिलने लगी है। पड़ोसी जिले में डायरिया एवं आई फ्लू के प्रकोप को देखते हुए भी प्रशासन ने गंभीरता नही दिखाई है। बारिश के मौसम में गंदे पानी के चलते डायरिया का प्रकोप होने की प्रबल संभावना है। कुछ वार्डो में नाली के उपर पाइप लाइन के फूट जाने से घरों में गंदा पानी पहुंच रहा है। आम लोगों में जागरूकता के अलावा प्रशासन की अनदेखी के चलते ही इस जिले में भी डायरिया की संभावना है। जिले में आई फ्लू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। आंखों में लालिमा एवं चुभन की शिकायतें लगातार आ रही है। नगर पालिका के कई वार्ड ऐसे हैं जो स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से संवेदनशील वार्डों के रूप में है। वार्डों में नाली की पर्याप्त साफ सफाई नहीं होने के कारण शाम होते ही लोग मच्छरों से हलाकान हो रहे है। शहर के कुछ स्थानों पर घरेलू पानी की निकासी नहीं होने के कारण वहां पर पानी का जमाव रहता है। शहर के नालियों का गंदा पानी आगर नदी में जाता है नदी में नालियों का गंदा पानी से यहां लार्वा का अड्डा बन गया है। मौसम में तब्दीली के साथ ही मच्छरों की संख्या भी बढ़ने लगी है। आमतौर पर माना जाता है कि बारिश के मौसम में मच्छरों की

संख्या में बढ़ोतरी होती है। ठंड के मौसम में इनकी भिनभिनाहट बढ़ जाती है। नालियों व कचरों में रहने वाला मच्छर घरों में घुसने लगता है। शाम होते ही लोगों की मुसीबत बढ़ जाती है। मच्छर मारने व भगाने के लिए बाजार में मिलने वाला क्वाईल व लिक्विड भी प्रभावी असर नहीं डाल पा रहा है। खासकर खतरनाक प्रजाति के मच्छरों की मौजूदगी ने तो आम लोगों की नींद ही उड़ाकर रख दी है। राष्ट्रीय मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम अविभाजित मध्य प्रदेश में लगभग 40 वर्षों से चल रहा है। इसके लिए केंद्र शासन द्वारा राज्य सरकार को मच्छर से निपटने के लिए करोड़ों रुपए उपलब्ध कराये जाते है, लेकिन यह शहर में नजर नहीं आता। नागरिकों ने स्वास्थ्य विभाग एवं नगर पालिका को इस पर ध्यान दिये जाने की मांग की है।

बारिश के मौसम में फ्लू का प्रकोप रहता है जिसमें सर्दी, बुखार सहित आंखों में परेशानियां आ रही है। जिसके लिए उपाय किये जा रहे है। अस्पताल प्रबंधन डायरिया एवं आई फ्लू के लिए तैयारियां कर रखा है जिससे अगर समस्या आती है तो इनसे निपटा जा सके। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम.के. राय ने कहा है कि पीने क66भोजन से ज्यादातर बचें। गुपचुप वगैरह का सेवन न करें।

> जिले में बारिश के संक्रमण से बचने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है। कुछ चिन्हित जगहों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। क्लोरिन का छिड़काव किया जा रहा है। सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।
>
> **-अनुभव सिंह,** मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुंगेली

विद्यार्थियों ने किया पौधारोपण

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छटन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत फ्यूचर वोटर्स को मोहन उपाध्याय के द्वारा मतदान की शपथ दिलाई गई। हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखेंगे स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण निष्पक्ष निर्भीक निडर होकर बिना किसी भेदभाव के सभी प्रकार के निर्वाचन में मतदान का प्रयोग करेंगे। लक्ष्मीनारायण जोशी एवं ज्योति सिंह के सहयोग से एनएसएस के स्वयं सेवकों के माध्यम से फल-फूल संबंधी पौधों का वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण हमारे जीवन एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। नशे के विरूद्ध मुंगेली पुलिस की कार्यवाही। 9.7 लीटर अवैध शराब किया गया जप्त। अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले करने वाले कुल 2 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर भेजा गया न्यायिक अभिरक्षा में जेल। थाना चिल्फी और लालपुर द्वारा की गई कार्यवाही।

मुंगेली पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना चिल्फी द्वारा ग्राम राजपालपुर ने दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करते हुए आरोपी रोशन लाल वर्मा के कब्जे से 5.7 लीटर अवैध देसी शराब जब तक कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। इसी प्रकार थाना लालपुर द्वारा ग्राम देवरहट में दबिश देकर अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए आरोपी उत्तरा बाई बंजारे के कब्जे से 4 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

लाखों के जेवरात और नकदी चोरी के मामले को कोतवाली पुलिस ने 4 घंटे में सुलझाया

मुंगेली/नवप्रदेश। किराये के मकान तलाश में निकली महिला द्वारा शिक्षक नगर के घर से लगभग को पार कर दिया गया। सिटी कोतवाली पुलिस की तत्परता से चार घंटे में ही आरोपी को पकड़ लिया गया। नगर में चोरी की घटना के महज 4 घंटे में कोतवाली पुलिस ने लाखों के जेवर सहित नगद रकम को बरामद कर आरोपी महिला को गिरफ्तार किया। जिले के पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेसवार्ता आयोजित कर लाखो रुपयों के जेवर सहित नगद रकम की बड़ी चोरी का खुलासा किया। मामले के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नगर के शिक्षक नगर निवासी कोमल सिंह ठाकुर के द्वारा सिटी कोतवाली में आकर सूचना दिया कि उनका परिवार पूजा पर अपने पैतृक ग्राम जाने के लिए अपने घर में समान पेक कर जाने की तैयारी कर रहे थे। जिसमे सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम को भी एक बैग में पेक कर के रखे हुए थे।

इस दौरान प्रार्थी एवं उसके परिवार के सदस्य घर के ऊपर वाले कमरे में आराम कर रहे थे। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात महिला इनके मकान में घुस कर नगदी और जेवरात से भरे बैग को उठाकर फरार हो गई। वही प्रार्थी के द्वारा अपने गांव जाने से पहले सामानों की जांच की गई तो उन्हे

एक बैग नही दिखा। जिसके बाद प्रार्थी ने तत्काल अपने पड़ोसी को घटना की जानकारी देते हुए उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को देखने पता चला कि एक अज्ञात महिला हाथ बैग लिए जा रही और चेहरे को स्कार्फ से ढकी हुई है। जिसके बाद प्रार्थी उक्त महिला को ढूंढते हुए मेन रोड तक आया और आसपास के लोगो से उक्त महिला के बारे में पूछताछ करने पर कोई जानकारी नहीं मिलने पर प्रार्थी ने थाने में आके 25 लाख 72 हजार के सोने-चांदी के जेवरात एवं 3 लाख 90 हजार रुपए की चोरी का रिपोर्ट दर्ज कराया गया। वही मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली प्रभारी सतीश सिंह के द्वारा पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा तिवारी एवं एसडीओपी एस.आर. धृतलहरे के मार्गदर्शन में पुलिस के द्वारा विभिन्न टीमों ने घटना स्थल में जाकर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी महिला का पीछा किया गया। जिस पर सेंट जेवियर्स स्कूल के पास स्थित अपना डेयरी के पास गुपचुप ठेले वाले से आरोपी महिला के बारे में पूछताछ किया तो उसने उक्त हुलिया की महिला को यहां बैठना तथा डेयरी के लड़के ने उक्त महिला को मोटर सायकिल से उसके विनोबा नगर स्थित मकान में छोड़ना बताया। जिसके बाद पुलिस ने डेयरी के लड़के के साथ आरोपी महिला के घर में दबिश दी और घटना के बारे महिला से की गई पूछताछ ने उसने घटना अंजाम देना कुबूल किया और उसके निशानदेही पर आरोपी महिला से बैग को बरामद करते हुए करीब 38 तोला सोना, 4 किलो चांदी एवं 3 लाख 44 हजार नगद रकम को बरामद किया गया।

फिंगर प्रिंट विषय पर कार्यशाला आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में फिंगर प्रिंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में फिंगरप्रिंट एवं एनएएफआईएस के संबंध में जानकारी दी गई। अंगूली चिन्ह विशेषज्ञ श्रीमती विद्या जोहर द्वारा जानकारी दी गई। जिले के थानाध्चैकी प्रभारी, विवेचक, एमओबी आरक्षक तथा कोर्ट आरक्षक कार्यशाला में सम्मिलित हुए। फिंगर प्रिंट तथा एनएएफआईएस के उपयोग एवं विवेचकों को फिंगर प्रिंट लेना सिखाने हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय के संवाद सभाकक्ष में 22 जुलाई को जिले के विवेचकों एवं एमओबी आरक्षकों तथा कोर्ट आरक्षकों के लिये 1 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह द्वारा फिंगर प्रिंट का महत्व, साक्ष्य के रूप में फिंगर प्रिंट की उपयोगिता के बारे में तथा तकनीकी तरीको, साधनों का उपयोग विवेचना में शामिल करते बताया गया।

वर्तमान में किसी भी आरोपी का फिंगर प्रिंट लेकर सर्च करने पर यदि उक्त आरोपी द्वारा पूर्व में भी किसी प्रकार के अपराध में संलिप्तता रही हो, तो उनकी जानकारी भी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है बताया गया। इसके पश्चात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रतिभा पांडेय

द्वारा किन-किन व्यक्तियों का फिंगरप्रिंट लिया जाना है, पुलिस के कार्य में इसका प्रभाव एवं महत्व तथा मिलान करने के तरीके के संबंध में जानकारी दी। थाने में एमओबी आरक्षकों के कार्य के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर श्रीमती विद्या जोहर, अंगूल चिन्ह विशेषज्ञ एवं उनकी टीम द्वारा केस स्टडी के माध्यम से फिंगरप्रिंट की उपयोगिता, एनएएफआईएस कैसे कार्य करता है, इससे संबंधित अधिनियम, भौतिक साक्ष्य के रूप में फिंगरप्रिंट की उपयोगिता, किसी घटनास्थल पर फिंगरप्रिंट प्राप्त होने वाले स्थानों, फिंगरप्रिंट लेने के तरीके, फिंगरप्रिंट को सुरक्षित रखने के तरीकों के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान उपस्थित विवेचकों, कोर्ट आरक्षकों एवं एमओबी आरक्षकों को व्यवहारिक रुप से फिंगर प्रिंट लेने का तरीका भी सिखाया गया है, जिसमें थाना लोरमी के एमओबी आरक्षक 362 जितेन्द्र ठाकुर द्वारा सबसे अच्छा फिंगर प्रिंट लिया गया। इस अवसर पर पूर्व में फिंगरप्रिंट प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती साधना सिंह, निरीक्षक गौरव पाण्डेय एवं जिले के समस्त थानों के विवेचक एवं एमओबी आरक्षक तथा कोर्ट आरक्षक सम्मिलित हुए।

नो बैग डे पर मतदाता जागरूकता आयोजित

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रियंका वर्मा के निर्देशन एवं स्वीप ब्लॉक प्रभारी श्रीकांत पांडेय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विभिन्न स्कूलों में स्वीप कार्यक्रम के तहत अनेक प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं। विकासखण्ड रामानुजनगर के शा. माध्यमिक शाला पतरापाली में आज बैगलेस डे पर मतदाता जागरूकता पर विभिन्न कार्यक्रम हुये। मतदाता जागरूकता पर निबंध लेखन, पोस्टर, रंगोली एवं नारा प्रतियोगिता कराया गया। सभी प्रतियोगिताओ में बालिकाओं ने बाजी मारी। प्रधानपाठक बी आर हितकर के द्वारा बच्चों को सम्बोधित किया गया। शिक्षक योगेश साहू के द्वारा विद्यार्थियों को वोट के महत्व तथा मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों से यह भी अपील की जा रही है कि वे इन कार्यक्रमों में जो जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, उसे अपने तक सीमित न रखकर अपने पलकों, अभिभावकों और आस-

पड़ोस के मतदाताओं को भी दें। वोट करने से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान होती है, इसलिए हर मतदाता को मतदान कर भारत को और मजबूत बनाना चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षक महेंद्र पटेल, कृष्ण कुमार यादव, अनीता सिंह, योगेश साहू सरिता सिंह, रसोईया एवं छात्र छात्रायें उपस्थित थे।

बूथों की मजबूती एवं वार्डों में विकास कार्यों की समीक्षा

मुंगेली/नवप्रदेश। शहर कांग्रेस कमेटी ने महामाई वार्ड, राजेंद्र वार्ड अंबेडकर वार्ड में बूथ कमेटियों, वार्डो की बैठक आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए रखी। शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने बताया कि बूथों की मजबूती एवं वार्डो में विकास कार्यों की समीक्षा, वरिष्ठों का सम्मान एवं 2 अगस्त से शुरू होने वाले निर्वाचन प्रक्रिया के तहत नाम जोड़ने एवं काटने का कार्य शुरू हो रहा है। उसमें बूथ अध्यक्ष व पार्षदगणों को तेजी से कार्य करने पर जोर दिया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी ने वार्डो की समस्याओं के निराकरण हेतु बिजली, पानी, सफाई जैसी समस्याओं को

निराकरण की पहल करने की बात कही। बैठक में बूथ शहर प्रभारी चंद्रभान बारमते, नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी, एलडीएम समन्वयक पूनम पांडे, शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा एवं शहर प्रभारी सोम वर्मा, रोहित शुक्ला, सभापति राहुल कुर्रे, पार्षद मनु सोनी, अरविंद वैष्णव, एजाज खोखर, रामचंद्र साहू, रूपलाल कोसले, हीरासाय शेरा, दीपक गुप्ता, ललिता सोनी, मंजू शर्मा, दिलीप बंजारा, जाहिदा बेगम, एल्डरमेन आरिफ खोखर, सूरज यादव, जय सोनी, मकबूल खान, स्वतंत्र तिवारी, राखी तिवारी, आनंद सोनी, मनोज सोनकर, राजा मणिक, सूरज मंगलानी रामतलरेजा, गुड्डू देवांगन, नौशाद खान, सागर सोनी, काकू खान, दादू मल्लाह, राजू सोनी, रवि सोनी वार्ड बैठक में वार्ड पदाधिकारीगण वरिष्ठजन एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

धरमजयगढ़ में खुला मतदाता मार्गदर्शन केंद्र

रायगढ़/नवप्रदेश। ईवीएम मशीन में वोट डालने की प्रक्रिया कैसे होती है। मशीन के बैलेट यूनिट से मत कैसे डाले जाते हैं। वोट देने के बाद वीवीपैट मशीन से कैसे उसका मिलान केर सकते हैं। मतदान केंद्र में मतदाता के आने से लेकर वोट डालने तक कौन कौन से चरण होते हैं। मतदान के समय किन बातों का ध्यान रखना होता है। इन सभी प्रश्नों के उत्तर के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत धरमजयगढ़ के तहसील कार्यालय में मतदाता मार्गदर्शन केंद्र खोला गया है। जहां पहुंचकर कोई भी मतदाता ईवीएम मशीन से वोटिंग की संपूर्ण प्रक्रिया समझ सकता है। एक मतदान केंद्र की भांति यहां ईवीएम मशीन रखा गया है। मास्टर ट्रेनर की ड्यूटी लगाई गई है। जो मशीन की कार्यप्रणाली के बारे में पूरी जानकारी देंगे। गौरतलब है कि कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश में पूरे जिले स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। तहसील कार्यालयों में मतदाता जागरूकता केंद्र खोले गए हैं।

डिग्री कॉलेज में सुविधा नहीं, मजबूरी में विद्यार्थी साइबर कैफे के भरोसे

■ **बच्चों सहित प्राध्यापकों में भी डिजिटल साक्षरता का है अभाव**

रायगढ़/नवप्रदेश। अपने कारगुज़ारियों से प्रख्यात नगर मुख्यालय के चक्रधरनगर क्षेत्र में स्थित डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्रा अपने नामांकन हेतु साइबर कैफे में भटक रहे हैं। इसका मुख्य कारण डिजिटल साक्षरता की कमी प्राध्यापकों सहित छात्र-छात्राओं में होना बताया जा रहा है। जिसका प्रमाण महाविद्यालय द्वारा 20 जुलाई को निर्गत किए गए सूचना पत्र से भी मिलता है। स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के नामांकन हेतु निर्गत सूचना पत्र में पहली त्रुटि तो यह है कि 20 जुलाई को निर्गत सूचना पत्र में 19 जुलाई से 31 जुलाई तक तृतीय वर्ष में नामांकन के लिए समयावधि दी गयी है। दूसरी त्रुटि महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा निर्गत सूचना पत्र के निर्देश संख्या 2 में लिखा गया शुल्क रसीद में रसीद शब्द गलत है। वहीं महाविद्यालय के 16 निर्देशों में से नामांकन हेतु फॉर्म और नामांकन के लिए किए

जाने वाले राशि के भुगतान की प्रक्रिया का उल्लेख नहीं किया गया है। चूंकि फॉर्म और नामांकन हेतु राशि भुगतान की प्रक्रिया ऑनलाइन ही हो रहा है। इसलिए इस सूचना पत्र में फॉर्म और नामांकन के लिए ऑनलाइन भुगतान विद्यार्थी स्वयं कैसे कर सकते हैं। इस बात का उल्लेख करना आवश्यक हो जाता है। जिसके आभाव में विद्यार्थी महाविद्यालय के बाहर लगे साइबर कैफे से भुगतान करा रहे हैं, जो कि विद्यार्थियों के लिए खर्चीला हो रहा है। क्योंकि साइबर के संचालक इन्हीं कार्यों को करके अपनी आजीविका चलाते हैं। इसलिए महाविद्यालय को भुगतान की जाने वाली राशि से अधिकतम लगभग 300 रूपए प्रति विद्यार्थी को भुगतान करना पड़ रहा है। इस विषय पर एक छात्रा के अभिभावक भानु प्रताप मिश्र ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनकी पुत्री को स्नातक तृतीय वर्ष में नामांकन लेना था, जो कि नगर में पत्रकारिता करते हैं और उनकी पुत्री उसी महाविद्यालय से स्नातक द्वितीय वर्ष उत्तीर्ण है। यही कारण है कि वे नामांकन हेतु भुगतान किस प्रक्रिया से कर सकते हैं, उसकी जानकारी लेने के लिए महाविद्यालय द्वारा बनाई गई प्राध्यापकों की समिति सहित प्राचार्य से बार-बार पूछते रहे। जिस पर उनको एक ही उत्तर मिला कि साइबर कैफे में जा कर भुगतान करा लें। इस प्रक्रिया में प्रश्न पूछे जाने पर उनको एक महिला प्राध्यापक द्वारा एफआई.आर. की धमकी भी दी गयी। आखिरकार उन्होंने साइबर के एक संचालक से जानकारी लेकर स्वयं ही छात्रा के नामांकन शुल्क और नामांकन फॉर्म की राशि का भुगतान एसबीआई कलेक्ट पर जाकर किया। चूंकि उक्त महाविद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे ग्रामीण व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के होते हैं। इसलिए उन्हें नामांकन शुल्क और नामांकन फार्म के लिए साइबर कैफे में जाकर निर्धारित राशि से लगभग 300 रूपए अधिक भुगतान करना बोझ की भांति लग रहा है। इस पूरे घटनाक्रम पर नजर डालें तो इसमें सबसे अधिक प्राध्यापकों में डिजिटल साक्षरता न होना प्रतीत होता है। वही हिंदी से जुड़ी वर्तनी संबंधी त्रुटि महाविद्यालय के हिंदी विभाग पर प्रश्न खड़ा करता है। इसके अतिरिक्त सूचना पत्र में निर्गत दिनांक से पूर्व नामांकन दिनांक का होना एक गंभीर प्रश्न है। जिसका स्पष्टीकरण महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्रों को दिया जाना चाहिए।

गृह भेंट कर कुपोषण के खिलाफ जन जागरूकता फैला रही महिलाएं

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले में कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य की देखभाल और मॉनिटरिंग के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर 20 जुलाई से पूरे जिले में गृह भेंट अभियान शुरू किया है। यह अभियान अगले 30 जुलाई तक चलेगा। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने पिछले दिनों महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कुपोषित बच्चों के घर जाकर गृहभेंट करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि कुपोषण से निकालने के लिए प्रभावित बच्चों के पालकों को सही खानपान और स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी दें। जनप्रतिनिधियों को भी इसमें शामिल करें।

कुपोषित बच्चा नियमित रूप से पोषण आहार ले, इसकी मॉनिटरिंग करें। इसके साथ ही उन्होंने गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य का फॉलोअप लेने और उन्हें भी स्वास्थ्य संबंधी सलाह देने के निर्देश दिए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्री टी.के.जाटवर ने बताया कि कलेक्टर श्री सिन्हा के निर्देशानुसार जिले में चिन्हांकित 0-6 वर्ष तक के कुपोषित बच्चों के घरों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका जाकर सही पोषण आहार, स्वास्थ्य जांच संबंधी जानकारी दे रही हैं।

साथ ही गर्भवती महिलाओं से भी भेंट कर उन्हें नियमित एएनसी चेकअप, पोषण आहार, सुरक्षित और संस्थागत प्रसव के तरीके और लाभ बता रही हैं। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई से गृह भेंट अभियान की शुरुआत हुई है, जो आगे 30 जुलाई तक जारी रहेगा।

बच्चों को पशुओं से फैलने वाली बीमारियों की जानकारी दी गई

मुंगेली/नवप्रदेश। विश्व जुनोसिस दिवस के तहत कुत्तों में एण्टीरैबीज का टीकाकरण करने व पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाले बीमारियों की जानकारी देने जिले में 23 जुलाई तक जुनोसिस पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल दाउपारा के विद्यार्थियों को गत दिवस पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारियों के संबंध में जानकारी दी गई। पशु चिकित्सा सेवाएं के उपसंचालक डॉ. आर. एम. त्रिपाठी ने बताया कि विश्व में 166 प्रकार की विभिन्न बीमारियां पशुओं से मनुष्यों में फैलती है।

न्यूज गैलरी

ढाई माह बाद भी पोस्टिंग नहीं मिली

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोक निर्माण विभाग में प्रमोशन पाकर सहायक अभियंता बने अफसर सहायक अभियंता के नीचे काम कर रहे हैं। बिलासपुर समेत यह स्थिति राज्यभर के लोक निर्माण विभाग के दफ्तरों में हैं। राज्य शासन ने मई माह में सब इंजीनियरों को प्रमोशन देकर सहायक अभियंता बनाया था, लेकिन ढाई माह गुजर जाने के बाद भी उन अफसरों की पदस्थापना नहीं हो पाई है। यही वजह है कि सहायक अभियंता बनकर भी ऐसे अफसरों को सहायक अभियंता के अधीन काम करना प रहा है। इस मामले को लेकर छत्तीसग डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष इंजीनियर एचसी राठौर ने लोक निर्माण विभाग के सचिव को पत्र लिखकर जल्द से जल्द पदस्थापना करने की मांग की है।

सदस्यों ने दिया आय-व्यय का ब्योरा

बिलासपुर/नवप्रदेश। तेजस्विनी सेवा प्रतिष्ठान की आमसभा हुई। इसकी अध्यक्षता नागपुर की राष्ट्र सेविका समिति की अखिल भारतीय सह कार्यकारिका चित्रा ताई जोशी ने की। अतिथि डॉ. मृदुला बापर थीं, जो स्वामी विवेकानंद मेडिकल मिशन में कार्यरत हैं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद समाज के दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। प्रार्थना गीत के बाद प्रतिष्ठान की अध्यक्षा डॉ. सजना तिवारी ने प्रस्ताव रखा। वहीं पिछले वर्ष की बैठक की जानकारी उपाध्यक्ष साधना चिंचोलकर ने दी। वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन सचिव मंगला देशपांडे द्वारा किया गया। वार्षिक लेखा परीक्षण के बारे में कोषाध्यक्ष संध्या ने बताया। बैठक में सत्र 2023-24 का लेखा परीक्षक नियुक्ति अध्यक्ष की अनुमति से अनुमोदन व इस वर्ष के कार्यक्रम की योजना पर चर्चा की गई ई। चित्र ताई ने आशीर्वचन दिया।

किसान के मकान में चोरो ने बोला धावा

बिलासपुर/नवप्रदेश। चोरों ने किसान के मकान से दिनहदो एक लाख रुपए के माल पार कर दिए। घटना रतनपुर थाना क्षेत्र की है। ग्राम रानीगांव निवासी चंदराम धीवर गांव में ही खेती किसानी करते हैं। शराब दुकान के पास उनकी खेत है। गुरुवार की सुबह पत्नी सुकृता, बेटी भारती व आशा के साथ अपनी खेत की रखवाली के लिए चले गए थे। खेत से ही बेटी आशा स्कूल चली गई। इधर दिनभर काम करने के बाद किसान अपनी पत्नी व बेटियों के साथ शाम 6 बजे घर पहुंचे तो मकान के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। भीतर गए तो सामान अस्त-व्यस्त पे थे। बिस्तर के नीचे रखे बैग के कपड़े बिखरे हुए थे। बैग से 10 हजार रुपए कैश, चांदी की एक जोी पायल, सोने की माला, अंगूठी व चांदी की बिछिया गायब थे। चोर करीब एक लाख का माल ले गए थे।

मानिकचौरी गांव में फैला डायरिया

बिलासपुर/नवप्रदेश। मस्तूरी विधानसभा के पास मानिकचौरी गांव में शुक्रवार को डायरिया के 28 मरीज मिले हैं। अब यह आसपास के गांवों में भी फैलने लगा है। यहां 11 जगह से पानी का सैंपल लिया गया है। जिसे जांच के लिए भेजा गया है। शहर के बाद अब गांवों में डायरिया फैलने लगा है। मस्तूरी के मानिकचौरी में पिछले दो दिन से डायरिया के कारण लोग परेशान हैं। गुरुवार को 35 मरीज मिले थे, जिनका उपचार किया गया था। स्वास्थ्य विभाग ने शिविर लगाकर दवाई वितरण किया। शुक्रवार को 11 जगहों से पानी का सैंपल लिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर-घर सर्वे कराया जा रहा है। मानिकचौरी से दो किलोमीटर दूर खोखरी में डायरिया से 3 लोग पीति पाए गए हैं। चांटीडीह में एक भी मरीज नहीं मिला है। जल विभाग जगह चार पांच जगह से पानी का सैंपल लिया गया है।

बजरंग दल ने सिम्स में किया रक्तदान

बिलासपुर/नवप्रदेश। बजरंग दल के सदस्यों ने शुक्रवार को सिम्स के जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में बलौदा सेवा बस्ती, गोपारा निवासी अमर सिंह कंवर व उनके साथी शामिल है। सभी सदस्यों के बिलासपुर आने के लिए आर्थिक पुनीराम (टिल्लु) ने आर्थिक सहयोग किया। इस दौरान डॉ. मनीष देवांगन, संजय(बबलू) कंवर, प्रकाश कंवर, लवगों, रमेश केंवट, दुर्गेश कंवर, अमन खुंटे साथ में रहे।

बोदरी के मुक्तिधाम में वृक्षारोपण

बिलासपुर/नवप्रदेश। बोदरी स्थित मुक्तिधाम में श्रीराम कीर्तन मंडली द्वारा हरेली के अवसर पर पौधरोपण किया गया। इसमें छायादार,शोभादर, फलदार, औषधियुक्त ,सुगन्धित पुष्प दार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर जेठूराम साहू, परमेश्वर कौशिक संतोष साहू, राम शरण कौशिक, संतोष दास, मथुरा प्रसाद गुप्ता, चोलाराम कौशिक, रामनारायण कौशिक , संतोष धूरी, लक्ष्मण धूरी, दुर्गा साहू केजुराम साहू, जितेन्द्र कौशिक ,भोजरामधुरी, मधु अग्रवाल,रूपा यादव,रामायण नेताम, कौशिल ध्रुव, मनाटोरा धूरी सहित अन्य मौजूद रहे।

वृद्धाश्रम में संघ ने किया भजन प्रस्तुत

बिलासपुर/नवप्रदेश। कल्याण कुंज वृद्धाश्रम मसानगंज में ज्येष्ठ नागरिक संघ द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। ज्येष्ठ नागरिक के सदस्य मधुसूदन व साथियों ने सुमधुर भजन की प्रस्तुति दी। संघ के सदस्य शैलेन्द्र गोवर्धन व सचिव अरविन्द दीवाकीर्ति ने भी भजन गाकर वृद्धाश्रम के सदस्यों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में समाजसेविका व वृद्धाश्रम की संरक्षक सीता सोनथलिया, संघ की अध्यक्षा विद्या गोवेर्धन, सह सचिव बालगोविंद अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य नित्यानंद अग्रवाल, रामशंकर शुक्ला, मेहर प्रसाद, शाशी मेहर, मंजरी, संजय वर्तक, रामचंद्र दीक्षित सहित 60 सदस्य उपस्थित थे। 180 जरूरतमंदों को बांटे कपड़े बिलासपुर/नवप्रदेश। लायंस क्लब बिलासपुर उत्कर्ष द्वारा 1 जुलाई से अनवरत सेवा कार्य किये जा रहे हैं। इसी के तहत स्वर्गीय डॉ. रामकिशन जितपुरे की स्मृति पर श्री सत्य साईं सेवा समिति तोरवा में प्रसाद व नए वस्त्र का वितरण किया गया। इसमें लगभग 300 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया व 180 लोगों को टीशर्ट, साड़ी, फ्रॉक आदि दिए गए। लायंस क्लब उत्कर्ष की अध्यक्ष डॉ. रश्मि जितपुरे द्वारा संस्था की तरफ से अनाज व मसाले प्रदान किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व मेयर वाणी राव थीं। इस अवसर पर पार्षद संध्या तिवारी, परिवार के सदस्य सोनल साहू, रवि जितपुरे, नुपुर, रेयान, समिति संयोजक बलराम देवांगन, पी रामाराव, एवीएस नेहरू सहित अन्य मौजूद रहे।

सर्वसम्मति से जयश्री अध्यक्ष मनोनित

बिलासपुर/नवप्रदेश। भोई समाज की तोरवा इकाई का गठन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष सुनील भोई व महिला नगर अध्यक्ष त्रिवेणी भोई मौजूद रहीं। उन्होंने सर्वसम्मति से तोरवा इकाई की अध्यक्ष के रूप में जयश्री भोई को बनाए जाने की घोषणा की। उनके अलावा उपाध्यक्ष संतोषी भोई, कोषाध्यक्ष गिरजा भोई व सचिव संतोषी सुनील भोई को चुना गया। इस अवसर पर जुगा भोई, रामबाई भोई, कमला भोई, अमरीका भोई, झबली सैनिक, कुमारी भोई, चंद्रिका भोई, निर्मला भोई, उत्तरा भोई, सकून भोई, गंगा भोई, हेमिन भोई, सरिता भोई, रजनी भोई, विजय लक्ष्मी, रेखा भोई आदि मौजूद रहीं।

हादसों को दावत देती खस्ताहाल सड़क

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत सोनसरी से लेकर सोन, बसंतपुर, मुकुंदपुर व उदाईबंद तक 10 किमी सड़क बनाई गई थी। लेकिन यह सड़क बीते 6 साल से खस्ताहाल हो चुकी है। इस वजह से पांच गांव के ग्रामीणों को आवाजाही में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि पांच गांवों को मस्तूरी से जोड़ने वाली 10 किमी सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इस वजह से लोगों आवाजाही करने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में सड़क के गड्ढों में पानी भर गया है, इससे हादसे की आशंका है। वहीं सामान्य दिनों में सड़क पर धूल के गुब्बर उड़ते है। ग्रामीणों ने मामले की मौखिक व लिखित शिकायत विभागीय अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों से की थी, लेकिन स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं आया है। इस वजह से वे परेशान है। बता दें कि बारिश के दिनों में मस्तूरी से संपर्क टूटने जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने सड़क नहीं बनाने की स्थिति में चक्काजाम करने की बात कहीं है। उन्होंने कलेक्टर परिसर का भी घेराव करने की बात कहीं है।

49 स्टेशनों को मिलेगी अमृत भारत की पहचान

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन बिलासपुर चार राज्यों में फैला हुआ है। इसके बिलासपुर सहित 49 रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत योजना के तहत विकसित करने का निर्णय केंद्र सरकार ने लिया है। देशभर के चिन्हित 1309 रेलवे स्टेशनों में ये रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं। जोन के चारों राज्यों के स्टेशनों को इसमें शामिल किया गया है।

राज्यसभा में शुक्रवार को एक प्रश्न के दौरान रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अमृत भारत स्टेशन योजना के संबंध में जानकारी दी, जिसके अनुसार मॉडल स्टेशन योजना 1999 से 2008 तक प्रचलन में थी ।

इन स्टेशनों में छत्तीसगढ़ के 30, मध्य प्रदेश के 9, महाराष्ट्र के 8 और ओडिशा के 2 स्टेशन शामिल हैं। इसमें बिलासपुर, रायगढ़, बाराद्वार, चांपाप, नैला, अकलतरा, कोरबा, उसलापुर, पेंड्रारोड, बैकुंठपुर रोड, अंबिकापुर, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, बिजुरी, ब्रजराजनगर, बेलपहाड़, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, दुर्ग, भिलाई पावर हाउस, भिलाई, बालोद, दल्ली राजहरा, भानुप्रतापपुर, सरोना, उरकुरा, भिलाई नगर, बिल्हा, भाटापारा, हथबंद, तिल्दा नेवरा, रायपुर, बालाघाट समेत अन्य शामिल हैं।

मोहर्रम पर तकरीर | मौलाना अदनान ने कहा जो अहले बैत से मोहब्बत करेगा उसे भी सम्मान मिलेगा

बिलासपुर/नवप्रदेश। मोहर्रम पर सत्यम चौक में आयोजित जलसे में तकरीर करते हुए किछौछा से आए हजरत मौलाना अशरफ अदनान ने अहले बैत के घरानों का जिक्र करते हुए कहा कि जिन्हें अहले बैत से मोहब्बत है उन्हें भी शहीद का दर्जा मिलेगा। वे उसकी देन कमेटी के कार्यक्रम में तकरीर कर रहे थे। शोहदाए कर्बला की अजीम शहादत की याद में मनाए जाने वाले वाले मोहर्रम के मौके पर उसकी देन कमेटी द्वारा हर साल की तरह इस साल भी सात दिवसीय तकरीर का सत्यम चौक में शानदार आयोजन किया गया है। किछौछा से आए हजरत मौलाना अशरफ अदनान साहब ने अपनी तकरीर का आगाज करते हुए अपने रब और पैगम्बर मोहम्मद साहब के संदेश को बताते हुए कुरान एवं हदीस पर रोशनी डाली तथा अहले बैत के घरानों की जानकारी बहुत ही सुन्दर ढंग से पेश की। इसमें सिलसिलेवार मंजरों का जिक्र किया। उन्होंने मां और बाप के प्रति औलाद के फर्ज का अदभुत चित्रण प्रस्तुत किया। तकरीर शुरू होने के पहले उसकी देन कमेटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद गयूर ने मौलाना अदनान साहब की गुलपोशी कर इस्तकबाल किया। दूसरी तरफ सात रोजा महिलाओं का भी तकरीरी जलसा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक रमजानी बाबा शेड तालापारा में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें आलिमा फाजिला महसर जहां मुम्बई तकरीर कर रही हैं। यहां महिलाओं की भारी भीड़ उपस्थित हो रही है। कमेटी के संयोजक शेख नजीरुद्दीन, सरपरस्त एस ए कादिर, कमेटी के अध्यक्ष हाजी गय्युर हुसैन, जफर भाई,,सरवर अली आदि मौजूद रहे।

पहले दिन आग, दूसरे दिन लगा ली फांसी

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्राम पचपेड़ी के वार्ड क्रमांक 11 में रहने वाले एक ग्रामीण ने अपने ही कमरे में एक दिन पहले आग लगा दी थी और फिर दूसरे दिन खुद के कमरे में ही फांसी का फंदा बनाकर लटक गया। इससे ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस आगे की जांच में जुट गई है। ग्राम पचपेड़ी निवासी 45 वर्षीय कुमार नायक पिता सुखराम नायक अपने ही घर के म्यार में नायलॉन की रस्सी को फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया। दूसरी ओर उसकी पत्नी घर का दरवाजा खटखटाती रही, लेकिन जब अंदर से कोई जवाब नहीं मिला तो प?ोसियों को इसकी जानकारी दी। पड़ोसियों ने घर के ऊपर लगे टीन को हटाकर घर में घुसे तो देखा कि कुमार फांसी के फंदे पर लटका हुआ है और उसकी मौत हो चुकी है।

सावन ब्यूटी... महिलाओं ने दिया हरियाली का संदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। गीतांजलि सिटी फेस-2 की महिलाओं ने सावन उत्सव मनाकर हरियाली का संदेश दिया। इस मौके पर उन्होंने पौधे लगाने का संकल्प लिया। महिलाएं हरे-हरे परिधानों में नजर आई। हरियाली माह को लेकर इस अवसर पर नृत्य, संगीत, विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। महिलाओं ने कहा कि उत्सव मनाने का मुख्य मकसद छिपी प्रतिभाओं को आगे लाना है। हर कोई प्रतिभा के धनी है। चाहे वह गायन हो या नृत्य, कुकिंग हो या डेकोरेशन। उन्होंने कहा कि एक मंच पर एक साथ 16 श्रृंगार कर उत्सव मनाने के लिए हर वर्ष ऐसा आयोजन होता है, जिससे महिलाएं अपने त्योहार और संस्कृति की पहचान कराती हैं। कार्यक्रम में बच्चों के लिए भी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस मौके पर विनीता चौरसिया, भारती साहू, सीमा देवांगन, बृहस्पति कश्यप, ज्योति साव, दीपा चंद्रा,राधिका साहू, सुमन शर्मा समेत अन्य मौजूद थीं।

लायंस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह

बिलासपुर/नवप्रदेश। लायंस क्लब बिलासपुर ऊर्जा का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि कोल ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष चरणजीत सिंह गंभीर, विशिष्ट अतिथि केबिनेट सेक्रेटरी आशीष अग्रवाल, माइक्रो केबिनेट मेंबर सुधा साव, जोन चेयरपर्सन डॉ. पीके शर्मा रहे। शपथ अधिकारी परमजीत सिंह सलूजा ने अध्यक्ष रिंपी होरा व उनकी नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि गंभीर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर नशा मुक्ति अभियान चलाएं। महिलाओं को स्वावलंबन बनाने सिलाई प्रशिक्षण संचालित करें। गंभीर ने महिला स्वावलंबन के लिए सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के लिए 5 सिलाई मशीन व जगह उपलब्ध कराने साथ ही जरूरतंमद छात्रा को वर्षभर के लिए फीस देने की बात कही। अंतरराष्टीय बेसबाल खिलाी अंजली खलखो, नेहा शर्मा व सृष्टि शर्मा का सम्मान किया गया। चार्टर अध्यक्ष डॉ. सुषमा सिंह ने कहा कि लायंस क्लब बिलासपुर ऊर्जा के गठन को 5 वर्ष हो गए हैं। अब ग्रामीण क्षेत्रों में गुलाबी गैंग की तरह नशा मुक्ति के लिए सामाजिक जागरुकता अभियान चलाएंगी। विशिष्ट अतिथि केबिनेट सेक्रेटरी आशीष अग्रवाल ने डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट में फुड फॉर हंगर, चाइल्डहुड कैंसर, पर्यावरण, नेत्र सुरक्षा, यूथ पर कार्य करने को कहा। सुधा साव ने ऊर्जा क्लब की नई टीम को बधाई दी।

वैभव को भारत के राजपत्र में जगह मिली

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार से सम्मानित वैभव मिश्रा को भारत के राजपत्र में जगह मिली है। उन्हें अदम्य साहस के लिए 26 जनवरी 2023 को नई दिल्ली में सम्मानित किया जा चुका है। अब इसकी सूचना भारत के राजपत्र में प्रकाशित की गई है। शहर से लगे कोरिया के वैभव मिश्रा को वीरता पुरस्कार के लिए चुना गया था। वैभव और उनकी टीम ने दंतेवाा में नक्सलियों को उनके घर में घुसकर धूल चटाई थी। एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव को दंतेवाा में हथियारों से लैस 60-70 माओवादी के होने की सूचना मिली। उन्होंने नक्सल ऑपरेशन अभियान के लिए कमांडर के तौर पर वैभव का चुनाव किया। अंधाधुंध गोलियों की बौछारों के बीच वैभव ने नक्सली कमांडर को मार गिराया। उनके इसी साहस के लिए उनका चयन वीरता पुरस्कार के लिए किया गया था। वैभव बिलासपुर के सीपत के छोटे से गांव कौयिा के रहने वाले हैं। वैभव के पिता रघुनंदन मिश्रा लोकल फंड ऑडिट के रिटायर्ड असिस्टेंट डायरेक्टर रह चुके हैं।

जेम से खरीदी में एसईसीएल सक्रिय, कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया को मिला पुरस्कार

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसईसीएल ने वित्तीय वर्ष 23-24 में अब तक जेम (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) पोर्टल पर 346 करो से अधिक की खरीदारी की गई है। जेम पोर्टल सरकारी खरीद-फरोख्त के लिए बनाया गया एक ऑनलाइन पोर्टल है। 2016 में शुरू किए गए इस पोर्टल का लक्ष्य सरकार एवं उसके उपक्रमों द्वारा की जाने वाली रीदारी को कुशल, पारदर्शी और समावेशी बनाना है। अप्रैल 2023 से लेकर अब तक कंपनी ने जेम पोर्टल के माध्यम से 172 करो से अधिक की वस्तुओं एवं 174 करो से अधिक की सेवाओं का क्रय किया है। कंपनी ने पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग 13त्न की वृद्धि दर्ज की है। हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय ने जेम के माध्यम से ई-प्रोक्योरमेंट के लिए कोयला मंत्रालय को बेस्ट एंगेजमेंट श्रेणी में एवं कोल इंडिया को राइजिंग स्टार श्रेणी में सम्मानित किया है। कोयला मंत्रालय एवं कोल इंडिया की इस उपलब्धि में अनुषंगी कंपनियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है जिसमें एसईसीएल ने भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाई है। कंपनी द्वारा प्रयोग में ली जाने वाली उन सभी चीजों का शत-प्रतिशत क्रय जेम पोर्टल से किया जा रहा है जो जेम पोर्टल पर उपलब्ध हैं। 2063 करो रुपए का बा टेंडर किया इसके साथ ही कंपनी माइनिंग सर्विसेज़ से जु बे टेंडर भी जेम के माध्यम से जारी कर रही है।

कंपनी द्वारा मार्च के महीने में गेवरा खदान में कोयला हैंडलिंग, ट्रांसपोर्ट व अन्य खनन गतिविधियों के लिए जेम पोर्टल पर 2063 करोड़ रुपये की लागत का एक बा टेंडर जारी किया गया था। यह टेंडर माइनिंग सर्विसेज़ (कंपोज़िट वर्क) के लिए किसी भी कंपनी द्वारा जारी किया गया सबसे बा टेंडर था। नट-बोल्ट समेत ये उत्पाद खरीदे एसईसीएल ने जेम पोर्टल के माध्यम से एसईसीएल ने कोयला उद्योग से जु उत्पादों एवं सेवाओं का क्रय किया है जिसमें नट-बोल्ट से लेकर खदानों में प्रयुक्त होने वाली बी एचईएमएम मशीनें जैसे 240 टन डंपर, 42 क्यूबिक मीटर शॉवेल, डोजर, ग्रेडर आदि शामिल हैं। इसके साथ ही कंपनी, वे ब्रिज, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार, आईटी, इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल, एवं दैनिक उपयोग से जु विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं का क्रय जेम पोर्टल के माध्यम से कर रही है।

श्याम मंदिर में भागवत कथा सुनने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बिलासपुर/नवप्रदेश। भक्त वही है जो भगवान को हर रूप में पहचान ले। भगवान एक ही हैं। वही अवतार व वही अवतारी है। एक ही परमात्मा अनेक रूपों में हैं। भगवान के अवतार 24 नहीं अनंत हैं। श्याम मंदिर में भागवत कथा सुनाते हुए अयोध्या से आए स्वामी राघवाचार्य महाराज ने यह बात कही। शुक्रवार को उन्होंने स्वर्ग-नरक वर्णन, अजामिल उपाख्यान व प्रह्लाद चरित्र का वर्णन किया। सनातन धर्म की विशेषता बताते हुए उन्होंने कहा कि अध्यात्म,व्यवहार और विज्ञान का संगम है सनातन धर्म। भगवान, जीव, सृष्टि सब कुछ अनादि है। भगवान की लीलाओं को मस्तिष्क में धारण करना मुश्किल है। यही वजह है कि भगवान के 24 अवतारों की चर्चा की जाती है। उन्होंने पूतना वध व भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य श्रृंगार की कथा पर भी प्रकाश डाला और कहा कि भागवत कथा सारे शास्त्रों का सार है, इसलिए भगवान की कथा में भाव से डूबें। कथा व्यास ने कहा कि हमेशा पाल्य जीवों को ही पालें। अपनी खुशी के लिए स्वच्छंद विचरण करने वाले जीवों को बंधन में डालना पाप है। कार्यक्रम का आयोजन शैल मिश्रा, मंजू मिश्रा व मिश्रा परिवार की ओर से किया जा रहा है।

भगवान के हर फैसले से खुश रहें कथावाचक राघवाचार्य

महराज ने कहा कि हर परिस्थिति में भगवान के अनुग्रह का अनुभव करना ही भक्त की पहचान है। भगवान जो करते हैं, अच्छे के लिए करते हैं। उनका हर विधान मंगलमय होता है, इसलिए उनके हर विधान में खुश रहें। भगवान की इच्छा में अपनी इच्छा का लय कर लेना ही भक्ति है। अंतःकरण के पूर्ण रूप से शुद्ध होने पर ही भगवान के दर्शन होते हैं। भगवान के दर्शन पाने की लालसा उत्पन्न होना दुर्लभ है। यदि लालसा उत्पन्न हो जाए तो भगवान दर्शन के लिए तैयार बैठे रहते हैं। वेद कराता है सच्चा ज्ञान वेद पढ़ने के कठोर नियम हैं। वेद तो सूत्र परंपरा से अनादिकाल से चला आ रहा है। वेद गुरु के सानिध्य में पढ़ना होता है। गुरु के उच्चारण को सुन वेद ज्ञान होता है। वेद ज्ञान के बिना कल्याण नहीं होता। वेद परमात्मा की श्वांस है। यह किसी मनुष्य की रचना नहीं है। धर्म को जानने वेद का आश्रय लेना होता है। वेद से ही धर्म ज्ञान प्राप्त होता है। भगवान ने वेदों के रहस्य को सरल शब्दों में प्रस्तुत किया है। भगवान ने वेद व्यास के रूप में अवतार लिया। वेद के सिद्धांत का विस्तार करने पर ही उनका नाम वेदव्यास पड़ा। उन्होंने वेदों की व्याख्या 17 पुराणों व महाभारत के रूप में किया है।

चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सूरजपुर/नवप्रदेश। ग्राम बरबसपुर थाना रामानुजनगर निवासी सुरेन्द्र साहू ने थाना रामानुजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 21.07.23 को संजय मरावी व 1 अन्य व्यक्ति इसके घर के अंदर घुसकर नगदी रकम 20 हजार रूपये, सोने का झुमका 1 नग, सोने का टप्स 1 जोड़ी, सोने का मंगलसूत्र 1 नग को चोरी कर ले गए है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 454, 380 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला ने चोरी के दोनों आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी को लेकर थाना प्रभारी रामानुजनगर को निर्देश दिए। थाना रामानुजनगर की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी संजय मरावी को पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि अपने 1 साथी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी के निशानदेही पर ताला तोड़ने का औजार एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर आरोपी संजय मरावी उर्फ संजू पिता स्व. जयलाल उम्र 25 वर्ष निवासी सारबहरा स्टेशन, थाना गौरेला, जिला जीपीएम को गिरफ्तार किया गया। मामले में फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर प्रकाश राठौर सहित उनकी टीम सक्रिय रही।

पिता की हत्या करने वाला गिरफ्तार

सूरजपुर/नवप्रदेश। ग्राम कुप्पी चौकी कुदरगढ़ निवासी उजागिर सिंह ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि खेत में बिड़ा उखाड रहा था उसी दौरान भाई अजय ने आकर बताया कि अमर सिंह उर्फ बबलू के द्वारा अपने पिता मनिजर को खरदहा नाला के उपर डांड में जमीन संबंधी बात को लेकर डण्डा से मारकर हत्या कर दिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 45/23 धारा 302 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

मामले की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला ने आरोपी को पकड़ने के निर्देश दिए। चौकी कुदरगढ़ की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी अमर सिंह पिता स्व. मनिजर सिंह उम्र 35 वर्ष ग्राम कुप्पी को पकड़ा। पूछताछ पर उसने हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाजरब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी कुदरगढ़ आर.सी.राय, प्रधान आरक्षक मुकेश यादव, राजेन्द्र कुमार, आरक्षक अमिताभ रावत व रामकुमार सक्रिय रहे।

राजीव युवा मितान क्लब की खेलकूद स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

दतिमा मोड़/नवप्रदेश। भैयाथान विकासखण्ड के राजीव युवा मितान क्लब राई द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल अंतर्गत सलेहापारा स्कूल ग्राउंड में खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत राई सरपंच दुर्गा सिंह पैकरा व विशिष्ट अतिथि सचिव देवनारायण राजवड़े उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि सरपंच दुर्गा सिंह पैकरा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल का आनंद अलग होता है। खेलों को बढ़ावा देने और प्रतिभाओं को आगे लाने के उद्देश्य से हर संभव प्रयास किया जा रहा है। स्वस्थ रहने के लिये भी हमें खेल खेलना जरूरी है। मानसिक-शारीरिक संतुलन के लिए खेल अति आवश्यक है। राजीव युवा मितान के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में प्राथमिक व मिडिल और हाई स्कूल सहित राई पंचायत के सभी खेल प्रेमियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खो-खो, पिठुल, ऊँची कूद, जलेबी दौड़, रस्सी दौड़, फुटबॉल, बैडमिंटन व अन्य खेलकूद कराया गया। यह आयोजन लगातार छः दिनों तक चला। इस प्रतियोगिता में भाग लेकर सभी ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी। आयोजन के दौरान शर्त ये रखी गई थी कि सभी विजेताओं को 15 अगस्त को नगद राशि सहित शील्ड से पुरस्कृत किया जाएगा।

इस दौरान राजीव युवा मितान के अध्यक्ष पन्ना देवांगन, सचिव जय विश्वराज जयसवाल, अब्दुल खान, विनय यादव, देवा यादव, आशीष जायसवाल, खेल साय पैकरा, जयसिंह, सुखराम पैकरा और ग्रामवासी मौजूद रहे।

समूह की महिलाओं को दी गई लेमन ग्रास-औषधीय पौधों की जानकारी

गौरेला/नवप्रदेश। जिले में सुगंधित एवं औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी सिलसिले में मरवाही जनपद के ग्राम सेखवा, पथर्रा एवं मड़ई के स्व सहायता समूह की महिलाओं को महासमुंद जिले के बागबाहरा विकासखंड के ग्राम चुरकी का भ्रमण कराया गया । जहां पर महिलाओं को लेमन ग्रास की खेती कैसे की जाय और इससे क्या लाभ होगा के बारे में पूरी जानकारी दी गई। भ्रमण दल में 30 महिलाए शामिल थीं। भ्रमण का आयोजन छत्तीसगढ़ स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड से संबद्ध क्रिस्टल एजुकेशन सोसायटी द्वारा किया गया। महिलाओं को सुगंधित एवं औषधीय पौधों और लेमन ग्रास की मशीन के बारे में पूरी जानकारी दी गई। महिलाओं को प्रति एकड़ कितना फायदा होगा इस बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही लेमन ग्रास तेल निकालने की मशीन के बारे में पूरी जानकारी दी गई। महिलाओं को यह भी बताया गया कि प्रति एकड़ न्यूनतम 60 हजार रूपए और अधिकतम 80 हजार रूपए से एक लाख रुपए तक महीने में कमाई कर सकते हैं।

बालक आश्रम खोंगापानी में स्वास्थ्य जांच के लिए पहुंची मोबाइल मेडिकल यूनिट

■ 68 बच्चों का किया गया स्वास्थ्य जांच और उपचार

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत नगरीय निकायों में मोबाईल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है। हमर मुखिया के विज़न खुशहाल सब्बो झन के तर्ज पर चलित स्वास्थ्य वाहन के द्वारा गली-मोहल्लों और भीड़-भाड़ वाले इलाक़ों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर गरीब और जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा प्रदान किया जा रहा है। एमएमयू में डॉक्टर की टीम के द्वारा निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श, लैब टेस्ट और दवा की सुविधा प्रदान किया जाता है। नगर निगम चिरमिरी में 2 एवं नगर पंचायत मनेंद्रगढ़, खोंगापानी, झगराखंड व लेदरी में 1 मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है। एमएमयू में सभी तरह के लैब टेस्ट ब्लड टेस्ट, बीपी, शुगर, मलेरिया, जैसे अन्य 41 प्रकार के जाँच की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है।

एमएमयू के एपीएम श्री हिमांशु वर्मा ने बताया कि नगर पालिका परिषद खोंगापानी में रविवार को शासकीय आदिवासी बालक आश्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बारिश के मौसम में बच्चों को अक्सर सर्दी, खांसी, बुख़ार और खुजली जैसी शिकायत रहती है। शिविर के माध्यम से लगभग 68 स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य जाँच सह उपचार किया गया। बच्चों को विटामिन का सीरप भी प्रदान किया गया। एमएमयू में आकर बच्चे बहुत खुश हुए।

गौरेला विकास समिति ने किया पौधारोपण

गौरेला/नवप्रदेश। स्वतंत्रता सेनानी स्व श्री बिसाहूदास महंत जी की पुण्यतिथि के अवसर पर नगर गौरला विकास समिति ने निर्माणाधीन कलेक्टर कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। बिसाहूदास महंत जी को याद करते 200 फलदार और औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर अशोक शर्मा, सुखदेव सिंह ग्रेवाल,मो नफीस, ठाकुर घनश्याम सिंह, संध्या राव, संदीप जैसवाल,वसीम खान,निलेश साहू, सुहेल आलम,पुष्पेंद्र त्रिपाठी, आमिर अली, विक्रांत रोहणी सहित नगर गौरेलावासी एवं गुरूकुल विद्यालय के छात्र उपस्थित थे।

मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत वृहद वृक्षारोपण

गौरेला/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेन्ड्रा के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा प्राचार्य एल.पी. डाहिरे के नेतृत्व में खेल एवं युवा मंत्रालय की थीम मेरी माटी मेरा देश के तहत वृक्षारोपण किया गया। यह कार्यक्रम अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबध सेजेस हिन्दी माध्यम विद्यालय पेन्ड्रा के स्वयं सेवकों द्वारा गोद ग्राम बन्धी में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत में बैठक आयोजित कर वृक्षारोपण का कार्य किया गया, जिसमें सरपंच, पंच, रोजगार सहायक शामिल थे। कार्यक्रम के तहत वाटिका निर्माण कर पौधारोपण का कार्य किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश दुबे थे। इस अवसर पर रोजगार सहायिका किरण नागेश, कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार शर्मा, कार्यक्रम सहायक कमलेश यादव, मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक, शिक्षण गण, स्वयं सेवक, छात्र छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

एसडीआरएफ में रसोइया भर्ती के लिए आवेदन 11 तक

जगदलपुर/नवप्रदेश। कार्यालय संभागीय सेनानी नगर सेना बस्तर संभाग जगदलपुर द्वारा एसडीआरएफ में रसोईया पद पर भर्ती के लिए 6 वर्ष की सेवाकाल पूर्ण करने वाले सेवारत स्वयंसेवी नगर सैनिकों से 11 अगस्त तक आवेदन पत्र मंगाए गए हैं। आवेदन पत्र आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ अभ्यर्थी द्वारा सत्यापित कर पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से या स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय जिला सेनानी नगर सेना जगदलपुर में स्वीकार किए जाएंगे।

आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 8वीं परीक्षा उत्तीर्ण समेत 6 वर्ष की सेवावधि पूर्ण कर रोल पर रहने वाले स्वयंसेवी नगर सैनिकों का ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जाएगा। आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आयु सीमा 1 जनवरी 2023 की स्थिति में न्यूनतम 24 वर्ष व अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिए, आयु सीमा में छूट शासन नियमानुसार दी जाएगी। अभ्यर्थी का रोजगार कार्यालय में 11 अगस्त 2023 की स्थिति में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।

देश सेवा करना चाहते हैं तो लोगों को करें जागरूक : कलेक्टर

कांकेर/नवप्रदेश। मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए महाविद्यालय, नर्सिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक, कृषि एवं आईटीआई के छात्र-छात्राओं को कैंपस एंबेसडर नियुक्त किया गया है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने नियुक्त कैंपस एंबेसडर्स का जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा देश सेवा करना चाहते हैं, तो मतदाताओं को मतदान करने जागरूक करें। उन्होंने शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य, मतदान में युवा, महिला, श्रमिक सहित सभी वर्ग की भागीदारी बढ़ाने, मतदान में शासकीय कर्मचारियों द्वारा पोस्टल बैलेट का प्रयोग करने की जानकारी दी गई।

कलेक्टर ने कैंपस एंबेसडर एवं कैंपस नोडल अधिकारी के कार्यों को बताया तथा सभी कैंपस एम्बेसडर किसी भी राजनीतिक दल से प्रेरित न हो, इसका विशेष ध्यान रखने कहा। कैंपस नोडल अधिकारियों के सहयोग से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, उनका नाम जोड़ा जाए तथा 1 अक्टूबर 2005 के पहले जन्म लिए व्यक्तियों का का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

दांव लगाया 58 करोड़ और ...

अनंत जैन ने बिजनेसमैन को ज्यादा पैसे कमाने का लालच देकर ऑनलाइन सट्टा खेलने के लिए मनाया। शुरुआत में बिजनेसमैन ने हवाला एजेंट के जरिए 8 लाख रुपए अनंत जैन को ट्रांसफर किए। जैन ने बिजनेसमैन को ऑनलाइन गैंबलिंग अकांउट खोलने के लिए वॉट्सऐप पर एक लिंक भेजी। बिजनेसमैन ने 8 लाख रुपए के साथ सट्टा खेलने की शुरुआत की।

5 करोड़ कमाए तो 58 करोड़ गंवाए

गैंबलिंग की शुरुआत में बिजनेसमैन को फायदा हुआ, लेकिन बाद में वह हारने लगा। कुल मिलाकर उसने सिर्फ 5 करोड़ रुपए कमाए, वहीं 58 करोड़ गंवा दिए। बिजनेसमैन को शक हुआ कि ज्यादातर मौकों पर वह हार ही रहा है तो उसने अपने पैसे वापस मांगे, लेकिन जैन ने मना कर दिया। इसके बाद बिजनेसमैन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

अमित शाह दिल्ली रवाना ...

जी का किया अभिनंदन। केंद्र द्वारा 12 जनजातियों को जनजाति समाज में शामिल करने, माहरा और महारा समाज को अनुसूचित जाति समाज में शामिल करने और सहारा निवेशकों के लिए रिफंड पोर्टल शुरू करने हुआ अभिनंदन।

दूसरी पत्नी नहीं कर सकती ...

महिला) को याचिकाकर्ता की दूसरी पत्नी माना जाता है, तो जाहिर है, आईपीसी की धारा 498-ए के तहत अपराध के लिए याचिकाकर्ता के खिलाफ दायर शिकायत पर विचार नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने कहा, दूसरे शब्दों में, दूसरी पत्नी द्वारा पति और ससुराल वालों के खिलाफ दायर की गई शिकायत सुनवाई योग्य नहीं है। निचली अदालतों ने इस पहलू पर सिद्धांतों और कानून को लागू करने में गलती की है। इसलिए, अदालत इस मामले में पुनरीक्षण क्षेत्राधिकार का प्रयोग कर उचित हस्तक्षेप कर रही है। कर्नाटक हाई कोर्ट तुमकुरु जिले के विट्ठावतनहल्ली निवासी कंथाराजू द्वारा दायर आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

शिकायतकर्ता महिला ने निचली अदालत में दावा किया था कि वह कंथाराजू की दूसरी पत्नी है। वे पांच साल तक साथ रहे और उनका एक बेटा भी है। लेकिन बाद में वह लकवाग्रस्त हो गई और अशक्त हो गई। उन्होंने कहा, इसके बाद कंथाराजू ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया और क्रूरता और मानसिक यातनाएं दीं।

महिला ने पति के खिलाफ इस बारे में शिकायत दर्ज कराई। मामले की सुनवाई करते हुए तुमकुरु में ट्रायल कोर्ट ने जनवरी 2019 में कंथाराजू को दोषी पाया। अक्टूबर 2019 में एक सत्र न्यायालय ने भी कंथाराजू की सजा की पुष्टि की। कंथाराजू ने उसी वर्ष पुनरीक्षण याचिका के साथ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया लेकिन चार साल बाद अब हाई कोर्ट ने उस मामले को ही खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि दूसरी पत्नी क्रूरता की शिकायत दर्ज नहीं करा सकती है।

युवाओं से सीएम ने ...

कसडोल के देवेंद्र सतनामी ने कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों के लिए बसों में फ्री टिकट की। सुविधा दिए जाने की मांग की ताकि कॉलेज जाने वाले छात्रों को सुविधा मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छा सुझाव है हम घोषणापत्र में इसे जरूर शामिल करेंगे।

सीएम बघेल से भेंट-मुलाकात के लिए युवाओं में जबरदस्त उत्साह दिखा। युवाओं ने नवा छत्तीसगढ़ के निर्माण पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए मौके पर ही उनकी विभिन्न मांगों पर कई अहम घोषणाएं की।

मुख्यमंत्री बघेल की युवाओं से भेंट-मुलाकात कार्यक्रम को पूर्व में आयोजित प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान का विस्तार माना जा रहा है। मुख्यमंत्री बघेल की युवाओं से भेंट-मुलाकात कार्यक्रम को पूर्व में आयोजित प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान का विस्तार माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम के माध्यम से मेरे सपनों का नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने के लिए युवाओं की सोच और सुझाव भी लेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से मिले सुझावों को नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने के लिए तैयार की जाने वाली योजनाएं बनाने में भी शामिल किया जाएगा। युवा इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री से सीधे प्रश्न भी पूछ सकेंगे और उनके जवाब भी पा सकेंगे।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर डा. सर्वेश्वर भुरे ने जिले के प्रमुख अधिकारियों के साथ बैठक की और कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कार्यक्रम के लिए कानून व्यवस्था, आयोजन संबंधी इंतजामों आदि की समय पर तैयारियों के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साढ़े चार सालों में युवा हित में अनेक निर्णय लिये हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की फीस माफी के साथ ही राज्य में रोजगार मिशन का संचालन किया जा रहा है। साढ़े चार सालों में बड़े पैमाने पर शासकीय भर्तियां की गई हैं। हाल ही में रोक हटने के बाद और लगभग 20 हजार शासकीय पदों भर्तियां की जा रही हैं।

रोजगार मेलों का आयोजन कर बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। एक लाख 17 हजार से अधिक युवाओं को बेरोजगारी भत्ते की राशि हर महीने प्रदान की जा रही है। अब तक 80 करोड़ रुपए भत्ते के रूप में बेरोजगार युवाओं के खाते में अंतरित की जा चुकी है।

अपन कका और ....

संख्या में पहुंचा। युवा शक्तियों के उत्साह से रायपुर का इंडोर स्टेडियम सराबोर था, युवाओं का जज़्बा देखते ही बनता है, स्टेडियम युवाओं से पूरा भर चुका है। अब तो बस कका का इंतजार है। सज चुका है युवाओं से संवाद का मंच.... युवा कर रहे हैं बेसब्री से अपने चहेते कका का इंतजार. युवाओं से करने, युवाओं की बात कका करने आ रहे हैं, युवाओं से भेंट मुलाकात।

किराए का मकान लेकर ...

लोगों का पूरा साथ मिलेगा। भाजपा की तरफ से ऐसा कुछ होता नहीं दिख रहा है कि उनके 13 सीटों से बढ़कर 46 सीटें मिल सके।

रायगढ़ में फिर शुरू...

भूस्खलन हुआ था. अधिकारियों ने बताया कि गांव के 48 में से कम से कम 17 मकान पूरी तरह से या आंशिक रूप से मलबे में दब गए. इससे पहले, अधिकारियों ने कहा था कि शनिवार को भूस्खलन में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 27 हो गई, जबकि 81 लोगों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

उन्होंने बताया कि इस हादसे में एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई. शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता उद्धव ठाकरे ने शनिवार को इरशालवाड़ी के निवासियों से मुलाकात की. उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में भूस्खलन के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर बसाया जाना चाहिए।

अकाली दल व एसओआई ...

गया था। मिली जानकारी के मुताबिक गुरजीत सिंह से पूछताछ के बाद ही तेजबीर सिंह को गिरफ्तार किया गया है। यह भी जानकारी मिली है कि इसे गुरजीत सिंह ने हीरोइन तेजबीर सिंह को बेच देता था। तेजबीर सिंह की तस्वीरों से साफ पता चलता है कि वह किस तरह से अकाली दल के वरिष्ठ नेताओं के साथ खड़ा नजर आ रहा है. और उसके अकाली दल के साथ अच्छे संबध है।

गैंगस्टर के भाई का भी मामले से जुड़ा कनेक्शन

पुलिस को जांच के दौरान पता चला है कि गैंगस्टर गुरप्रीत गोपी का भाई मनप्रीत उर्फ मन्नू जो पुर्तगाल में रह रहा है और बलविंदर सिंह उनको ये हेरोइन सप्लाई करते थे. जिसके बाद पुलिस ने मन्नू और बलविंदर का नाम मामले में शामिल कर जांच शुरू कर दी है।

कुछ लोग कुछ ...

भारत में जो अच्छी चीजें हो रही हैं, उस पर बुरी चीजों के मुकाबले 40 गुना ज्यादा बात हो रही है.÷ उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों और सरकार में जिम्मेदार लोगों के काम के कारण आज देश का उत्कर्ष हो रहा है. चीजें सुचारू रूप से चल रही हैं क्योंकि कुछ लोग कुछ नहीं करते. अगर वे काम करेंगे तो दिक्कतें होंगी.

हमें बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते

भागवत ने कहा कि लोगों में भारत को गौरव हासिल करते देखने की इच्छा 40 साल पहले की तुलना में आज कहीं ज्यादा प्रबल है. उन्होंने कहा कि इस इच्छा को बढ़ना चाहिए और हम बढ़ रहे हैं लेकिन हम अभी तक उतने शक्तिशाली नहीं हैं. भागवत ने कहा कि कुछ लोग हैं जो हमें बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते।

उन्होंने कहा, आज के समाज में सिर्फ रोटी, कपड़ा और मकान ही नहीं, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य भी आवश्यक हो गए हैं। भागवत ने कहा कि अच्छा या बुरा तय करने के लिए क्या पैमाना क्या है। कुछ ऐसा होता है जो दिखाई देता है और दूसरी ओर कुछ ऐसा होता है जो असल में होता है। कोई इसे ऐसे दिखा सकता है कि यह हो गया, भले ही वह न हुआ हो।

लोकसभा चुनाव से पहले ....

पूर्व विधायक अंशुल वर्मा भी बीजेपी में शामिल हो सकते हैं।

बीजेपी के नेतृत्व में बीती 18 जुलाई को दिल्ली में एनडीए की मीटिंग हुई थी जिसमें सत्तारूढ़ दल ने शक्ति प्रदर्शन किया था। इस बैठक में 38 पार्टियों ने हिस्सा लिया था। इस बैठक से पहले ओपी राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) और चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) एनडीए में शामिल हो गई थी।

विपक्षी दलों का महागठबंधन

एक तरफ जहां एनडीए में पार्टियों की संख्या बढ़ती जा रही है तो वहीं दूसरी ओर विपक्षी दलों ने भी महागठबंधन कर लिया है. इस गठबंधन को इंडिया नाम दिया गया है। इसमें अब तक 26 पार्टियां शामिल हैं. विपक्षी दलों की अगली बैठक मुंबई में बुलाई गई है। जहां इस गठबंधन के संयोजक के नाम का ऐलान किया जा सकता है।

फारुख अब्दुल्ला का मणिपुर हिंसा पर बयान

नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने मीडिया के बयान में कहा कि, मणिपुर की स्थिति हमारे लिए एक त्रासदी जैसी है. कुर्सी के लिए नफरतें किस तरह बढ़ाई जा रही है इस पर लानत है. प्रधानमंत्री ने भी इसपर (मणिपुर हिंसा पर) जवाब दिया है लेकिन उन्हें यह संसद में कहना चाहिए था उन्होंने आगे कहा कि ये हिंसा क्यों फैलाई जा रही है, हम सब का भगवान एक ही है, चाहे आप उसे मंदिर में देखे या मस्जिद में देखे या कहीं और देखे. इंसान को बांटने का काम नहीं करना चाहिए. हमें उम्मीद है कि मुझे संसद में इसपर बोलने का मौका मिलेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का प्रोमो जारी 28 जुलाई को रिलीज होगी फिल्म

बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक-निर्माता करण जौहर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म के जरिए वो लगभग 7 साल के लंबे अंतराल के बाद निर्देशन की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। अब निर्माताओं ने गुरुवार (20 जुलाई) को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का प्रोमो वीडियो जारी कर दिया है, जिसमें रॉकी (रणवीर) अपनी रानी (आलिया) के साथ इश्क फरमाते नजर आ रहे हैं। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह मु य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके अलावा धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी फिल्म का हिस्सा हैं। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी 28 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में आलिया पहली बार पत्रकार की भूमिका रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में रणवीर एक मिठाई बनाने वाले की भूमिका निभा रहे हैं।

लव, सेक्स और धोखा 2 की रिलीज डेट आउट अक्षय कुमार की फिल्म से होगा क्लैश

बॉलीवुड इंडस्ट्री की कुछ फिल्में ऐसी हैं जिन्हें हमेशा याद किया जाता है। इस लिस्ट में फिल्म लव सेक्स और धोखा का नाम भी शामिल है। साल 2010 में फिल्म लव सेक्स और धोखा को लोगों ने खूब पसंद किया था। एकता कपूर के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म में राजकुमार राव और नुसरत भरूचा लीड रोल में थे। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने बेहतरीन कमाई की थी। फिल्म लव सेक्स और धोखा को पसंद करने वाले लोगों के लिए खुशखबर है। दरअसल, इस फिल्म का दूसरा पार्ट भी आने वाला है और इसकी रिलीज डेट आउट हो गई है। एकता कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 की रिलीज डेट बताई।

दिबाकर बनर्जी के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म लव सेक्स और धोखा को लोगों ने काफी पसंद किया था। 2 करो? रुपये के बजट में बनने वाली इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस करीब 10 करो? रुपये की कमाई की थी। इस फिल्म के सफल होने के बाद से ही लोग दूसरे पार्ट की मांग कर रहे थे। अब फिल्म की प्रोड्यूसर एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर ने इस फिल्म का दूसरा पार्ट लव सेक्स और धोखा 2 का प्लान किया है। एकता कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 का पोस्टर शेयर करते हुए रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। हालांकि, फिल्म के स्टार्स के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। अब देखने वाली बात होगी की पहले पार्ट की तरह फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 में राजकुमार राव और नुसरत भरूचा ही नजर आते हैं और कोई नए स्टार्स दिखाई देते हैं।

बताते चलें कि फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ट्विटर हैंडल पर जानकारी दी है कि सुधा कोंगरा के डायरेक्शन में बनने वाली अक्षय कुमार की नई फिल्म को नई रिलीज डेट मिली है। ये फिल्म 16 फरवरी, 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस तरह से अक्षय कुमार की फिल्म के साथ एकता कपूर की फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगी।

प्रोजेक्ट के, से दीपिका पादुकोण का फर्स्ट लुक हुआ रिलीज

अपकमिंग साइंस फिक्शन फिल्म प्रोजेक्ट के से दीपिका पादुकोण का लुक आखिरकार जारी किया गया। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले ही काफी चर्चा बटोर चुकी है और कई कारणों से हाल के दिनों में सबसे ज्यादा चर्चित भारतीय फिल्म बन गई है।सैन डिएगो कॉमिक-कॉन के आइकोनिक एच हॉल में अपने ग्रैंड डेब्यू करने के लिए तैयार प्रोजेक्ट के में इंडस्ट्री के कुछ सबसे ब? सितारे शामिल हैं, जिनमें अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी शामिल हैं। प्रोजेक्ट के से दीपिका के ऑफिशियल फर्स्ट लुक ने फैंस को सरप्राइज कर दिया है। दीपिका एक लबादा पहने हुए हैं और किसी चीज को ध्यान से देखती हुई नजर आ रही हैं।पोस्टर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए मेकर्स वैजयंती मूवीज ने लिखा, बेहतर कल के लिए एक उ मीद जगी है। यह प्रोजेक्ट के से दीपिका पादुकोण है।नाग अश्विन ने दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाने के लिए प्रोजेक्ट के को कुशलतापूर्वक तैयार किया है, जहां साइंस फिक्शन मनोरंजक ड्रामा से मिलती है।

करीना, कियारा गुड न्यूज के बाद पर्दे पर मचाएंगी धमाल

करीना कपूर और कियारा आडवाणी को आपने फिल्म गुड न्यूज में देखा होगा। अब ये दोनों अभिनेत्रियां फिर साथ आ रही हैं। इस बार उन्हें साथ ला रही हैं अश्विनी अय्यर तिवारी। चर्चा है कि दोनों साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। इस खबर के सोशल मीडिया पर आते ही उनके प्रशंसक भी खुश हैं। वे कियारा और करीना की नई फिल्म को लेकर उत्साह जाहिर कर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, करीना और कियारा की इस फिल्म का निर्देशन अश्विनी कर रही हैं। यह एक ब? बजट की फिल्म होगी, जिसमें करीना और कियारा मु य भूमिका में होंगी। पिछले 2 सालों में अश्विनी ने कई विषयों पर काम किया और 2 कहानियां उन्होंने फाइनल कर दी हैं। एक एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ और दूसरी बालाजी एंटरटेनमेंट के साथ। एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनने वाली फिल्म के लिए अश्विनी ने करीना और कियारा से बातचीत की है।

फिल्म से जु? सूत्र ने एंटरटेनमेंट पोर्टल को बताया कि करीना और कियारा दोनों ने ही अश्विनी की इस फिल्म में खासी दिलचस्पी दिखाई है और दोनों ही इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं। हालांकि, उन्होंने अभी पूरी स्क्रिप्ट नहीं सुनी है। इसके बाद ही वे फिल्म साइन करेंगी। वे बस यही जानकर बहुत खुश हैं कि उन्हें दोबारा साथ काम करने का मौका मिल रहा है। इसके अलावा कई दूसरी फिल्मों के लिए भी करीना-कियारा से बातचीत चल रही है।

फिल्म जर्नलिस्ट हिमेश मानकंद ने जैसे ही यह खबर सोशल मीडिया पर साझा की, कियारा और करीना के प्रशंसक फूले नहीं समाए। एक यूजर ने लिखा, यह तो बहुत ब?ी फिल्म होने वाली है। एक ने लिखा, बस जल्दी ले आओ। एक ने लिखा, इस खबर ने दिन बना दिया। गुड न्यूज में दोनों को देख दिल खुश हो गया था। एक ने करीना और कियारा की तस्वीर साझा कर लिखा, दोनों सचमुच पर्दे पर आग लगा देंगी। गुड न्यूज 2019 में आई थी, जिसमें करीना की जोड़ी अक्षय कुमार के साथ तो कियारा की जोड़ी दिलजीत दोसांझ के साथ बनी थी। 70 करो? रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया था। करीना जल्द ही फिल्म द क्रू में नजर आएंगी।

मिल्मा इंक्स ने एनडीडीबी काफ के साथ किया समझौता

कोच्चि। मिल्मा ब्रांड के नाम से प्रसिद्ध केरल को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (केसीएमएमएफ) ने एर्नाकुलम में स्थित अपनी नव-निर्मित राज्य केंद्रीय गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला के प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड काफ लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। मिल्मा की राज्य केंद्रीय गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला एडापल्ली में एर्नाकुलम क्षेत्रीय सहकारी दूध उत्पादक संघ मु यालय में स्थित है। जिसका निर्माण केंद्र सरकार की लगभग दस करो? रुपये की सहायता से किया गया था। गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि लैब सभी खाद्य उत्पादों, पशु चारा और खनिज मिश्रण की जांच परख करने के लिए पूरी तरह तैयार है। समझौते के अनुसार मिल्मा लैब के संचालन का प्रबंधन दस साल की अवधि के लिए एनडीडीबी काफ लिमिटेड को सौंपा जाएगा। एनडीडीबी काफ लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश सुब्रमण्यम और मिल्मा के प्रबंध निदेशक आसिफ के यूसुफ आईएएस ने एनडीडीबी के अध्यक्ष डॉ. मीनेश सी शाह, मिल्मा के अध्यक्ष के एस मणि और एर्नाकुलम क्षेत्रीय संघ के अध्यक्ष एम टी जयन की उपस्थिति में 18 जुलाई को गुजरात के आनंद एनडीडीबी में समझौते पर हस्ताक्षर किए। केसीएमएमएफ ने डेयरी विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम योजना के तहत भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से एर्नाकुलम क्षेत्रीय सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड के मु यालय के परिसर में राज्य केंद्रीय गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला की स्थापना की।

एलन मस्क की संपत्ति में रिकार्ड गिरावट दर्ज

नई दिल्ली। बीते दिन टेस्ला इंक के शेयरों में गिरावट देखने को मिली है। इसका सीधा असर कंपनी के मालिक एलन मस्क की कुल संपत्ति पर पड़ा है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार यह अब तक की सातवीं सबसे बड़ी गिरावट है। आइए, इस रिपोर्ट में इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

एलन मस्क की कंपनी टेस्ला के शेयरों में बीते दिन गिरावट देखने को मिली है। इसका असर एलन मस्क की कुल संपत्ति पर भी प?ा है। बीते एक दिन में ही एलन मस्क की कुल संपत्ति 20.3 बिलियन डॉलर कम हो गई। संपत्ति के कम होने की सबसे ब?ी वजह यह है कि टेस्ला के इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमत है। दरअसल, टेस्ला के इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतों में कटौती जारी है। इस कटौती को जारी रखना प? सकता है। ऐसे में टेस्ला के शेयरों में गिरावट आ सकती है।

कुल संपत्ति के गिरावट के बाद मस्क और दुनिया के दूसरे अमीर व्यक्ति बर्नार्ड अरनॉल्ट के बीच संपत्ति के मूल्य का अंतर और कम हो गया है। अरनॉल्ट लग्जरी सामान बनाने वाली कंपनी रुड्रूरू॥ के चेयरमैन है। टेस्ला के शेयर में गिरावट के बाद भी मस्क की संपत्ति अरनॉल्ट से लगभग 33 बिलियन डॉलर ज्यादा है।

बीते दिन केवल एलन मस्क की संपत्ति में ही गिरावट नहीं आई है। इनके साथ द्रह्वश्ठ्र,श्चद्द ङ्खह्व के जेफ बेजोस, हृह्वद्बद्ध ह्रश्चह्यद्ब के लैरी एलिसन, पूर्व रूद्बष्ह्म्शह्यशद्बह्ल ह्रश्चह्य. सीईओ स्टीव बाल्मर, मेटा प्लेटफॉर्म इंक के मार्क जुकरबर्ग और अल्फाबेट इंक के सह-संस्थापक लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन की कुल संपत्ति में भी गिरावट आई है। इनकी संपत्ति में भी 20.8 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है। इस गिरावट की वजह है कि टेक-हैवी नैस्डैक-100 के शेयर 2.3 फीसदी गिर गए हैं। न्यूयॉर्क के शेयर बाजार में सबसे ज्यादा टेस्ला के शेयर में गिरावट दर्ज हुई है। ऑस्टिन स्थित टेस्ला के शेयर 9.7 फीसदी गिरकर 262.90 डॉलर पर आ गए। ये गिरावट 20 अप्रैल के बाद सबसे ज्यादा देखने को मिली है। कंपनी ने पहले से ही कम हो रही प्रॉफिट को लेकर चेतावनी दी थी। इस गिरावट ने महीनों की मार्क डाउन में ऑटोमोटिव सकल मार्जिन पर असर डाला है, ऐसे में ये दूसरी तिमाही में चार साल के निचले स्तर पर गिर गया है।

टेस्ला के चेयरमैन मस्क ने कहा कि अगर ब्याज दरें इसी तरह ब?ती रही तो टेस्ला को अपने इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतों को कम करनी होंगी। महीनों की मार्क डाउन ने पहले ही ऑटोमोटिव सकल मार्जिन पर असर डाला है, जो दूसरी तिमाही में चार साल के निचले स्तर पर गिर गया है। 52 वर्षीय मस्क की संपत्ति में टेस्ला की हिस्सेदारी के साथ-साथ स्पेस एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजीज और ट्विटर की भी हिस्सेदारी है। इस साल बुधवार तक उनकी संपत्ति करीब 118 अरब डॉलर ब? गई थी। वहीं, टेस्ला के शेयर 136 प्रतिशत चढ़ गए। अगर दुनिया के दूसरे व्यक्ति की संपत्ति देखें तो 74 साल के अरनॉल्ट की नेटवर्थ इस साल 39 अरब डॉलर ब?कर 201.2 अरब डॉलर हो गई है। इसी के साथ पेरिस स्थित रुड्रूरू॥ के शेयरों में भी 26 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

जेएसडब्ल्यू स्टील कंपनी को पहली तिमाही में हुआ 2,428 करोड़ का मुनाफा

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू स्टील ने शुक्रवार को जून तिमाही 2023-24 के नतीजों का ऐलान किया है। कंपनी ने इस तिमाही में अपना नेट प्रॉफिट में लगभग तीन गुना वृद्धि दर्ज हुई है। इस तिमाही प्रॉफिट 2,428 करोड़ रुपये दर्ज हुआ है। जेएसडब्ल्यू स्टील ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि 2022-23 की इसी तिमाही में 839 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट कमाया था। कंपनी के नतीजों के कहा गया है कि कंपनी की कुल इनकम भी एक साल पहले की तिमाही में 42,544 करोड़ रुपये बढ़ गई है। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी की इनकम 38,275 करोड़ रुपये थी। इस तिमाही कंपनी का खर्च में भी कमी देखने को मिली है। कंपनी का खर्च 39,030 करो? रुपये रहा, जो पहले 36,977 करोड़ रुपये था।

कंपनी के जून तिमाही के नतीजे जारी होने के बाद कंपनी के शेयर में तेजी देखने को मिली है। खबर लिखते वक्त, बीएसई पर करीब 2 फीसदी की ब?त के साथ 815 रुपए प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा था। वहीं, एनएसई पर 1.6 फीसदी की बढ़त के साथ 812 रुपए प्रति शेयर पर ट्रेड कर रहा था।

जेएसडब्ल्यू स्टील कंपनी जेएसडब्ल्यू ग्रुपस्की कंपनी है। ये इंफ्रास्ट्रक्चर, एनर्जी, सीमेंट,पेंट,स्पोर्ट और वैन्चर्य कैपिटल के सेक्टर में काम करते हैं। इसी के साथ कंपनी ने शुक्रवार को हुए बोर्ड ऑफ मीटिंग में स्वयं सौरभ को मु य वित्तीय अधिकारी नियुक्त किया।

चौथा टेस्ट: जैक क्रॉली की शानदार 189 रन की पारी ने इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया पर दिलाई बढ़त

मैनचेस्टर। यहां के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए चौथे एशेज 2023 टेस्ट के दूसरे दिन सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली ने 182 गेंदों में शानदार 189 रन बनाए और इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूत स्थिति में ला दिया, स्टंप्स तक मेजबान टीम 67 रनों की महत्वपूर्ण ब?त के साथ 384-4 पर थी।

चौथे और पांचवें दिन मैनचेस्टर के मौसम पर नजर रखते हुए, क्रॉली ने सामने से इंग्लैंड की बल्लेबाजी का नेतृत्व किया, 12 चौके और अधिकतम 93 गेंदों में सनसनीखेज पहला एशेज शतक लगाया, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया हैरान रह गया था। सलामी बल्लेबाज की यह धमाकेदार पारी रही।मिचेल स्टार्क द्वारा उन्हें आउट करने से पहले मोईन अली ने 54 रन की पारी खेलकर उन्हें तीसरे नंबर पर भेजा जाना सही ठहराया। क्रॉले और जो रूट (95 गेंदों पर 84 रन) ने मिलकर दूसरे सत्र में स्ट्रोक-प्ले का असाधारण प्रदर्शन करते हुए 25 ओवरों में 178 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड ने दिन के खेल में ब?त बना ली, जिससे ऑस्ट्रेलिया सुस्त हो गया।दूसरे सत्र में इंग्लैंड का रन-रेट आश्चर्यजनक रूप से 7.16 था, जिससे यह मौजूदा श्रृंखला में एक सत्र में सबसे अधिक रन बन गया। क्रॉली और रूट ने मिलकर अली का विकेट गिराया, जिससे आधार तैयार हो गया। रूट पूरी ताकत से मैदान पर उतरे और गति बढ़ने के साथ क्रॉली भी इसमें शामिल हो गए।

लंच के बाद दोनों ने बा? पर लगातार प्रहार करके ऑस्ट्रेलिया के आक्रमण को भारी दबाव में डाल दिया। क्रॉले को कैमरून ग्रीन द्वारा 189 रन पर आउट करने से पहले दोहरा शतक पूरा हुआ। इसके तुरंत बाद जोश हे?लवुड की गेंद ज्यादा उछाल नहीं लेने और उसे कास्ट करने के कारण रूट गिर गए।क्रॉली और रूट ने केवल 178 गेंदों पर 206 रनों की साझेदारी की, जिससे यह टेस्ट इतिहास में उच्चतम रिकॉर्ड रन-रेट के साथ दोहरी शतकीय साझेदारी बन गई।

ओवर रन-ए-बॉल में केवल छह दोहरी शतकीय साझेदारियां दर्ज की गई हैं, जिसमें क्रॉली खुद पिछले साल पाकिस्तान में शामिल थे, जब उन्होंने और बेन डकेट ने रावलपिंडी में 214 गेंदों पर 233 रन बनाए थे।क्रॉली का स्ट्राइक रेट 103.85 है जो एशेज की 150 या उससे अधिक रनों की पारी में दूसरा सबसे बड़ा स्ट्राइक रेट है।

रोहित-यशस्वी ने जड़ा अर्धशतक

पोर्ट ऑफ स्पेन। कप्तान रोहित शर्मा (80) और यशस्वी जायसवाल (57) के अर्धशतकों से भारत ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन चाय तक चार विकेट के नुकसान पर 182 रन बना लिये। कप्तान रोहित ने 143 गेंद पर नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से 80 रन बनाये, जबकि जायसवाल ने 74 गेंद पर नौ चौकों और एक छक्के के साथ 56 रन की पारी खेली। टॉस हारकर बल्लेबाजी करना भारत के लिये बेहद आसान साबित हुआ। विंडीज की चुनौती विहीन गेंदबाजी पर शुरुआत से ही हमलावर रहे जायसवाल ने छठे ओवर में अल्जारी जोसेफ को एक चौका और एक छक्का ज?ा। इससे ठीक एक ओवर पहले रोहित भी केमार रोच को छक्का मारकर अपने हाथ खोल चुके थे।

भारत ने मात्र 12 ओवर में 50 रन का आंकड़ा छू लिया, जबकि रोहित ने 73वीं गेंद पर छक्का लगाकर अपना पचासा पूरा किया। भारत ने 100 रन 21 ओवर में पूरे हुए और कुछ देर बाद जायसवाल ने भी 51वीं गेंद पर चौके के साथ दो पारियों में दूसरी बार 50 रन का आंकड़ा छुआ।

जेसन होल्डर और जोमेल वारिकन ने सत्र समाप्ति से पहले भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया, जिसपर जायसवाल के लिये कप्तान रोहित के शब्द आराम से खेल, कोई टेंशन नहीं स्टंप माइक में कैद हो गये। लंच से ठीक दो गेंद पहले जायसवाल आउट हो सकते थे, लेकिन पहली स्लिप में खड़े एलिक अथानाज़ होल्डर की गेंद पर उनका कैच नहीं पकड़ सके। पहले सत्र में भले ही भारत ने तेजी के साथ रन बटोरे, लेकिन विंडीज ने दूसरे सत्र में चार विकेट चटकाते हुए मजबूत वापसी की। होल्डर ने शैनन गैब्रियल के साथ मिलकर रनगति पर लगाम लगायी और उन्हें इसका फल जायसवाल के विकेट के रूप में मिला।

बाघ की खाल, दांत व नाखून के साथ चार गिरफ्तार, बेचने तलाश रहे थे ग्राहक

कोंडागांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव के बयानार थाना क्षेत्र में गुरुवार को बाघ की खाल के साथ टेमरू गांव के जंगल से चार आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

आरोपितों के पास से 20 लाख रुपए के बाघ की खाल, नाखून और दांत के साथ दो मोटर साइकल एवं चार मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफवन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। बता दें कि करीब 4 महीने पहले इन्होंने ओरछा इलाके के जंगल में तीर से बाघ का शिकार किया था। फिर खाल, नाखून और दांत निकाले और मांस को खा लिए थे।

दरअसल, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की बयानार थाना क्षेत्र के ग्राम टेमरू गांव के जंगल के पास चार

व्यक्ति अपने मोटर साइकिल में एक नीले रंग के पालिथीन में वन्य प्राणी बाघ का खाल रखे ग्राहक तलाश रहे हैं। जिस पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के दिशा निर्देशन में साइबर सेल एवं थाना बयानार पुलिस संयुक्त कार्रवाई करते हुए ग्राम टेमरू जंगल के पास दो बाइक पर चार व्यक्तियों को पकड़ा है। तलाशी लेने पर उनके कब्जे में एक नग बाघ खाल पालिथीन के अंदर मिला था, वहीं दूसरे पालिथिन में बाघ के दांत व अवशेष बरामद हुआ।

सभी आरोपी नारायणपुर के

पूछताछ पर ओरपितों ने वन्य प्राणी बाघ का खाल एवं अवशेष को बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार करना स्वीकार किए। आरोपितों में गोटा 28 वर्ष निवासी ओरछा जिला नारायणपुर, सोनू राम कुमेटी 41 वर्ष निवासी मुरनार पोस्ट कोहकामेटा ओरछा, देउराम उसेंडी 40 वर्ष निवासी उसेबेडा पोस्ट ओरछा एवं लखमु ध्रुव 35 वर्ष निवासी कच्चापाल ओरछा जिला नारायणपुर को गिरफ्तार किया।

इंद्रावती टाइगर रिजर्व से आया था बाघ

एक महीने के अंदर बस्तर में यह दूसरे बाघ का शिकार है। इससे पहले बीजापुर जिले के एक गांव में शिकारियों ने इंद्रावती टाइगर रिजर्व में ही एक बाघ को मार दिया था। अब जिस बाघ का शिकार किया गया है वह भी इंद्रावती टाइगर रिजर्व का ही बताया जा रहा है। जो भटककर नारायणपुर के जंगल में पहुंच गया था।

मणिपुर मामले को लेकर महिला फेडरेशन ने किया विरोध प्रदर्शन

किरन्दुल/नवप्रदेश। मणिपुर राज्य में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार के विरोध में छत्तीसगढ़ महिला फेडरेशन द्वारा आज किरन्दुल बस स्टैंड जयस्तंभ चौक में एकदिवसीय धरना दिया गया।

महिला फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि मणिपुर राज्य में महिलाओं के साथ अत्याचार हुआ है, उस घटना से पूरा देश व समाज शर्मसार हो गया है। जिस समाज में नारी शक्ति की पूजा होती है उस नारी के साथ मणिपुर राज्य के कुछ उपद्रवी लोगों द्वारा घिनौनी हरकत की गई है। वहां की राज्य सरकार केन्द्र में बैठी सरकार उन महिलाओं को बचाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है।इस घटना की पूरे देश व दुनिया में

पुरजोर निंदा हो रही है।हम छत्तीसगढ़ महिला फेडरेशन शाखा किरंदुल के सदस्य एसडीएम बड़े बचेली को ज्ञापन सौंपकर मांग करते हैं कि इस घटना के दोषी को कड़ी से कड़ी सजा सरकार द्वारा दिया जाना चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृति न हो सके।

मौके पर भावना, प्रीति दूधी, भावना सर्वदे, दीपा, रंजना, आशा, विजया डांगे, आराधना मरकाम, मंजू कवासी, सपना, नीतू कोडपी, डी उइके, किरंदुल से सभी समाज के महिलाएं एवं ठेका श्रमिक की महिलाएं उपस्थित थे।

कब्जा को लेकर गौसेवा आयोग सदस्य नरेन्द्र यादव ने तोड़ी चुप्पी

■ **नपं अध्यक्ष द्वारा लगाया आरोप निराधार : यादव**

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। बीते दिनों दिनों नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा गौसेवा आयोग के सदस्य पर कब्जा कर बस स्टैंड के समीप भूमि पर भवन निर्माण को अवैध बताया गया था। अवैध भूमि मामले को लेकर गौ आयोग सदस्य नरेंद्र यादव ने स्थानीय पत्रकार वार्ता लेकर कि स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का खंडन करते हुए बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अवैध भूमि पर कब्जा करने का जो आरोप लगाया गया है वह आरोप निराधार है। इसके अलावा

उनके निजी रूप से राजनीतिक स्वार्थ स्वीकृति के

लिए प्रतीक होता है उन्हें इस बात का ज्ञान होना चाहिए कि जिस समय उक्त भूमि को छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार 152 प्रतिशत छत्तीसगढ़ शासन की योजना के तहत 590 जो कि 25 वर्ग मीटर निर्धारित मूल्य 438976- रुपए वार्षिक भू भाटक के तहत रजिस्ट्री शासन के गाइडलाइन का पालन करते हुए उक्त भूमि का रजिस्ट्री कराया गया है।जबकि जिस समय उक्त भूमि में निर्माण हुआ उस समय में भी आरोपकर्ता स्वयं नगर पंचायत के अध्यक्ष पद पर थे किंतु जब दावा आपत्ति का प्रकाशन किया गया तब आरोप लगाने वाले उस समय कहां थे? नरेंद्र यादव ने कहा कि आरोप लगाने वाला स्वयं जमीन दलाली के चक्कर में रहता है तथा उसके खिलाफ चारामा थाने में 420 का मुकदमा दर्ज है। जिसमें वह जमानत पर है। आरोप लगाने वाले मनगढ़त आरोप लगाकर मेरी राजनीतिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।मेरे ऊपर लगाए गए आरोप बे बुनियाद एवम निराधार हैं।

मणिपुर हिंसा को लेकर आज बस्तर संभाग बंद

■ **कांचेका ने दिया तीन बजे तक समर्थन**

कांकेर/नवप्रदेश। धड़कती मणिपुर और हाल में मणिपुर की महिलाओं के साथ हुई दरिंदगी को लेकर सर्व आदिवासी समाज बस्तर संभाग के अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने सर्व आदिवासी समाज एवं समस्त आदिवासी समुदाय जिला दंतेवाड़ा बीजापुर सुकमा बस्तर कोण्डागांव कांकेर नारायणपुर को सोमवार 24 जुलाई को सम्पूर्ण बंद का आव्हान किया गया था। कांकेर चेंबर ऑफ कामर्स ने सोमवार को आदिवासी समाज के बंद को समर्थन देते 3:00बजे तक दिया गया है।

बस्तर संभाग के द्वारा जारी पत्र के अनुसार बस्तर संभाग के समस्त सम्मानीय संगा जनो पृति शक्ति, मातृ शक्ति एवं युवा साथियों समस्त आदिवासी समुदाय के सामाजिक संगठनों, अधिकारी-कर्मचारियों से अपील है कि मणिपुर से आदिवासी महिलाओं के साथ हृदय विदारक घटना सामने आई है। जिसमें आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड जैसे घटना से पुरे देश को शर्मसार कर आदिवासियों को अपमानित किया गया है। इस घटना के अमानवीय कृत्य से हमारे बहन-बेटियों के साथ ही देश के संपूर्ण नारी समाज का अपमान है। उक्त हैवानियत भरे घटना के विरोध में 24 जुलाई 2023 दिन सोमवार को एक दिवासीय बस्तर संभाग बंद का निर्णय लिया गया। है जिसमे आप सभी समाज / संगठन / समुदाय के सगा जनो की सहभागिता आवश्यक है। अतः अपने-अपने जिला मुख्यालयों में उपस्थित हो कर एक दिवसीय बंद को सफल बनाएं।

शासकीय आयोजन में पीसीसी सदस्य को बुलाना जनप्रतिनिधियों का अपमान : नेताम

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। विगत कुछ दिनों से लगातार ये देखा जा रहा है ,जिले भी शाला प्रवेशोत्सव ,सरस्वती साइकिल योजना जैसे विभागीय आयोजनों में संबंधित विभाग द्वारा लगातार छविंद्र कर्मा को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया जा रहा है जबकि छविंद्र कर्मा न तो जनप्रतिनिधि है न ही किसी आयोग मंडल के सदस्य अथवा पदाधिकारी ,वर्तमान में वो कांग्रेस की प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य मात्र हैं तो किस प्रोटोकॉल के तहत उन्हें शासकीय आयोजनों में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित क्या जा रहा है इसका जवाब संबधित अधिकारियों को देना चाहिए।।उक्त बातें जिला पंचायत सदस्य और बीजेपी मंडल महामंत्री रामू नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है। जारी विज्ञप्ति में

रामू नेताम ने कहा है कि जिले में कांग्रेस बीजेपी और अन्य पार्टियों के चुने हुए जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा कर पीसीसी सदस्य को लगातार शासकीय आयोजनों में मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाकर क्या विभाग क्या शासकीय आयोजनों का राजनीतीकरण करना चाहता है। रामू नेताम ने जिला प्रशासन से इस विषय में संज्ञान लेने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा लगातार पीसीसी सदस्य छविंद्र कर्मा को ही अपने आयोजनों में बुलाना स्थानीय जनप्रतिनिधियों का अपमान है अतः जिला प्रशासन तत्काल इस पर कार्रवाई करे। छविंद्र कर्मा किसी भी संवैधानिक पद पर नहीं हैं तो उन्हें किस आधार पर शासकीय आयोजनों में आमंत्रित किया जा रहा इस प्रश्न का उत्तर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जानना चाहते हैं। रामू नेताम ने कहा कि संबंधित विभाग या तो किसी तरह के दबाव में अथवा किसी एजेंडे के तहत जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा कर एक राजनीतिक पार्टी के नुमाइंदे की जानबुझकर शासकीय आयोजनों का हिस्सा बना रहा है।

छत्तीसगढ़ लिपिक फेडरेशन की प्रथम बैठक आयोजित

■ **पदनाम और वेतनमान सुधार की मांग को लेकर 4 सितंबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बनी सहमति**

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ लिपिक फेडरेशन के प्रांतीय आव्हान पर 22 अगस्त को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं 04 सितम्बर से आयोजित होने वाले अनिश्चित कालीन के लिए कांकेर जिले में लिपिक फेडरेशन की प्रथम बैठक आयोजित की गई।जिसमें समस्त लिपिक वर्गीय संघ के सदस्य संयुक्त रुप से उपस्थित हुए। लिपिक फेडरेशन द्वारा पदनाम सुधार एवं वेतनमान सुधार की मांग को लेकर आंदोलन की घोषणा प्रांत स्तर से 21 जुलाई को कर दी गई है।जिसके सफल आयोजन हेतु लिपिक फेडरेशन की बैठक आहूत कर रणनीति तैयार कर जिम्मेदारी सौंपी गई। छ.ग.लिपिक फेडरेशन द्वारा आंदोलन के पूर्व सभी तहसील/कार्यालय में भ्रमण हेतु दल का गठन किया गया जो कि 16 अगस्त से 21 अगस्त तक सभी तहसील एवं कार्यालयों का भ्रमण कर लिपिको की शत प्रतिशत आंदोलन में उपस्थिति सुनिश्चित करेगा तथा आदोंलन के सफल आयोजन हेतु कार्यकारिणी का गठन किया गया । बैठक में बिरेन्द्र नाग, पवन ठाकुर, शरद शर्मा, बी.डी.मानिकपुरी सुरेन्द्र ठाकुर, शेख शरीफ, मनोज वैष्णव, सचिन खरे, पियूष कौशिक, श्रवण धुव्र, राहुल शुक्ला, आशीष राजपुत, डी.एल.कौशिक, जागृति साहू, दीपा निषाद, द्रोण नाग, भवानी ठाकुर, शत्रुघन यादव, सुशील साहू, दीपक लिल्हारे, तोमेश्वर मिश्रा, मनोज यादव, विरेन्द्र मरकाम, धमेन्द्र साहू, पवन नेताम सहित फेडरेशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

पेशनधारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

■ **194 पेंशनधारी का हुआ इलाज़ मुफ्त मिली दवाइयां**

कांकेर/नवप्रदेश। 22 जुलाई को कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला के निदेशानुसार मातृ एवं शिशु अस्पताल अलबेलापारा कांकेर में पेशनधारियों हेतु एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खरे के मार्गदर्शन में किया गया शिविर की शुभारंभ कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के कर कमलों द्वारा किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्वास्थ्य परीक्षण के लिये

पेंशनधारियों की भीड़ उमड़ी शिविर में डॉ. विजय उसेण्डी डॉ.संदीप नाग, डॉ.सरिता कुमेटी, डॉ.अरविंद कोर्राम, डॉ.मनीष जगण्डे, डॉ.अंजु रानी, डॉ. टी.डी.मखीजा.डॉ हिमानी परवानी, डॉ रविधर, डॉ.घनेद्र साहू आदि ने सभी के पेंशनधारियों का पंजीयन उपरांत जांच एवं उपचार किया।शिविर में 194 पेंशनधारियों का पंजीयन किया गया उन्हें स्वास्थ्य विभाग के फार्मासिस्ट टीम के द्वारा निःशुल्क दवा भी वितरण की गई जिसमें दांत के 15 हड्डी के 34 नाक कान गला के 20 किडनी रोग के 5 चर्म रोग के 3 मेडिसिन के 41न्यूरोलॉजी के 11 आंख के 47 कार्डियोलॉजी के 18 पेंशनधारियों का जांच एवं उपचार किया गया। शिविर में समाज कल्याण विभाग काकेर आयुष एवं होम्योपैथी विभाग ने भाग लिया। समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशनधारियों को वाकिंग स्टीक वितरण की गई एवं स्वास्थ विभाग द्वारा योगासन का अभ्यास करवाया गया। शिविर में शिक्षा.पी.डब्लू.डी.पी.एच.ई.स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग आदि के पेशनधारियों ने इस शिविर का पूर्ण रूप से लाभ प्राप्त किया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन किया गया।

धर्मांतरण विवाद : एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले में एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई है। विवाद धर्मांतरण से जुड़ा हुआ है। इस मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में लोग एक दूसरे को जमकर मारते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा एक युवक को महिला को लात मारकर जमीन पर पटक देता है। इसके बाद दूसरे लोग भी उस महिला को जमकर मारते हैं। मामला कोड़ेनार थाना क्षेत्र का है।

दोनों पक्ष के लोग पथरली उड़वा गांव के रहने वाले हैं। एक ही परिवार के सदस्य हैं, लेकिन गांव में घर अलग-अलग जगह पर है। इनमें से कुछ लोगों ने ईसाई धर्म को अपना लिया था। गांव वालों का कहना है कि, इसी के बाद से दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू था।

इस बीच शनिवार को परिवार के सदस्यों ने ईसाई धर्म अपनाए लोगों को अपने मूल धर्म में लौटने कहा था। इसी बात पर विवाद शुरू हुआ था। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि, मारपीट की नौबत आ गई।

बारसुर में भाजपा युवा मोर्चा मंडल की बैठक

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बारसुर में भारतीय जनता युवा मोर्चा की मंडल की बैठक संपन्न हुई। इस मंडल बैठक में भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर प्रमुख रूप से शामिल थे जिसमें आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा कि गई। भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें एकजुट रहना है, जिले से लेकर पूरे प्रदेश भर में विकास कार्य बंद पड़ा हुआ है, युवा रोजगार को तरस रहे हैं? अपराध बढ़ते जा रहे हैं, हमें दंतेवाड़ा विधानसभा किसी भी हाल में पुनः भाजपा के पाले में लाना है। बारसुर भाजपा मंडल अध्यक्ष भुनेश्वर भारद्वाज ने कहा कि

दंतेवाड़ा विधानसभा जीतने के लिए बारसूर को जीतना बहुत जरूरी है, पूरे जिले को हमारे बारसूर मंडल से उम्मीद रहती है और इस उम्मीद में हम खरा उतरेंगे। इस बैठक में भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर, बारसुर मंडल अध्यक्ष भुनेश्वर भारद्वाज, भाजपा जिला मंत्री जसवीर नेगी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष बद्रीनाथ पुजारी जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम कृष्ण रेड्डी जी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री कृष्णकांत शिवहरे, उपाध्यक्ष अभिषेक राठौर, जितेन्द्र वट्टी, राज तिलक, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा राजेश नाग, कोमल दास, मुकेश भोई, अजीत, संजय पुजारी, मुन्ना राम कश्यप, हितेश सिन्हा, भीमा कश्यप, रामू अलामी, मनीष यादव, लुदरू ठाकुर, लखमुराम, छबिलाल भारद्वाज, महांगुराम, सुनील अट्टामी, पिलसाय, बुधरु कश्यप, इत्यादि युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

टोल प्लाजा में अवैध वसूली का मामला

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। विधायक सावित्री मनोज मंडावी के नेतृत्व में 24 जुलाई को सुबह 10:00 बजे टोल प्लाजा जगतरा का घेराव किया जाना है।

■ **भानूप्रतापपूर विधायक के नेतृत्व में आज जगतरा टोल प्लाजा का घेराव**

जिसमें जिसके अंतर्गत पिछले कई महीनों से नगर की स्ट्रीट लाइटें बंद होने तथा अवैध वसूली का विरोध किया जाएगा प्रदर्शन में स्थानी कांग्रेस कार्यकर्ता सहित क्षेत्र की जनता से स्व स्फूर्त उपस्थित होने की अपील की गई है। उक्त जानकारी गौ सेवा आयोग के सदस्य नरेन्द्र यादव ने दी।

बाहरी राज्यों से आए लोगों का बन रहा आधार-निवास प्रमाण पत्र

■ **आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र नक्सल प्रभावित इलाके में गड़बड़ी**

■ **21 वार्डों के जनप्रतिनिधियों को भनक तक नहीं**

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर जिला आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र माना जाता है और सबसे अहम बात तो यह है कि कांकेर ज़िले को बेहद संवेदनशील नक्सल प्रभावित इलाका माना जाता है।

कांकेर नक्सल प्रभावित ज़िला मुख्यालय में एक अजीब चौकाने वाला मामला सामने आया है नगरपालिका परिषद के अंतर्गत आने वाली कुल 21वार्डो में बाहर राज्यो से आकर रहने वाले लोगो का महज छै महीने से एक साल के भीतर उनका वोटर आईडी कार्ड से लेकर आधार कार्ड राशन कॉर्ड बनाकर तैयार हो जाता है इतना ही नहीं इतने कम समय में बाहर राज्यो से आए घुमंतू फेरी वाले कपड़े बेचने वाले लोगो का आधार कार्ड वोटर आईडी कार्ड दुकान गुमास्ता राशन कार्ड और भी बिना पार्षद के जानकारी बन कर तैयार हो जाती है ये चौकाने वाली खबर मिली है।

बताना बेहद जरूरी है की नगर पालिका के करीब इक्कीस वार्डो में उत्तरप्रदेश दिल्ली बिहार बंगाल असम गुजरात सहित पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश जैसे राज्यो से आकर भाड़े में मकान लेकर गांव गांव फेरी कर अपना सम्पूर्ण सरकारी रिकार्ड बनाकर सरकार की महत्वाकाक्षी योजनाओ का लाभ तक लिया जा रहा है। बस इतना ही नहीं नक्सल प्रभावित क्षेत्र में इस प्रकार बाहर राज्यो से आकर सुरक्षा पर भी सवाल खड़ा होता है

आखिर किसके सरक्षण में इन बाहरी व्यक्तियों का सरकारी रिकार्ड बनाया जा रहा है बाहरी व्यक्तियों का सरकारी रिकार्ड बन जाने का पालिका के 21वार्डो के पार्षदो को भनक तक नहीं है।बाहरी लोगो द्वारा बिना अनुशंसा के आधार कार्ड निवास जैसे प्रमाण पत्र किसके इशारे पर बनाया जा रहा है विचारणीय है?

चुनाव में फर्जी वोटिंग का बढ़ रहा खतरा

हमारे विश्वसनीय सूत्रों की माने तो बाहरी लोगो का वोटर आईडी कॉर्ड आधार कॉर्ड निवास बनाए जाने का सबसे बड़ा खुलासा हुआ है कि आगामी विधानसभा चुनावों को देखते फर्जी वोटरों के रूप में इन बाहरी व्यक्तियों का इस्तमाल किया जाता है।चुनाव में आधार के अनुसार मतदान करने की प्रक्रिया इन बाहरी व्यक्तियों द्वारा किए जाने की जाने का चौकाने वाला खुलासा किया गया है।

वोटर आईडी कार्ड आधार निवास बन रहा

अब यह बता भी बता दे की कांकेर ज़िला मुख्यालय के नगर पालिका अंतर्गत कुल 21वार्डो शामिल हैं।हर वार्डो में अलग अलग राज्यो से आकर बड़े पैमाने पर बाहरी व्यक्ति किराए का मकान लेकर रह रहे हैं। महज छै महीने या साल भर के भीतर बाहर राज्यो से आने वालो के आधार निवास प्रमाण पत्र जारी किए जाने से सरकारी कार्य प्रणाली पर सीधे सवालिया निशान लग रहा है?

अब सवाल यह उठता है कि आखिर बिना वार्ड पार्षद के अनुशंसा के नियमो को ताक में रखकर बाहरी व्यक्ति का वोटर आईडी कार्ड आधार निवास प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है।

इस पर जनप्रतिनिधियों में जमकर आक्रोश साफदेखा जा सकता है!

बाहरी व्यक्तियों का मुसाफिरी दर्ज पर भी उठ रहा सवाल ?

बता दें कि मुख्यालय के स्थानीय लोगो को छोड़कर बाहर से आने वाले लोगो का पुलिस विभाग द्वारा मुसाफिरी दर्ज किया जाता है।

ताकि बाहर से आने वाले लोगो का शिनाख्त किया जा सके। इतना ही नहीं बाहरी व्यक्तियों का इस समय बड़ी तादाद में अलग अलग वार्डो में बिना मुसाफिरी दर्ज कराए भाड़े पर रहने की जानकारी मिली है।अब सीधे सवाल यह उठता है की अतिसंवेदनशील इलाका होने के बावजूद बड़े तादाद में बाहरी व्यक्तियों पर कोई सुध नहीं लेना पुलिस विभाग पर सवाल उठ रहा है!

अमित शाह ने हाई लेवल मीटिंग में दिए जीत के मंत्र

■ विधानसभा चुनाव जीतने के लिए बनेगी पुख्ता रणनीति



रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के पहले बीजेपी में चुनावी तैयारियों के लिए बैठकों लेने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तीसरी बार छत्तीसगढ़ पहुंचे हैं। बीजेपी के प्रदेश कार्यालय में बीजेपी की हाई लेवल मीटिंग में बीजेपी की चुनावी रणनीति पर चर्चा होने की खबर है। किस मुद्दे को लेकर देर रात तक बैठक हुई है खुलासा नहीं हो पाया है। चुनाव से पहले हो रही इस बैठक को काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि अमित शाह दूसरी बार रात में छत्तीसगढ़ बीजेपी की बैठक लेने रायपुर आए हैं।

अमित शाह के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और छत्तीसगढ़ के सह चुनाव प्रभारी डॉ मनसुख मंडाविया भी पहुंचे हैं। बीजेपी कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन और नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के अलावा सभी बड़े नेता मौजूद थे। देर रात तक बीजेपी कार्यालय में अमित शाह चुनाव जीतने की रणनीतियों पर विस्तार से प्रदेश पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। रविवार को अमित शाह वापस दिल्ली चले जाएंगे।

इसके पहले 22 जून को अमित शाह दुर्ग में एक बड़ी आम सभा को संबोधित करने आए थे। इसके 12 दिन बाद 5 जुलाई को फिर अमित शाह रायपुर आए। ये उस समय अमित शाह का दौरा हुआ जब 2 दिन बाद यानी 7 जुलाई को पीएम मोदी की रायपुर में आम सभा होने वाली थी। 5 जुलाई को अमित शाह ने बीजेपी के बड़े नेताओं के साथ मीटिंग की और अगले दिन 6 जुलाई की सुबह वापस लौट गए. इसके बाद फिर अमित शाह रायपुर पहुंचे है. यानी ठीक एक महीने तक अमित शाह का ये तीसरा छत्तीसगढ़ दौरा है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि छत्तीसगढ़ में चुनाव के पहले बीजेपी के राष्ट्रीय नेताओं के हाथ में छत्तीसगढ़ की कमान जाती हुई दिखाई दे रही है। पीएम मोदी के दौरे के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया को सह चुनाव प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ लगातार अमित शाह छत्तीसगढ़ चुनावी कमान संभाल रहे हैं। सोशल मीडिया से लेकर जमीनी लड़ाई के लिए राष्ट्रीय नेता छत्तीसगढ़ बीजेपी के नेताओं को निर्देश दे रहे हैं। इस महीने आधा दर्जन बीजेपी के राष्ट्रीय नेता छत्तीसगढ़ आ चुके हैं। अब चुनाव के पहले लगातार छत्तीसगढ़ बीजेपी में राष्ट्रीय नेताओं की दखल बढ़ने से पार्टी में खलबली मची हुई है, क्योंकि पार्टी के पुराने नेताओं को हाई कमान ने साइड लाइन कर दिया है।

शाह के दौरे पर भूपेश का तंज

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के रायपुर दौरे को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा में नीचे (निचले स्तर पर) सब साफ है जबकि ऊपर भी कुछ ठीक नहीं। इसे ठीक करने के लिए ही अमित शाह रायपुर आ रहे हैं।

दीपक बैज ने दी नसीहत

वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने शाह को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें अभी मणिपुर में ध्यान देना चाहिए। मणिपुर 80 दिनों से हिंसा की आग में सुलग रहा है। वहां की जनता अपनी जान माल की सुरक्षा को लेकर भयभीत है। डबल इंजन की सरकार मणिपुर की जनता को सुरक्षा देने में नाकाम साबित हो गई है। मणिपुर में 80 दिनों के भीतर 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई है।

भाजपा में गुटबाजी चरम पर

बैज ने कहा कि कांग्रेस विधानसभा के चुनाव की तैयारी बूथ स्तर पर कर रही है और भाजपा दिल्ली में कर रही है। प्रदेश भाजपा के नेताओं के पर उनके केंद्रीय नेतृत्व को भरोसा नहीं है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, अजय जमवाल, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव की कोई सुन नहीं रहा है। भाजपा में गुटबाजी चरम सीमा पर है, कई गुटों में भाजपा बटी हुई है। ऐसे में शाह को बार-बार छत्तीसगढ़ आकर मंडल स्तर की बैठकों को करना पड़ रहा है। भाजपा कुछ भी कर ले 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 75 से अधिक सीट जीतकर पुनः सरकार बनाएगी और 2024 में केंद्र से मोदी सरकार की विदाई है।

शाह से मिले एससी-एसटी समाज प्रतिनिधि

छत्तीसगढ़ दौर के दूसरे दिन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार को अनुसूचित जाति-जनजाति समाज के लोगों ने मुलाकात की। एससी-एसटी समाज के लोगों ने केंद्रीय मंत्री शाह से छत्तीसगढ़ राज्य की 12 जनजाति को अनुसूचित जनजाति की लिस्ट में शामिल करने के लिए अनुसूचित जनजाति संशोधन विधेयक 2022 को राज्यसभा में पारित करने की मांग की।

राज्यसभा में अटका अनुसूचित जनजाति संशोधन विधेयक 2022

इस दौरान समाज के लोगों ने इस विधेयक को लोकसभा में पारित करने पर शाह को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा, इस विधेयक को राज्यसभा में कई बार सूचीबद्ध किया गया। लेकिन राज्यसभा में बार-बार गतिरोध उत्पन्न होने के कारण विधेयक पारित नहीं हो सका।

उन्होंने बताया, इस विधेयक के पारित नहीं होने की वजह से छत्तीसगढ़ के 12 जनजाति समुदाय के 30 से 40 लाख लोग अपने संवैधानिक लाभ को प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री शाह से प्रदेश के 12 जनजाति समुदाय के लोगों के हितों के लिए संसद के मानसून सत्र में इस विधेयक को राज्यसभा में पारित करने के लिए अनुरोध किया है।

ये है छत्तीसगढ़ राज्य की 12 जनजाति

(1) भारिया भूमिया (भूईया, भूईयाँ, भूयां, भूइया भियां), (2) धनवार (धनुहार, धनुवार), (3) नगेसिया (नागासिया) के समानार्थी किसान, (4) सवर, सदरा के साथ संवरा, सौंरा (5) धांगड, (6) बिझिया, (7) कोड़ाकू, कोडाकू, (8) कोंध कांद, (9) भारिया (भरिया), (10) पंडो पन्डो पण्डो, (11) गोंड गाँड (12) गदबा समुदाय शामिल है

इस दौरान सहारा कंपनी के पीड़ितों ने भी अमित शाह से मुलाकात की। सहारा कंपनी के पीड़ितों ने शाह से मिलकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

कांग्रेसियों ने सूखी रोटी और टमाटर चाटकर जताया विरोध

■ विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में अनूठा प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। देश में व्याप्त महंगाई के विरोध में कांग्रेसियों ने सूखी रोटी खाकर विरोध जताया। घरेलू गैस के दाम में वृद्धि के चलते गैस सिलेंडर होने के बावजूद महिलाएं चूल्हा जलाने को मजबूर हैं। जिस प्रकार 15-15 लाख को सभी ने बैंक एकाउंट में महसूस किया, उसी प्रकार से टमाटर, धनिया और मिर्ची को हम सभी महसूस कर रहे हैं।शहर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई के विरोध में कलेक्ट्रेट गार्डन में अनूठा प्रदर्शन किया। गैस सिलेंडर और चूल्हा के साथ ही टमाटर, मिर्ची, अदरक, लहसुन आदि लेकर पहुंचे कांग्रेसियों ने इस दौरान चूल्हे पर रोटी और चावल बनाया और इसे बिना सब्जी-दाल के खाकर आक्रोश जताया। उनका कहना था कि आज स्थिति यही है कि टमाटर व अन्य सब्जियों को खा नहीं सकते, उसके स्वाद को केवल महसूस कर सकते हैं।

प्रदर्शन के दौरान विधायक विकास उपाध्याय ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि महंगाई से लोगों का बुरा हाल है। गरीब लोग भुखमरी में जीने को मजबूर हैं। लोगों के पास खाने को चावल तो है पर सब्जी और दाल के लिए पैसे नहीं हैं। टमाटर, जिसका उपयोग महिलाएं हर सब्जी में करती हैं, उसका दाम इतना बढ़ गया है कि लोग उसे सिर्फ देखकर ही महसूस कर रहे हैं।

प्रदेश चुनाव समिति की घोषणा बैज समेत 9 मंत्रियों को मिली जगह

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस की चुनाव समिति का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश चुनाव समिति का किया गठन। छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत 22 लोगों को शामिल किया गया है। अध्यक्ष दीपक बैज, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल टी एस सिंह देव सहित 22 नेताओं को दिया गया स्थान। टिकिट वितरण में अहम भूमिका निभाएगी कमेटी। उमेश पटेल अमरजीत और कवासी को नही रखा गया।

हिंदू राष्ट्र बनाने प्रधानमंत्री को भेजे गए 31 हजार पोस्टकार्ड

■ संघ प्रमुख मोहन भागवत, संघ और भाजपा के तमाम नेताओं को भेजी

रायगढ़/नवप्रदेश। भाजपा नेता शक्ति अग्रवाल के अभियान को लोगों का समर्थन मिल रहा है। अबतक रायगढ़ के 31 हजार लोगों ने भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के अभियान में शामिल होकर हस्ताक्षरित पोस्टकार्ड शक्ति अग्रवाल को दिया है।

सभी पोस्टकार्ड को शक्ति अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ पोस्ट किया है ताकि कार्ड जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंच सके। इस पोस्टकार्ड में देश के प्रधानमंत्री से देश को हिंदू राष्ट्रघोषित करने की मांग की गई है। अभियान आरएसएस के संस्थापक हेडगेवार की जयंती पर एक अप्रैल से चलाया जा रहा है। इसके लिए शक्ति अग्रवाल की टीम लगातार लोगों तक पहुंच रही है। शहर और गांव में बैनर पोस्टर के जरिए अभियान में हिस्सा लेने की अपील की जा रही है। अबतक 31 हजार लोगों ने हिस्सेदारी की है। शक्ति अग्रवाल ने अभियान की जानकारी संघ प्रमुख मोहन भागवत, संघ और भाजपा के तमाम प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेताओं को भेजी जा चुकी है। कुछ नेताओं ने उत्साहवर्धन भी किया है। शक्ति ने बताया कि यह अभियान जारी रहेगी। लोगों में हिंदू धर्म के प्रति जागरूक करने कार्यक्रम किए जायेंगे।

शाह की बैठक में ननकी को नहीं मिली एंट्री

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और छत्तीसगढ़ बीजेपी के चुनाव प्रभारी मनसुख मंडाविया की प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर डूमरतराई में प्रदेश के बीजेपी नेताओं की हाई लेवल बैठक में प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, डॉ. रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, बीजेपी महामंत्री ओपी चौधरी, केदार गुप्ता मौजूद थे। दूसरी ओर खबर है कि छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर को बीजेपी कार्यालय परिसर में एंट्री नहीं दी गई। उनको कार्यालय के अंदर घुसने तक नहीं दिया गया। उन्हें मुख्य गेट पर ही रोक दिया गया, इस वजह से वो वापस खाली हाथ लौट गए। बताया जाता है कि पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर बैठक में शामिल होने रायपुर आए थे, लेकिन उनको बीजेपी मुख्यालय के बाहर ही गेट पर रोक दिया गया। पूर्व गृहमंत्री कंवर को बीजेपी कार्यालय में एंट्री नहीं मिलने पर प्रदेश के सियासी गलियारे में तरह-तरह की बातें हो रही हैं। वीडियो में साफतौर पर देखा जा सकता है कि कंवर वापस जाते दिख रहे हैं। इसे लेकर कांग्रेस नेता बीजेपी पर तंज कस रहे हैं।

बैठक में अन्य नेताओं को शामिल होने की अनुमति नहीं दी गई है। चर्चा है कि प्रदेश के सांसदों को विधानसभा चुनाव लड़ाया जा सकता है। वहीं कई ऐसी लोकल पार्टी जो पिछले 7 सालों में प्रदेश में अपनी अच्छी खासी जड़े जमाई है। उन्हें भी साथ लेने पर मंथन किया जा सकता है। इनमें बस्तर और सरगुजा संभाग में कई स्थानीय पार्टी है, जो वहां पर अच्छी खासी पकड़ रखती है। चुनाव में बीजेपी की नैया पार करने के लिए शाह ने प्रदेश के नेताओं को होमवर्क दिया है। सूत्रों के अनुसार, रायपुर दौरे से रवाना होने से पहले शाह ने प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन को एक प्रारूप पर काम करने के लिए कहा है। इसके आधार पर हर विधानसभा की जानकारी जुटानी है। इसके बाद शाह दोबारा चर्चा करेंगे।

कांग्रेस के प्रशिक्षण कार्यक्रम पर चंद्राकर का तंज

रायपुर/नवप्रदेश। जैसे -जैसे चुनाव नजदीक आ रहे रहे नेताओं के बयानबाजी में कटाक्ष की झलक साफ दिखाई देने लगी है। हाल ही में कांग्रेस के प्रशिक्षण पर पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने चुटकी ली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता से दूर हो चुके हैं। वो पूरी तरह से ट्रेंड हैं, पूरा रेत का धंधा उन्हीं के पास है, दारू का धंधा उन्हीं के पास है। दादागिरी उन्हीं के पास है, अवैध कब्जा उन्हीं के पास है। जुआ मंत्री खिलवा रहे हैं। नक्सलियों से मंत्री मिले है और किसको ट्रेनिंग देंगे? क्या ट्रेनिंग देंगे? सब तरह से तो ट्रेंड है।

हाईकमान का भूपेश पर विश्वास, फिर बनेंगे सीएम : टीएस सिंहदेव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इसे लेकर कांग्रेस-बीजेपी रणनीति तैयार करने में जुट गई हैं. वहीं, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामूहिक नेतृत्व में लड़ेगी। अगर पार्टी जीतती है, तो सीएम पद के लिए बघेल के नाम पर सबसे पहले विचार किया जाएगा। एजेंसी के मुताबिक सिंहदेव ने कहा कि अगर किसी मौजूदा मुख्यमंत्री को नहीं हटाया गया है, तो इसका मतलब ये है कि पार्टी उस व्यक्ति में अपना विश्वास बनाए रखती है, जो टीम को जीत दिलाने में सक्षम है और जीत के बाद कमान क्यों बदला जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस को 90 सदस्यीय विधानसभा में शानदार जनादेश मिलेगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अनुमान लगा रहे हैं कि कांग्रेस को 75 से ज्यादा सीटें मिलेंगी. लेकिन मेरा अनुमान है कि कांग्रेस के खाते में 60 से 75 सीटें आएंगी। बता दें कि 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 68 सीटें जीती थीं। यह पूछे जाने पर कि क्या पिछले महीने उप मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद बघेल और उनके बीच तनाव इतिहास की बात है. इस पर सिंहदेव ने कहा कि कोई वास्तविक कड़वाहट या दुश्मनी नहीं थी, हम (बघेल और वह) साथ मिलकर काम कर रहे थे। ढाई-ढाई साल सीएम बनाए जाने का मुद्दा था. मुझे लगता है कि यह हमारे दिमाग के साथ-साथ हम दोनों से जुड़े सभी लोगों के दिमाग पर असर कर रहा था. हालांकि अब वह समय बीत चुका है। यहां तक कि जब उन मामलों पर चर्चा हो रही थी, तब भी हम अपनी क्षमता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे थे। जब टीएस सिंहदेव से पूछा गया कि ढाई साल के लिए उन्हें सीएम न बनाए जाने पर क्या विश्वासघात की भावना महसूस हुई। इस पर उन्होंने कहा कि मैं इसे विश्वासघात के रूप में नहीं देखता हूं. मैं इसे एक निर्णय के रूप में देखता हूं, जो कि आलाकमान लेता है, यह उनका फैसला है। मैं मुख्यमंत्री नहीं बन सकता। आलाकमान फीडबैक के आधार पर हम सभी को भूमिकाएं सौंपता है। सिंहदेव ने कहा कि कोई विश्वासघात नहीं है क्योंकि यह आलाकमान का फैसला है और हम उसका पालन करते हैं।

मणिपुर में निर्वस्त्र परेड पर कांति नाग ने केंद्र सरकार को घेरा

■ लोकतंत्र को भिड़तंत्र में बदल दिया गया

■ पीएम 38 दलों के साथ बैठक कर सकते है मणिपुर नहीं जा सकते : कांति

अंतागढ़/नवप्रदेश। अखिल भारतीय गोंडवाना समाज की राष्ट्रीय महासचिव और कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री कांति देवी नाग ने मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराए जाने की वीभत्स घटना से जुड़ा वीडियो सामने आने के बाद शनिवार को तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने लोकतंत्र को 'भीड़तंत्र' में बदल दिया है। कांति नाग ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की और यह भी कहा कि संसद के इस मानसून सत्र में विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस' (इंडिया) मणिपुर के विषय पर सरकार से जवाब मांगेगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को खुद इसका जवाब देना चाहिए। मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराने का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर आया। अधिकारियों ने बताया कि यह वीडियो चार मई का है।

प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार में व्यस्त नाग ने दावा किया कि मणिपुर को लेकर 80 दिनों तक प्रधानमंत्री मोदी ने जो 'चुप्पी साध रखी थी' उसे देश कभी माफ नहीं करेगा। कांति ने अंतागढ़ के स्थानीय पत्रकारों से कहा, ''मोदी जी के पास 38 दलों की बैठक बुलाने का समय है, लेकिन क्या मणिपुर जाने का समय नहीं है? राहुल गांधी सीमित साधन रहते हुए भी वहां गए और लोगों से बात की। लेकिन प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार में व्यस्त थे। उन्होंने कहा, 'सरकार को सदन में मणिपुर के मामले पर चर्चा कराना चाहिए।' उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार में लोकतंत्र को 'भीड़तंत्र' में तब्दील कर दिया गया है। इससे पहले, कांति नाग ने फेसबुक पोस्ट किया मणिपुर में मानवता खत्म हो गई। मोदी सरकार और भाजपा ने राज्य के नाजुक सामाजिक ताने-बाने को नष्ट करके लोकतंत्र और कानून के शासन को भीड़तंत्र में बदल दिया है।

भारत आपकी चुप्पी को कभी माफ नहीं करेगी

कांति ने कहा, नरेन्द्र मोदी जी, भारत आपकी चुप्पी को कभी माफ नहीं करेगा। यदि आपकी सरकार में ज़रा भी विवेक या शर्म बची है, तो आपको संसद में मणिपुर के बारे में बोलना चाहिए और केंद्र एवं राज्य दोनों में अपनी दोहरी अक्षमता के लिए दूसरों को दोष दिए बिना देश को बताना चाहिए कि क्या हुआ। आपने अपनी संवैधानिक ज़िम्मेदारी त्याग दी है।'' कांति ने कहा, 'संकट की इस घड़ी में हमारा समाज और हमारी पार्टी मणिपुर के लोगों के साथ खड़े हैं।'

केंद्रीय मंत्री को भी लिया आड़े हाथों

नाग ने दावा किया कि मणिपुर में इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध के कारण शेष भारत को इस बात का जरा भी अंदाज़ा नहीं था कि मणिपुर में इतनी भयानक घटना घटी। कांग्रेस नेत्री ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी पर कटाक्ष करते हुए कहा, यह बिल्कुल अक्षम्य है कि महिला एवं बाल विकास मंत्री ने मणिपुर के मुख्यमंत्री से बात करने या बयान जारी करने के लिए 80 दिनों तक इंतजार किया।उन्होंने सवाल किया, क्या केंद्र सरकार, गृह मंत्री या प्रधानमंत्री को इस घटना की जानकारी नहीं थी? मोदी सरकार, सब कुछ ठीक है जैसी बातें करना कब बंद करेगी? मणिपुर के मुख्यमंत्री को कब बदला जाएगा ? ऐसी और कितनी घटनाओं को दबाया गया है?

पूर्व विधायक महेश गागड़ा की भ्रष्टाचार में है महारत : वेणुगोपाल राव

■ भाजपा का प्रदर्शन फ़्लॉप-शो, झूठ और मनगढ़त प्रचार करने में माहिर

बीजापुर/नवप्रदेश। बीते शुक्रवार को बीजापुर में भाजपा के धरना प्रदर्शन पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के सदस्य व सांसद प्रतिनिधि आर. वेणुगोपाल राव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा का प्रदर्शन पूरी तरह फ़्लॉप-शो रहा, उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदर्शन से यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा और पूर्व विधायक महेश गागड़ा हताश, निराश और परेशान है आज भाजपा क्या करे और क्या न करें- की स्थिति में है। आर. वेणुगोपाल राव ने अपने विज्ञप्ति में आगे कहा कि भाजपा और भाजपा नेताओं के साथ पूर्व विधायक महेश गागड़ा खुद ही पंद्रह वर्षों तक लगातार भ्रष्टाचार में डूबे हुए थे आज भी केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त है। भ्रष्टाचार में भाजपा और भाजपा नेताओं की मास्टरी है। भाजपा और पूर्व विधायक महेश गागड़ा के भ्रष्टाचार जगज़ाहिर है। भाजपा नेताओं के साथ पूर्व विधायक महेश गागड़ा के पंद्रह वर्षों के भ्रष्टाचार को बीजापुर की जानता अभी भूली नहीं है इनके भ्रष्टाचार को अच्छी तरह समझती है। आर. वेणुगोपाल राव ने कहा कि भाजपा और पूर्व विधायक महेश गागड़ा झूठ और मनगढ़ंत कहानियाँ गढ़ कर झूठी प्रचार करने में माहिर है उनके बयान झूठ की बुनियाद पर टिकी होती है ताकि वे मीडिया में बने रहे। जबकि सच्चाई यह है कि जब से प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से प्रदेश का किसान, युवा, छोटे व्यापारी, महिला, आदिवासी सहित हर वर्ग खुशहाल है। बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी के कुशल एवं प्रभावशाली नेतृत्व से बीजापुर ज़िला 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' की तर्ज़ पर लगातार विकास कर रहा है जहां प्रत्येक समाज और प्रत्येक वर्ग खुशहाल है। आने वाले विधानसभा चुनावों में इसका लाभ सीधे कांग्रेस पार्टी को मिलेगा और कांग्रेस पार्टी एक बार फ़िर प्रचंड मतों के साथ जीत हासिल करेगी।

■ न्यूज गैलरी

घरेलू विवाद को लेकर महिला से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। घरेलू विवाद को लेकर पति व सास ने महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया अंजना दास 27 वर्ष गुरूमुख सिंह नगर राजेन्द्र नगर की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी पति गोपाल दास और सास उमा ने प्रार्थिया को घर का पैसा क्यों निकालती हो कहते हुए गाली-गलौज कर बर्तन से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम पी रहे थे शराब, सात गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने महाराजबंद तालाब के पास शराब पीते आरोपी सूर्यप्रकाश सोनवानी 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार टिकरापारा पुलिस ने आरोपी भूपेंद्र सिंह ठाकुर 43 वर्ष व लखन आदित्य 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी राहुल बैरिसाल 27 वर्ष, शेषधर चतुर्वेदी 25 वर्ष व संजय सिन्हा 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी विनोद कुमार धीवर 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अवैध शराब की तस्करी, दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। खरोरा पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करते दो दोपहिया वाहन में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 96 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर मोपेड सवार आरोपी यूगल किशोर भारद्वाज 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 48 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने बाइक सवार आरोपी भावेश जायसवाल 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से भी 48 पाव देशी शराब जब्त किया है। कुल जब्त शराब की कीमत करीब 10560 रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

दीपका खदान में हादसा, डंपर ऑपरेटर घायल

कोरबा/नवप्रदेश। दीपका खदान क्षेत्र में कार्य कर रहे एक डंपर में कोई तकनीकी खराबी आ गई। उसमें से अचानक धुआं उठने लगा। कहीं अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार न हो जाए, इस डर से उसे ऑपरेट कर रहा डंपर ऑपरेटर नीचे कूद गया। अपनी जान बचाने के लिए उसका यह फेरी कदम काफी घातक था, जिससे उसे गंभीर चोटे आई हैं। घायल अवस्था में उसे नेहरू शताब्दि अस्पताल लाया गया, जहां उसकी गंभीर दशा को देखते हुए ऑपरेटर को बिलासपुर अपोलो रेफर कर दिया गया है। दूसरी ओर इस घटना के कारणों की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात यह घटना एसईसीएल दीपका विस्तार परियोजना के खदान एरिया की है। अपनी रात्रि की पाली में ड्यूटी पर पहुंचे ऑपरेटर घनश्याम कश्यप यह डंपर नंबर 101 ऑपरेट कर रहा था। भोर में सुबह करीब 4.30 बजे डंपर में कोई तकनीकी खराबी सामने आई। उसके मशीन से कुछ धूंआ उठता दिखाई दिया। इससे पहले की डंपर से उसका नियंत्रण खो जाता, उसे अपनी जान बचाकर डंपर ऑपरेटर डंपर से कूद जाना ही समझदारी लगी। यूं अचानक डंपर से कूदने के कारण ऑपरेटर के शरीर में कई जगह पर चोटे आई है। घटना की जानकारी मिलने पर अन्य कर्मियों की मदद से बुरी तरह से घायल हुए घनश्याम को एसईसीएल के विभागीय अस्पताल नेहरू शताब्दी हॉस्पिटल गेवरा में जांच के लिए भर्ती कराया गया। अस्पताल में परीक्षण के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। यह घटना क्यों हुई अथवा किन परिस्थितियों में हुई, इसकी विस्तृत जानकारी जांच के उपरांत ही मिल सकेगी।

कई टुकड़ों में मिली अज्ञात युवक की लाश

जशपुर/नवप्रदेश। जिले के अंतर्गत आने वाले छुरी जलप्रपात के निकट प्लास्टिक की बोरियों में कई टुकड़ों में एक सड़ी-गली लाश मिलने के बाद से पुलिस के कान खड़े हो गए हैं। लाश करीब एक माह पुरानी बताई जा रही है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि छुरी जलप्रपात के पास प्लास्टिक बोरियों में एक सड़ी-गली लाश मिली है। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद करते हुए मामला दर्ज कर लिया है। प्राथमिक जांच में पता चल रहा है कि मृतक रामचंद निवासी झारगांव-बरटोली नारायणपुर थाना है। बताया जा रहा है कि 20 जून को सोनक्यारी थाना में युवक की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। युवक की लाश युवक की कई टुकड़ों में प्लास्टिक बोरी में मिलने से मामले ने नया मोड़ ले लिया है। पुलिस के अनुसार, छुरी जलप्रपात नारायणपुर थाना क्षेत्र का है, लेकिन गुम होने की शिकायत सोनक्यारी थाने में दर्ज है।

तकनीकी खराबी से फ्लाइट नहीं भर पाई उड़ान

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर से इंदौर के लिए रवाना होने वाली इंडिगो की फ्लाइट तकनीकी खराबी के कारण टेक ऑफ नहीं कर पाई। करीब एक घंटे के मशक्कत के बाद भी जब इंजीनियरों की टीम खराबी दूर नहीं कर पाई, तब कहीं जाकर यात्रियों को विमान से बाहर उतारा गया। इस दौरान यात्री हलाकान होते रहे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक रायपुर से इंदौर जाने वाली फ्लाइट उड़ान के लिए तैयार थी, लेकिन टेक ऑफ के ठीक पहले फ्लाइट कैप्टन और विमान चालक के दलों को विमान में आई तकनीकी गड़बड़ी का पता चल गया। उन्होंने तत्काल एटीसी को इसकी जानकारी दी। इसके बाद एटीसी ने उन्हें उड़ान की अनुमति नहीं दी। फ्लाइट को रन-वे से वापस टैक्सी करते हुए तत्काल तकनीशियनों को बुलाया गया और तकनीकी खराबी दूर करने का प्रयास किया गया। लेकिन करीब एक घंटे बाद भी तकनीकी दिक्कतों को दूर नहीं किया जा सका।

आज शिव भक्तों को नि:शुल्क रूद्राक्ष वितरण

गरियाबंद/नवप्रदेश। गौरी शंकर मंदिर समिति की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवती अमावस्या हरेली के पावन वर्ष पर सिध्द किये हुए रूद्राक्ष को शिवजी के प्रसाद के रूप में श्रावण के अधिक मास के प्रथम सोमवार 24 जुलाई को शिवभक्तो को निःशुल्क वितरण किया जावेगा श्रावण मास में इस वर्ष अधिक मास पड़ने से शिव जी की आराधना का अनन्त गुना फल प्राप्त होता है जिसका लाभ शिव भक्तो को मिलेगा दोपहर 12 बजे से गौरीशंकर मंदिर सिविल लाइन गरियाबंद में एक बार पुनः भक्तजनो की भीड़ लगेगी इसके पूर्व शिवरात्रि के पावन पर्व पर भी प्रसाद के रूप में रूद्राक्ष एवं भभूति का निःशुल्क वितरण किया गया था शिवभक्तो को पुनः प्रसाद के रूप मे रूद्राक्ष प्राप्त करने को इंतजार था इस समय की श्रावण मास मे मंदिर में द्वादश ज्योर्तिलिंग गौरीशंकर शिव परिवार को जल चढ़ाने और शिव जी को प्रसन्न करने के लिए अपने-अपने तरह से पूजा पाठ के लिए लाईन लगी रहती है ।

शिव युग आ गया - सौरभ

मंदिर समिति के सदस्य सौरभ शिवानंद देवांगन ने कहा यह मंदिर अपने आपमे क्षेत्र का अनोखा मंदिर है जहां भगवान भोलेनाथ सहपरिवार द्वादश ज्योर्तिलिंग के रूप मे विराजमान है स्थापित शिवलिंग अर्धनारेश्वर स्वरूप में है साथ ही माता महागौरी विराजमान है इसलिए भगवान भोलेनाथ सहपरिवार विराजित होने से वहा पूजा का विशेष महत्व है जिससे भक्तगण प्रभावित रहते है इस मंदिर में शिव जी की आराधना के रूप में प्रतिमाह अमावस्या एवं पूर्णिमा के अवसर पर नियमानुसार विशेष अभिषेक एवं हवन होता है। और भगवान की श्रृंगार के पश्चात् मंदिर का दृश्य ही बदल जाता है और स्कूल मे पड़ने वाले छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाने से पहले भोलेनाथ मे जल चढ़ाने आते है उस समय दृश्य बच्चो की भावना से मानो लगता है कि शिवभक्ति का युग आ गया है।

गांजा तस्कर पर जीपीएम पुलिस का सर्जिकल स्ट्राइक

■ **125 किलो गांजा कीमत 10,00,000 सहित पिकअप कीमती 7,00,00 कुल कीमती 17,00,000 जप्त**

गौरेला/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के निर्देशन में जीपीएम पुलिस नशे के कारोबारियो के विरुद्ध लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी तारतम्य में थाना पेंड्रा में 125 किलोग्राम अवैध मादक द्रव्य की तस्करी करते हुए अंतरराज्जीय गिरोह के एक सदस्य को पकड़ा गया है।

थाना पेंड्रा और साइबर सेल की टीम के द्वारा नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी उसी दौरान कारिआम की तरफ से आ रही उक्त कार व पिकअप को चेक करने रोकने का प्रयास किया गया जो एक्सयूवी कार का चालक तेज गति से चला कर भाग गया। पिकअप का चालक भी तेजी से भाग रहा था जो लाटा के पास पलट गई जो वाहन चालक भी जंगल तरफ भाग गया एक व्यक्ति पकड़ाया जो अपना नाम विक्रम सिंह बताया जो पूछताछ करने और बताया कि पिकअप चालक विजय सिंह और ×ह्व1300 कार चालक इंद्रपाल तथा उसका साथी भूरा व अन्य तीन व्यक्ति थे जो उड़ीसा से गांजा लेकर राजेंद्र ग्राम जा रहे थे। जो भाग गए। पिकअप से कुल 125 किलो मादक द्रव्य गांजा बरामद किया गया नारकोटिक्स एक्ट के तहत की जाने वाली कार्यवाही का पालन करते हुए विधिवत कार्यवाही कर पिकअप को जप्त कर आरोपी 1 विक्रम सिंह परस्ते उर्फ भीमा सिंह परस्ते पिता विजय सिंह परस्ते उम्र 28 साल निवासी देवराहा टोला पिपरहा थाना राजेंद्र ग्राम जिला अनूपपुर (मध्य प्रदेश) को थाना पेंड्रा के अपराध क्रमांक 267/23 धारा 20 B एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। शेष आरोपियों की पतासाजी कर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

उक्त कार्यवाही में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक अनिल अग्रवाल, थाना प्रभारी पेंड्रा श्री धर्म नारायण तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक चंदन सिंह, सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह, सहायक उपनिरीक्षक मनोज हनोतिया, प्रधान आरक्षक अरुण तिर्की, आरक्षक रवि त्रिपाठी, राम लाल खुराना, सुरेंद्र विश्वकर्मा, राजेश शर्मा, महेंद्र परस्ते, चौपाल कश्यप, आशीष चंद्रनाहू, पवन कुमार की मुख्य भूमिका रही।

वन अपराधियों पर लगातार कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। वन मंत्री मोहम्मद अकबर की पहल पर वन अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व गरियाबंद के एंटी पोचिंग टीम के द्वारा दो साल खपरी तस्करों पर कार्रवाई की गई है। उल्लेखनीय है कि सुधीर अग्रवाल प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) रायपुर छत्तीसगढ़, के मैथियो मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं क्षेत्र संचालक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर एवं श्री वरुण जैन, उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद के कुशल मार्गदर्शन में पी.ओ.आर. प्रकरण में फरार आरोपी शिशुपाल, एवं सीताराम की पतासाजी करने उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व गरियाबंद के एंटी पोचिंग टीम के द्वारा 19जुलाई को उड़ीसा के सीमावर्ती क्षेत्र में लगे हुए उड़ीसा प्रांत के नवरंगपुर जिला में गये हुए थे, उसी दरम्यान सूचना प्राप्त हुआ कि उड़ीसा राज्य के दो अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा ग्राम बिरीघाट में साल खपरी तस्करी करते हुए पाया गया।

गौरतलब है कि एन्टी पोचिंग टीम के द्वारा उक्त स्थल पर पंहुचने पर अज्ञात व्यक्ति मौके पर साल खपरी 1.200 कि.ग्रा. को छोडकर फरार हो गये। चूंकि घटना छत्तीसगढ़ राज्य में हुआ है। जिसकी खोजबीन के दौरान 20जुलाई को ग्राम राजकोट के पास लालधर पिता हरिसिंग, जाति गाड़ा, उम्र 39 वर्ष और टीकम पिता नीलधर, जाति गाड़ा, उम्र 29 वर्ष, ग्राम राजकोट, थाना चंदाहांडी, जिला नवरंगपुर (उड़ीसा) को संदेह के आधार पर पुछताछ की और अग्रिम कार्यवाही हेतु वन परिक्षेत्र इंदागांव (धुरवागुड़ी) बफर कार्यालय में लाया गया।

विधायक के आश्रित ग्राम के किसान व भाजपाई करेंगे नेशनल हाइवे का चक्काजाम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विदित हो की क्षेत्र के ग्राम भर्रीटोला अ, भर्रीटोला ब व किडकाड़ी के लगभग 450 किसानों के लगभग 1 करोड़ रुपए की बीमा लाभ की राशि अटकी हुई है, इसके पीछे एनआईसी में उपरोक्त ग्रामों के किसानों के गलत मैपिंग होने की वजह से बीमा पोर्टल में किसानों द्वारा वर्ष 2022-.23 में कराए गये बीमा की रिकॉर्ड बीमा कंपनी के ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज नहीं हो पा रही है। उपरोक्त ग्राम के किसान इस त्रुटी को सुधरवाने हेतु पिछ्ले 9 माह से क्षेत्रीय विधायक छन्नी साहू से आवेदन व निवेदन करने के बाद भी किसानों की मदद नहीं करना किसान विरोधी होना को दर्शाता है। पद में नहीं आने के पूर्व इन्हीं लोगों के द्वारा छोटे-छोटे मुद्दों को लेकर सड़क की लड़ाई लड़ने वाली विधायक भी इन किसानों पीड़ा भुल गई है। लगातार किसान अपनी पीड़ा को लेकर जिला प्रशासन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकत भी असफल रहा। पीड़ित किसानों ने अंततः भारतीय जनता पार्टी मंडल छुरिया के सभी वरिष्ठजनों से मुलाकत कर दिनांक 24 जुलाई को नेशनल हाईवे चक्काजाम में समर्थन देने की अपील किसानों ने की है। किसानों की पीड़ा को समझते हुए भाजपा मंडल छुरिया के वरिष्ठ नेता चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र वैष्णव, जिला महामंत्री, एमडी ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष, जगजीत सिंह भाटिया, संजय सिन्हा, शेखर भरतद्वाज, कांता साहू ने किसानों के हित में उक्त चक्काजाम को अपने समस्त कार्यकर्ताओं सहित समर्थन देने की बात कही है। हेतराम साहू, प्रिंस भाटिया, छब्बी लाल यादव, नकुल साहू, नवल चंद्रवंशी, पतराम साहू, बुधारू राम, गोविंद चंद्रवंशी, गोविंद, रामचरण, लिलार, बोधुराम, खिलावन, दिनेश, राजाराम, जगदेव, शिव कुमार, हितेश्वर, पप्पू लाडेकर उपस्थित थे।

विद्यार्थी को अच्छा नागरिक बनाने शिक्षकों को प्रशिक्षण

■ **आदर्श नागरिक बनाने की दिशा में अच्छी पहल : चन्द्राकर**

कवर्धा/नवप्रदेश। भारतीय सामाजिक संस्थान नई दिल्ली के सहयोग से शांति सद्भावना मंच छत्तीसगढ़ के द्वारा 21 जुलाई 2023, स्थान पंडरिया, जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ में सम्मानीय पास्कल तिर्की राष्ट्रीय समन्वयक निर्देशानुसार एवं सम्मानीय मोईन जाफर हुसैन राज्य समन्वयक के नेतृत्व में एक दिवस शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूआर चन्द्राकर सहायक संचालक शिक्षा विभाग, विशिष्ट अतिथि बीएन बनर्जी विकास खंड शिक्षा अधिकारी, राज्य समन्वयक एम जाफर हुसैन, जोन समन्वयक एवं आस्था समिति के अध्यक्ष श्री दौलत राम कश्यप की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया । मुख्य अतिथि यूआर चन्द्राकर सहायक संचालक शिक्षा विभाग ने कहाँ कि बाल मंच को नैतिक शिक्षा, अच्छे नागरिक, भारत के सविधान - प्रस्तावना, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य सिखाया जा रहा हैं सभी को शिक्षकों को शुभकामनाएं एवं प्रेरित किया गया । विशिष्ट अतिथि बीएन बनर्जी विकास खंड शिक्षा अधिकारी के कहाँ कि बाल मंच के साथ विद्यालय में शांति सद्भावना मंच के द्वारा अलग-अलग गतिविधि किया जाता है, शांति सद्भावना मंच के कार्य को सराहा गया, शिक्षको से बाल मंच को प्रेरित करने को कहा गया। मोईन जाफर हुसैन राज्य समन्वयक एवं श्री दौलत राम कश्यप अध्यक्ष, आस्था समिति एवं जोन समन्वयक के द्वारा शिक्षकों के प्रशिक्षण में आगे कार्य करने के लिए कार्ययोजना एवं रणनीति तैयार किया गया, जिसमें बाल मंच का बैठक, विषय, गतिविधि, प्रशिक्षण एवं बच्चों को एक्सपोजर के संबंध तैयार किया किया गया।

सोंढूर-मेचका रोड बदहाल : चलना दूभर, गाड़ियां बंद

■ **स्कूल के लिए बस पकड़ने बच्चे पैदल मेन रोड तक चलने मजबूर**

नगरी/नवप्रदेश। सोदूर बांध और मेचका सड़क की हालक खराब हो चुकी है। महीनों से ग्रामीण सड़क मरम्मत की मांग करते रहे हैं, लेकिन इसके लिए अभी तक शासन-प्रशासन ने कोई पहल नहीं की है। इधर बारिश के मौसम में मार्ग में पड़ने वाला एक पुल भी दह गया, जिससे ग्रामीणों की परेशानी और ज्यादा बढ़ गई है। गाडियों का आना जाना बंद हो गया है।मेचका थाना से सोंदर बांध की दूरी 3 किमी है। सड़क तो हर जगह से खस्ताहाल हो गई है और अब पुल के टूटने से बड़े वाहनों की मेचका तक की आवाजाही बंद हो गई है। गांव के छात्र-छात्रा मिडिल और हाई स्कूल पढ़ने के लिए सांकरा तुमड़ीबाहरा जाते हैं, जिसके लिए गांव में ही बस लेते हैं। मेचका रोड बदहाल, गाड़ियां बंद स्कूल के लिए बस पकड़ने बच्चे पैदल मेन रोड तक चलने मजबूर स्कूल के बच्चों को पढ़ने के लिए दूसरे गांव जाना पड़ता है, साथ ही लोगों को भी हो रही परेशानी जिसके कारण छात्रों को 3 किमी का सफर पैदल करना पड़ रहा है और मेन रोड से बस बैठ रहे हैं

इस संबंध में ग्राम मेचका की सरपंच विमला ध्रुव ने बताया कि पंचायत की ओर से हम कई बार सड़क निर्माण को लेकर विभाग को अवगत कराया गया है मगर सड़क निर्माण, कोई सुन नहीं रहा हैं कि खस्ताहाल सड़क के निर्माण के लिए विधायक से लेकर प्रशासन के अधिकारियों तक कई बार मांग कर चुके हैं। हर बार आश्वासन जल विवाद हुआ था, तब सड़क पर मिट्टी डाल दी गई थी, जिससे सड़क में और कीचड़ पसर गया। लेकिन पहल गई है। अब लोग सड़क पर गिर रहे हैं।

इस मामले में जल संसाधन विभाग, सोंढूर के एसडीओ आरके पाठक ने कहा कि बरसात के मेंटेनेंस का कार्य जल्द ही किया जाएगा। वहीं नए निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया है, जिसकी स्वीकृति के बाद जल्दी से जल्दी निर्माण कराया दिया जायेगा

बाबाधाम के लिए 80 कांवरियों का जत्था रवाना

■ **कावरिया संघ का शानदार 6वां वर्ष का आयोजन**

खरसिया/नवप्रदेश। हिन्दू धर्म के सबसे पवित्र सावन महीने में धर्म व कुबेर की नगरी खरसिया से हज्जरों की संख्या में भक्त भोलेनाथ को प्रसन्न कर मनवांछित फल प्राप्त करने के लिए बाबाधाम की कावड़ यात्रा पर जाते है। इसी तारतम्य में खरसिया नगर के हृदय स्थल पर स्तिथ पुरानी हटरी के भक्तों ने भी अपना एक समूह बनाया हुआ है जो पिछ्ले 5 वर्षो से भोलेनाथ का जयघोष करते हुए कावड़ चढ़ाते आये है और इस वर्ष भी 80 भक्तों की टोली जय बाबा कावड़िया संघ के बैनर तले (6वा वर्ष) 23 जुलाई को साउथ बिहार एक्सप्रेस से बाबाधाम (देवघर) के लिए रवाना हुए है।

9 दिनों की है यात्रा : विक्की शर्मा

पुरानी हटरी स्तिथ श्री हनुमान मंदिर के पुजारी व जय बाबा कावड़िया संघ के सदस्य विक्की शर्मा ने अपनी बाबाधाम की यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष जय बाबा कावड़िया संघ के बैनर तले 80 कावड़ियों का जत्था 23 जुलाई को दक्षिण बिहार एक्सप्रेस से रवाना हुआ है जो सुल्तानगंज से जल लेकर पैदल 111 किलोमीटर की यात्रा करते हुए बाबा बैजनाथ के धाम देवघर पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन करेंगे और 31 जुलाई को दक्षिण बिहार एक्सप्रेस से वापसी तय की गयी है। इस तरह से यह यात्रा कुल मिलाकर 9 दिनों की रहेगी। भगवान शिव के दर्शन करने के लिए सभी शिव भक्तों में उत्साह है और हम सब बड़े हर्षोल्लास के साथ भगवान शिव के दर्शन करने के लिए जा रहे है।

बता दें द्धक देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में कांवड़ियों की भीड़ उमड़ने लगी है। देश के विभिन्न राज्यों से करोड़ो की संख्या में श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक के लिए पहुंच रहे है। खरसिया शहर से भी हर साल हजारों कांवरियों का जत्था बाबा बैजनाथ के लिए सावन के महीने में ट्रेन के माध्यम से रवाना होता है इस दौरान स्टेशन परिसर में बोल बम के नारों की गूंज रहती है। वही बाबा बैजनाथ जाने वाले कांवरियों के चेहरों में खुशी देखते ही बनती है। कोई भक्त अपने घर से डीजे बैंड बाजों के साथ स्टेशन तक आता है तो कोई नाचते गाते अपने परिवार के साथ स्टेशन तक बाबा बैजनाथ जाने के लिए पहुंचते हैं।